राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 05 मई 2026
वर्ष 07, अंक 209, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बस्ती जिले मेंआईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल पर लग रहे हैं फर्जी रिपोट....02

डरा धमका कर लोगों के प्रपत्रों का फर्जी इस्तेमाल...11

## ढेर हुए धुरंधर, चमक उठी 2 साल पुरानी पार्टी... एक्टर विजय की पार्टी की जय-जय?

- तमिलनाडु के रण में कैसे हुई एक्टर विजय की पार्टी की जय-जय?

अभिनेता विजय की महज दो साल पुरानी पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु की दशकों पुरानी डीएमके-एआईएडीएमके राजनीति को चुनौती दी है

विजय ने अपनी सिनेमाई लोकप्रियता को वोटों में बदलकर 100 से अधिक सीटों पर बढ़त बनाई



महज दो साल पुरानी पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु की 50 साल से ज्यादा समय से चली आ रही दो धुर्वो में बंटी राजनीति को हिला कर रख दिया. तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को हुई मतगणना में अभिनेता से नेता बने विजय ने 100 से ज्यादा सीटों पर बढत बना रखी है. नतीजें बताते हैं कि फिल्म सुपरस्टार विजय अपनी सिनेमाई लोकप्रियता को वोटों में बदलने में कामयाब रहे. नतीजा विजय की ऑन स्क्रीन लोकप्रिय तमिलनाडु में राजनीतिक ताकत के रूप में जनता के सामने है।

तमिलनाडु की जनता राजनीति के द्रविड़ मॉडल से ऊब गई थी. राज्य में बारी बारी से कभी डीएमके तो कभी एआईएडीमके की सरकार में तमिलनाडु की जनता बदलाव चाहती थी. उनको विजय में उम्मीद और विकल्प दिखा. खासकर राज्य के युवाओं और महिला वोटरों में विजय का जबरदस्त क्रेज था. फिल्मों की तरह असल जावन में भी विजय युवाओं को एक शांत पर पुराने पड़ चुके राजनीतिक ढर्रे को तोड़ने वाले हीरो के रूप में नजर आए।

### सिनेमाई करिश्मा बना चुनावी ताकत

विजय ने अपना प्रोजेक्शन एक ऐसे नेता के तौर पर किया जो द्रविड़ आईडेंटिटी का सम्मान तो करता है पर जाति और धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण के खिलाफ है. विजय ने राज्य के दलित और अल्पसंख्यक वोटरों के एक बड़े हिस्से को भी अपनी तरफ खींचा.

लेकिन विजय के लिए राह उतनी आसान नहीं रही. पिछले साल सितंबर में विजय की करूर रैली में 41 लोगों की मौत के बाद से अब सत्ता की दहलीज तक का सफर चुनौतियों से भरा रहा. विजय के पास दूसरे दलों जैसा कार्यकर्ताओं का संगठन नहीं था जो वोटरों को घर से निकालकर कर वोटिंग बूथ तक ले जाता है. इसके लिए विजय ने राज्य भर में फैले अपने फैन क्लब का सहारा लिया. दरअसल विजय ने राजनीति में आने से पहले अपने फैन क्लब विजय मक्कल इयक्कम को तैयार किया. चुनावों में इसी फैन क्लब ने बूथ स्तर पर काम किया और सिनेमाई करिश्मा को वोटों में बदला.

### डीएमके-एआईएडीएमके के एकाधिकार को चुनौती

तमिलनाडु में एक्ट विजय को सत्ता के नजदीक पहुंचाने में मौजूदा डीएमके सरकार की सत्ता विरोधी लहर ने भी मदद की. डीएमके की परिवारवाद की राजनीति, डीएमके नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप , कानून-व्यवस्था के मसले पर भी तमिलनाडु का जनता स्टालिन सरकार से परेशान थी।

सीएम स्टालिन के उत्तराधिकारी के तौर पर उदयनिधि स्टालिन के उभार में युवाओं को वंशवाद नजर आया. लिहाजा युवा को पूरी तरह एक्टर विजय के साथ हो लिए. उधर एआईएडीएमके भी नेतृत्व की लड़ाई से बिखरता चला गया. ईपीएस और ओपीएस की गुटबाजी और पुराने नेताओं के साथ छोड़ने के चलते जनता और एआईएडीएमके कार्यकर्ताओं को पार्टी को लेकर भरोसे का संकट दिखा. असर ये हुआ कि एआईएडीएमके के भरोसेमंद वोटर जो डीएमके के साथ नहीं जा सकते थे. उन्होने भी एक्टर विजय की पार्टी में अपना नया ठिकाना ढूढा।

### फैन क्लब, युवा और महिला वोटरों की भूमिका

विजय के शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर वादों ने पढ़ें लिखे मध्यम वर्ग को उम्मीद दी, जो डीएमके और एआईएडीएमके के फ्री वादों के कल्चर से परेशान थे। विजय ने पूरे चुनाव में कोई इंटर्व्यू नही दिया, जिससे अनावश्यक विवाद और आरोप-प्रत्यारोप की लड़ाई से बचे रहे. विजय की पार्टी का छोटे छोटे गानों, वीडियो संदेश का सोशल मीडिया और डिजिटल कैंपेन का तरीका भी शहरी और ग्रामीण वोटरों को खूब भाया. जानकार बताते है कि न्यूट्रल और फ्लोटिंग वोटरों ने भी काफी हद तक विजय को वोट किया. भाषाई विवाद और रीजनल पहचान के मुद्दे पर बीजेपी के खिलाफ डीएमके को वोट करने वाले वोटरों ने भी विजय को ही विकल्प के तौर पर देखा।

## दिग्गजों की फौज, रिकॉर्ड दौरे और धुआंधार प्रचार... बीजेपी ने बंगाल में किया 'खेला'

- पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने केंद्रीय नेतृत्व के साथ बड़ा कैंपन चलाया.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 से अधिक बार दौरा किया, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने 40 से ज्यादा कार्यक्रम किए.
- 43 में से 41 संगठनात्मक जिलों को कवर किया गया, जिसमें शीर्ष नेताओं ने रैलियों और रोड शो के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बनाई।



बीजेपी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जबरदस्त प्रदर्शन किया है. पहली बार राज्य में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है. इस जीत के कई किरदार हैं, जिसमें पीएम मोदी, अमित शाह से लेकर बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सियासी रण में जमकर पसीना बहाया.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव अभियान के दौरान 22 से अधिक बार पश्चिम बंगाल का दौरा किया. आचार संहिता लगने के बाद प्रधानमंत्री के कुल 21 कार्यक्रम आयोजित हुए. इन कार्यक्रमों से कुल 43 में से 41 संगठनात्मक जिले कवर किए गए. अधिसूचना जारी होने से पहले कोलकाता में जनसभा का आयोजन हुआ था, जिसे प्रधानमंत्री ने संबोधित किया. इसे लेकर दावा किया गया कि इसमें 5.5 लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति रही।

विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुल 19 चुनावी जनसभाएं हुई. चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने 2 रोड शो हावड़ा और कोलकाता में किए. इसके साथ ही झाड़ग्राम में प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर जाने के दौरान रास्ते में रुककर छोटी सी दुकान से झालमुड़ी खाई. कोलकाता में प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने नौका विहार भी किया।

### केंद्रीय गृह मंत्री की सभाएं

चुनाव प्रचार अभियान के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के कुल 40 कार्यक्रम आयोजित हुए. इन कार्यक्रमों के जरिए 43 में से 39 संगठनात्मक जिले कवर किए गए. कुल 57 विधानसभा कवर हुई. अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में कुल 29 जनसभाओं को संबोधित किया. प्रदेश भर में केंद्रीय गृहमंत्री ने कुल 11 रोड शो किए.

### राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभाएं

चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कुल 17 विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित हुए. राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित केंद्रीय नेताओं के कुल 128 विधानसभाओं में कार्यक्रम हुए. इसमें जेपी नड्डा (9) राजनाथ सिंह (6) शिवराज सिंह चौहान (1) अश्विनी वैष्णव (3, अर्जुन सिंह (3), बाबूलाल मरांडी (2) स्मृति ईरानी (31) अनुराग ठाकुर (4) विप्लब देब (8), हेमा मालिनी (4), मनोज तिवारी (17), कंगना रनौत (4) और रवि किशन (14) ने विधानसभाओं में जनसभा को संबोधित किया।

### विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की सभाएं

चुनाव प्रचार में बीजेपी शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की भी सभाएं और रोड शो हुए. इनमें हिमंत बिस्वा सरमा (2), योगी आदित्यनाथ (23), देवेंद्र फडणवीस (3) मोहन यादव (5), भजन लाल शर्मा (4), मोहन मांझी (2), माणिक शाह (14), रेखा गुप्ता (15) और विष्णु देव साय (4) ने विधानसभाओं में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शादी टूटने से आहत युवती ने की आत्महत्या

**कमरे में पंखे से लटका मिला शव, लड़के वालों ने शादी करने से कर दिया था इनकार**

**सुलतानपुर-** शादी टूटने से आहत युवती ने फंदे से लटककर जान दे दी। मृतका के चाचा ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर सीओ भी पहुंचे और मौका मुआयना किया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यह पूरा मामला धम्मौर थाना क्षेत्र के बनकेपुर गांव का है। गांव निवासी इम्तियाज की बेटी आसमा जूनियर स्कूल में पढ़ती थी। कुछ समय पहले उसकी शादी तय हुई थी। लेकिन किसी कारणवश लड़की पक्ष ने विवाह से इनकार कर दिया था। इसी बात से वह काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। उसकी मां और भाभी सोमवार की दोपहर में घर के दूसरे कमरे में थीं। इसी दौरान आसमा पीछे के कमरे में गई और पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने जंगले से देखा तो वह फंदे से लटकी मिली। घटना की सूचना आसमा के चाचा इफ्तिखार अहमद ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, नगर सीओ सौरभ सामंत ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### धमना रोड पर दो बाइकों की टक्कर, एक घायल,मामला दर्ज

**तालबेहट।** थाना पूराकलां क्षेत्र के धमना रोड पर दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम धमना निवासी रामसखी पत्नी बालकिशन बरार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5 बजे उनके पति बालकिशन अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह धमना रोड पर पहुंचे, सामने से आ रहे कमलेश पुत्र भन्जू रजक निवासी ग्राम पुलवारा थाना बार अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूपी 94 एस 6822 से तेज गति व लापरवाही से आए और उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बालकिशन को शरीर में कई जगह चोटें आई। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सरकारी ऑफिस से ना हटाए जाएं कोई डॉक्यूमेंट या फाइल..

» बंगाल में ममता की हार के बाद मुख्य सचिव का फरमान

» पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव मतगणना के बीच मुख्य सचिव ने सरकारी कार्यालयों से कोई भी दस्तावेज या फाइल हटाने, नष्ट करने या कॉपी करने पर सख्त रोक लगा दी है



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की सरकार के पतन के बाद राज्य के मुख्य सचिव ने फरमान जारी कर कहा कि राज्य सरकार के ऑफिस से कोई भी डॉक्यूमेंट या फाइल न तो हटाई जाए और न ही नष्ट की जाए. किसी भी फाइल से कोई जानकारी न रखी जाए. राज्य के चीफ सेक्रेटरी दुष्मंत नारीवाला ने सभी डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी और हेड को ये बातें पक्का करने को कहा है. उन्होंने इस बारे में सोमवार को वोटों की गिनती के दिन निर्देश जारी किए. वोटिंग शेड्यूल की घोषणा के बाद दुष्मंत को चीफ सेक्रेटरी बनाया गया. राज्य में सोमवार को विधानसभा चुनाव की गिनती चल रही है. शाम 7:30 बजे तक के नतीजों से पता चला कि BJP 200 से ज्यादा सीटों पर आगे है. गिनती के बीच में चीफ सेक्रेटरी ने एक निर्देश जारी किया।

### सरकारी कार्यालय से नहीं हटाए जाएं फाइल

इसमें बताया गया है कि राज्य सरकार के ऑफिस से कोई भी फाइल या डॉक्यूमेंट ना हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए. सेक्रेटरी और डिपार्टमेंट के हेड खुद भी पक्का करें कि कोई भी किसी फाइल या जानकारी को 'कॉपी' न कर सके।

आदेश में कहा गया है कि अगर ऐसा कुछ होता है, तो इसकी जिम्मेदारी उन अधिकारियों पर डाली जाएगी. यह निर्देश राज्य के सभी सरकारी विभागों के सभी सचिवों और विभागाध्यक्षों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल पुलिस के ष्ठत्र, ढ्ढत्र, सभी डिविजनल कमिश्नरों, कोलकाता पुलिस कमिश्नर और जिला मजिस्ट्रेटों को भेजा गया है।

### सत्ता परिवर्तन से पहले बड़ा आदेश

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद दुष्मंता को राज्य की तत्कालीन मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था. इस बार दुष्मंता ने निर्देश जारी किया. बता दें कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी पहली बार बहुमत का आंकड़ा पार किया है और राज्य में बीजेपी की सरकार बनते दिख रही है. ऐसे में मुख्य सचिव का फरमान काफी अहम है, क्योंकि कोई भी फाइल गड़बड़ नहीं हो या कोई फाइल नष्ट नहीं किया जाए. यह काफी अहम है।

## स्पाइसजेट को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका

» 144 करोड़ रुपये जमा करने के आदेश की समीक्षा याचिका खारिज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**नई दिल्ली।** कलानिधि मारन और कल एयरवेज के साथ चल रहे कानूनी विवाद के सिलसिले में 144 करोड़ रुपये जमा करने के पहले के आदेश की समीक्षा की स्पाइसजेट की मांग को दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को ठुकरा दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने एयरलाइन और इसके प्रमोटर अजय सिंह पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामले पर निर्णय सुनाते हुए पीठ ने कहा कि 50,000 रुपये के जुर्माने के साथ याचिका खारिज की जाती है। 19 जनवरी को हाई कोर्ट ने स्पाइसजेट और अजय सिंह को निर्देश दिया था कि वे 194 करोड़ रुपये की स्वीकार की गई देनदारी के मुकाबले छह सप्ताह के भीतर रजिस्ट्री में 144 करोड़ रुपये जमा करें।

### चार सप्ताह के लिए बढ़ाई गई थी समय सीमा

18 मार्च को जमा करने की समय सीमा चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई थी। अजय सिंह और उनकी एयरलाइन ने 18 मार्च के निर्देश पर कई आधारों पर पुनर्विचार की मांग की थी और इसमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण पैदा हुआ वित्तीय संकट का हवाला दिया गया था। इसके बजाय, स्पाइसजेट ने गुरुग्राम में एक कमर्शियल संपत्ति को सिक्योरिटी के तौर पर पेश किया और कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार उसे कुछ मदद देने को तैयार है।

### अजय सिंह के कंट्रोल वापस लेने के बाद शुरू हुआ विवाद

मारन और कल एयरवेज़ ने समीक्षा याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि वित्तीय संकट से जुड़े मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट पहले ही विचार कर चुका है और उन्हें खारिज भी कर चुका है। यह मामला स्पाइसजेट के कंट्रोलिंग शेयरहोल्डर सिंह को मालिकाना हक ट्रांसफर होने के बाद, मारन के पक्ष में वारंट जारी न किए जाने से जुड़े विवाद से जुड़ा है। यह विवाद तब शुरू हुआ था जब फरवरी 2015 में एयरलाइन में वित्तीय संकट के बीच अजय सिंह ने स्पाइसजेट का कंट्रोल वापस अपने हाथों में ले लिया था।

## गुरुग्राम में सांप के काटने से युवक की मौत, बारिश के दौरान झुग्गी में घुस गया था सांप

**गुरुग्राम।** बजघेड़ा थाना क्षेत्र के न्यू पालम विहार सेक्टर 101 में स्थित झुग्गियों में रहने वाले एक युवक की सांप के काटने से मौत हो गई। रविवार रात वर्षा के दौरान सांप झुग्गियों में घुस गया था। युवक उस दौरान सो रहा था, जब उसे दर्द हुआ तब आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान मूल रूप से दरभंगा जिले के मनी गाछी गांव के रहने वाले 28 वर्षीय जुमेराती के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह गुरुग्राम में रहकर सेक्टर 101 की एक कंपनी में हाउस कीपिंग का काम करते थे। गांव के कुछ लोग भी पास में ही रहते हैं उन्होंने बताया रविवार रात जुमेराती झुग्गियों में सो रहे थे, इसी दौरान उन्हें कुछ चुभने जैसा महसूस हुआ। जब उन्होंने उठकर देखा तब उन्हें एक सांप जाता हुआ दिखाई दिया। इस पर उन्होंने गांव के लोगों को सूचना दी। थाना पुलिस ने बताया कि शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सीएचसी प्रभारी डॉ. ड्यूटी से गायब, स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर प्रभारी डॉ. भास्कर यादव के लगातार ड्यूटी से गायब रहने से पूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर की व्यवस्था चरमरा गई है। सीएचसी गौर प्रभारी डॉ. भास्कर यादव खुद ड्यूटी से नदारद हैं तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर की स्वास्थ्य व्यवस्था की देखभाल कौन करेगा । प्रभारी के गायब रहने से सीएचसी के अंतर्गत अधिकांश आयुष्मान आरोग्य मंदिरों/उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर ताला लटक रहा है

सूत्रों के अनुसार अधीक्षक डॉ. भास्कर यादव सीएचसी पर कभी रात्रि विश्राम नहीं करते है रात्रि में अधीक्षक के न रहने से ओपीडी व इमरजेंसी सेवा भगवान भरोसे चल रही है। जब अधीक्षक ही ड्यूटी से गायब रहेंगे तो लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई कौन करेगा? डॉ. भास्कर यादव की मनमानी से सीएचसी गौर की स्थिति बदहाल हो गई है और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

प्रभारी डा0भास्कर यादव स्वयं ड्यूटी से गायब होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर की दयनीय स्थिति को सुधारने में




पूरी तरह फेल हैं और अधिकांश कर्मचारी मनचाहा ड्यूटी कर रहे हैं एवं ड्यूटी के दौरान कमरे में आराम फरमा रहे हैं। आखिर कब? स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदार कुंभकर्णी निंयर से जगेंगे और कैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर की अव्यवस्था दूर होगी? जिसको लेकर पूरे जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। मीडिया टीम ने कई महीनो से लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर का पड़ताल किया लेकिन कभी भी सीएचसी प्रभारी डा0 भास्कर यादव के कमरे का ताला खुला नहीं मिला अर्थात हमेशा प्रभारी के कमरे में ताला लटकता रहता है। उक्त प्रकरण फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो प्रभारी ने मीडिया के फोन को रिसीव नहीं किया और न ही बाद में एक ही बार कॉल बैक किया।

## सिद्धार्थनगर में आकाशीय बिजली गिरने से 3 की मौत, दो घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिले में सोमवार को अचानक तेज आई आंधी-पानी के दौरान गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से खेसरहा व मिश्रौलिया क्षेत्र में एक-एक लोगों की मौत हो गई। वहीं जोगिया कोतवाली क्षेत्र में भी एक की मौत हुई है। जबकि अलग- अलग स्थानों पर दो लोग घायल हुए हैं। आकाशीय बिजली गिरने से मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खेसरहा थाना क्षेत्र के केसवार गांव निवासी चंद्रिका (50) पुत्र सुंदर की सोमवार दोपहर अपने खेत में गए थे। मौसम खराब होने के कारण घर आ गए। घर के बाहर नाली जाम थी पानी नहीं बह रहा था। उसी को वो साफ कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी।

चंद्रिका उसकी चपेट में आ गए। वहीं परिजन उन्हें सीएचसी खेसरहा ले गए जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चांदेगडिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बेचन (42) पुत्र स्व. रामदास की मौत हो गई। बेचन चांदेगडिया गांव के बाहर सड़क पर एक व्यक्ति के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से पैदल ही निकला थे। अभी वह गांव से कुछ ही दूर स्थित पुलिया के पास पहुंचा ही था कि आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिवार कोहराम मच गया।

जोगिया कोतवाली क्षेत्र के सूपा चौराहे पर गैस एजेंसी के पास एक दर्दनाक हादसे में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सूपा बक्शी निवासी जितेन्द्र (32 )पुत्र सतीराम पैदल अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज हवा के चलते सड़क किनारे खड़ा एक पेड़ अचानक उन पर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पेड़ हटाकर उन्हें बाहर निकाला और सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की उदयपुर शाखा के नीचे मोबाइल की दुकान में बैठे एक युवक के पैर पर ईंट गिरने से वह घायल हो गया।



घायल राहुल, जो डुमरियागंज क्षेत्र का निवासी है, किसी कार्य से मुख्यालय आया था और आंधी-पानी से बचने के लिए दुकान में रुका हुआ था। थाना त्रिलोकपुर क्षेत्र के ग्राम बघमरवा में सोमवार को अचानक आए तेज आंधी-तूफान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। गांव निवासी कन्हैया गुप्ता (19 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार गुप्ता, के ऊपर विशालकाय आम का पेड़ गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ आंधी-तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान गांव के पास स्थित एक पुराना विशाल आम का पेड़ तेज हवा के दबाव को सहन नहीं कर सका और भरभराकर गिर पड़ा। उसी समय वहां मौजूद कन्हैया गुप्ता उसकी चपेट में आ गया। पेड़ गिरते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और काफी मशक्कत के बाद युवक को पेड़ के नीचे से बाहर निकाला गया। हादसे में कन्हैया को सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। तत्काल परिजन और ग्रामीण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## साधिका साधना दीदी के नेतृत्व में चारो धाम यात्रा के लिए आठ सदस्यीय दल हुआ रवाना


**बिसवा बार एसोसिएशन सचिव नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में यात्री दल को पुष्प गुच्छ भेंटकर व माल्यार्पण कर किया विदा**



**बिसवा (सीतापुर)-** चारो धाम यात्रा के लिए रवाना जा रहे यात्री दल का बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में माल्यार्पण कर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर किया रवाना। पंच कैलाशी शिव साधिका साधना दीदी के नेतृत्व में शशि मिश्रा गुड़िया,शैली शर्मा बबली,सुनीता गुप्ता,सीमा रस्तोगी,कैलाश रस्तोगी,लल्ली मिश्रा,माधवी मिश्रा चारो धाम यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। सभी यात्री दल को बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा सचिव एडवोकेट नीरज कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट कोषाध्यक्ष अनमोल कन्हैया, अश्वनी बाजपेई, ऊषा किरण मिश्रा, गीता बाजपेई, अजय बाजपेई, आरती मौर्या, उमा गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, रेनू सिंह, अंकित, आलोक मिश्रा, गोल्डी शुक्ला सहित काफ़ी संख्या में भक्तों ने फूल माला पहनाकर सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए रवाना किया।

## राष्ट्र मंगल फाउंडेशन ने चित्रकार गब्बर को किया सम्मानित

**चावल के दोनों से चित्र बनाकर चर्चा मे आए थे गब्बर**



**लालगंज (रायबरेली)-** चावल के दानों से कलाकृतियों को बनाकर चर्चा मे आए क्षेत्र के चर्चित चित्रकार के खाते मे लिम्का बुक सहित कई राष्ट्रीय सहित क्षेत्रिय पुरस्कार शामिल हैं। वहीं एक बार फिर उन्हे लालगंज की धरती पर आयोजित कार्यक्रम मे सम्मान से नवाजा गया। क्षेत्र के चांदा गॉव निवासी चर्चित चित्रकार गब्बर को लालगंज के एक होटल सभागार मे संस्कार भारती व राष्ट्र मंगल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे उप जिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ अधिवक्ता विनय भदौरिया व वरिष्ठ कवि वाई.पी सिंह ने प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए सत्यपाल सिंह फौजी के अभिनंदन समारोह पर आयोजित था। कार्यक्रम के इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कवि वाईपी सिंह, शैलेश प्रताप सिंह, अमनदीप, मयंक, एमडी सिंह, अरूण कुमार सिंह मुन्ना, सुनील सरगम, अवनेंद्र सिंह आदि सहित बडी संख्या मे गणमान्य मौजूद रहें।

## पेड़ की डाल काटते समय ऊचाई से गिरा युवक गंभीर

**गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर**

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के पंडित का पुरवा गांव में सोमवार को पेड़ की डाल काटते समय एक युवक हादसे का शिकार हो गया। संतुलन बिगड़ने से वह करीब 20 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। इससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। गांव निवासी अजय (36) पुत्र ननकू घर के पास नीम के पेड़ पर चढ़कर टूटी डाल काट रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। वह सीधे ऊंचाई से नीचे आ गिरा। हादसे में युवक के कमर और पैर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद परिवारिजनों ने फौरन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**एंबुलेंस के इंतजार में तड़पता रहा घायल**


अस्पताल में भर्ती के बाद अजय को सुबह 9:30 बजे रेफर कर दिया गया। परिजन लगातार डायल 108 पर फोन करते रहे, लेकिन समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंची। करीब चार घंटे बाद दोपहर एक बजे एंबुलेंस मिली। तब जाकर घायल को जिला अस्पताल भेजा जा सका। इस दौरान वह सीएचसी में दर्द से कराहता रहा।

## मार्ट मीटर शिकायतों के निस्तारण को आज लगेगा विशेष विद्युत कैंप

**टूण्डला-** विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार, 05 मई 2026 को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मोहम्मदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत गांव चुल्हावली में झंडा चौक शिवालय मंदिर के पास विशेष विद्युत कैंप आयोजित किया जाएगा। अतः क्षेत्रवासी केम्प मे स्मार्ट मीटर संबंधी समस्या हेतु शिकायत होने पर उपरोक्त कैंप में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज जरूर कराए।

# पश्चिम बंगाल आज से भयमुक्त और विकास के भरोसे से युक्त हुआ... चुनाव में प्रचंड जीत पर PM मोदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीत मिलने के बाद आज पीएम मोदी बीजेपी मुख्यालय पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ. कार्यकर्ता मोदी-मोदी से पूरे बीजेपी मुख्यालय को गुंजायमान किए हुए थी. पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं के सामने घोषणा की है कि बंगाल की नई सरकार सबसे पहली कैबिनेट मीटिंग में आयुष्मान योजना लागू करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीजेपी बंगाल में भयमुक्त वातावरण बनाकर दिखाएगी। पीएम ने कहा, 'यह दिन ऐतिहासिक है, अभूतपूर्व है; मैं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की खुशी में शामिल हूं.यह लोकतंत्र में विश्वास प्रदर्शित करने का दिन है। एक नया इतिहास रचा गया, नितिन नवीन के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहला विधानसभा चुनाव; भाजपा की जीत में उनका मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।' प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, 'इस जीत के साथ वंदे मातरम् के 150वें वर्ष में भारत माता को और बंकिम जी को बंगाल के लोगों ने अपना सादर नमन भेजा है. योगी राज अरबिंदो को भी मतदाताओं ने ऐतिहासिक श्रद्धांजलि दी है. बंगाल में हमारे कितने ही कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन इस जीत के लिए समर्पित किया, बीजेपी की कितनी महिला कार्यकर्ताओं को तमाम अत्याचार सहने पड़े। केरल में और बंगाल में बीजेपी के हर कार्यकर्ता को कितनी मुसीबतें झेलनी पड़ी थी। उनपर कितने जुर्म हुए हैं, कितने अत्याचार हुए हैं. आज बंगाल में बीजेपी की सफलता का श्रेय ऐसे सभी कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को देता हूं।' पीएम मोदी ने कहा, 'मैं ये जीत बंगाल की जनता को समर्पित करता हूं. अभी 4 मई की यह शाम भले ही ढल रही हो लेकिन बंगाल की पावन धरा पर आज एक नया सूर्योदय हुआ है. एक ऐसा सवेरा जिसका इंतजार पीढ़ियों ने किया है। भाजपा ने जितनी सीटें जीती, वो महज एक चुनावी आंकड़ा नहीं है, ये उस अडिग विश्वास की हुंकार है, जिसे डर तुष्टीकरण और हिंसा की राजनीति को जड़ से उखाड़ फेंका है। आज से बंगाल के भविष्य की एक ऐसी यात्रा शुरू हो रही है जहां विकास अटूट विश्वास और नई उम्मीदें कदम से कदम मिलाकर चलेगी। मैं आज हर बंगालवासी को हर बंगालवासी को भरोसा देता हूं कि बंगाल के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा दिन-रात एक कर देगी।'

## असम-बंगाल में भाजपा की जीत पर नगर में जश्न

**● निकला विजय जुलूस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रायबरेली।** असम और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर सोमवार को नगर में जश्न मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने नगर में विजय जुलूस निकालकर खुशी जताई। सरेनी विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करती है। पूर्व विधानसभा संयोजक चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने राष्ट्रवादी सोच का समर्थन किया है। भाजपा नेता कैलाश बाजपेई ने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन के बेहतर समन्वय को दिया। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है। पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पाण्डेय ने भरोसा जताया कि भाजपा का विजय रथ आगे भी जारी रहेगा।भाजपा की एकतरफा जीत पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने असम बंगाल एवं पुडुचेरी में पार्टी की शानदार विजय पर विजय जुलूस निकाला। स्थानीय पानी टंकी चौराहे से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए अटल चौक पर सभा के साथ समापन हुआ। कार्यकर्ता ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए भारत माता की जय का उदघोष कर रहे थे। पार्टी कार्यकर्ताओ नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, राधेश्याम पाल,चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, महेश स्वर्णकार, अर्पित गुप्ता शिवम् गुप्ता, कैलाश बाजपेई, कौशलेंद्र कंचन, राजेश निर्मल,शानू बाजपेई, सत्येन्द्र बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बंगाल में भाजपा की जीत पर आतिशबाजी, मिष्ठान्न वितरण



**कानपुर।** बंगाल के चुनावों में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत जीत हासिल करने पर विधायक सलिल विश्नोई के बिरहाना रोड स्थित कार्यालय पर लोगों को मिठाई खिलाई गई, लड्डू बाँटे गये और आतिशबाजी छुड़ाकर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई तथा एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर एन. डी. तिवारी, नवाब सिंह, दीपक शुक्ला, पार्षद अमित गुप्ता, वैभव खण्डेलवाल, विजय चौहान, रोहित जायसवाल, सलीस बेग, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत भरिगवा मे प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल

**● ग्राम प्रधान पर 10 हजार डकारने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**संसारपुर खीरी।** प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को ठेंगा दिखाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होती जा रही हैं। ताजा मामला लखीमपुर खीरी जिले के विकासखंड बांकेगंज से सामने आया है, जहाँ एक गरीब ग्रामीण ने ग्राम प्रधान पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। मामला ग्राम पंचायत पकरिया (मजरा भरिगवा) का है। यहाँ के निवासी सर्वेश कुमार पुत्र रामसागर ने तहसील स्तर पर आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' में एक शपथ पत्र प्रस्तुत कर प्रशासन को अपनी आपबीती सुनाई। सर्वेश के अनुसार, वह एक अत्यंत निर्धन परिवार से ताल्लुक रखता है और कच्चे जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। सरकारी मानकों के अनुसार वह प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का पात्र लाभार्थी है।

**अगस्त 2023 से न्याय की बाट जोह रहा पीड़ित**

शपथ पत्र में लगाए गए आरोपों के मुताबिक, ग्राम प्रधान डालचंद (पुत्र बिहारी लाल) ने सर्वेश को आवास दिलाने का भरोसा दिया था। आरोप है कि इस काम के बदले प्रधान ने 5 अगस्त 2023 को पीड़ित से 10,000 की नकद धनराशि ली थी। पीड़ित का कहना है कि उसने यह रकम बड़ी मुश्किल से जोड़कर प्रधान को दी थी ताकि उसे और उसके परिवार को एक पक्का मकान मिल सके।

**न ही आवास मिला, न ही पैसे लौटे**

घटना के डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सर्वेश को न तो आवास आवंटित हुआ और न ही प्रधान ने उसके पैसे वापस किए। पीड़ित का आरोप है कि जब भी वह अपनी रकम वापस मांगता है या आवास के बारे में पूछता है, तो प्रधान उसे टालमटोल कर भगा देते हैं। तंग आकर पीड़ित ने अब प्रशासन की शरण ली है और शपथ पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है।

**प्रशासनिक रुख और अनसुना पक्ष**

समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित ग्राम प्रधान के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।'इस पूरे प्रकरण पर जब आरोपी ग्राम प्रधान डालचंद का पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। खबर लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई स्पष्टीकरण या बयान सामने नहीं आया है।

**गरीबों के हक पर कब तक पड़ेगा डाका?**

यह मामला सिर्फ 10,000 की ठगी का नहीं है, बल्कि सरकारी तंत्र में बैठे उन रसूखदारों की मानसिकता का है जो गरीबों के सिर से छत छीनने में भी परहेज नहीं करते। स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है और वे पारदर्शी जांच की मांग कर रहे हैं।

## अफीम की तस्करी करने वाला ठेकेदार लखनऊ से गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने रविवार देर रात पॉलीटेक्निक चौराहे के पास से अफीम की तस्करी करने वाले ठेकेदार को दबोचा। आरोपित अंतर्राज्यीय तस्कर है।उसके पास से 2.20 किलो अफीम बरामद की है। एसटीएफ ने बताया कि तस्कर के पास से बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहम्मद शहबाज उर्फ राजू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पश्चिमी चंपारण (बिहार) का निवासी है और वर्तमान में जालंधर (पंजाब) में रह रहा था।आरोपित को तीन मई 2026 की रात करीब 11:30 बजे पालीटेक्निक चौराहे से भूतनाथ जाने वाली मुख्य सड़क पर पकड़ा गया। बरेली से अफीम लेकर पालीटेक्निक चौराहे के पास सप्लाई करने के लिए पहुंचा था। तस्कर के पास से अफीम के अलावा दो मोबाइल फोन और नकदी समेत अन्य माल बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने वर्ष 2024 में बीएससी (केमेस्ट्री) की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद नेपाल के पोखरा में सिविल कंस्ट्रक्शन का काम किया, लेकिन कम आमदनी के चलते उसने तस्करी का रास्ता अपनाया। जालंधर में उसकी पहचान राहुल नामक युवक से हुई, जो मादक पदार्थो की तस्करी करता था। राहुल की मौत के बाद वह खुद इस धंधे में सक्रिय हो गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आंधी-बारिश का कहर, दीवार गिरने से मलबे में दबकर युवक की दर्दनाक मौत

**● लखनऊ के मड़ियांव में आंधी-बारिश के कारण एक जर्जर दीवार गिरने से 34 वर्षीय अंकित शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में सोमवार को आई तेज आंधी और बारिश के बाद हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मड़ियांव के भरत नगर में आंधी के बाद एक जर्जर दीवार गिरने से 34 वर्षीय अंकित शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि सुबह 11:30 बजे की है। भरत नगर स्थित 'नाज पैलेस' के सामने एक पुरानी ईंट की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। उस समय अंकित शर्मा वहां खड़े होकर कार का पहिया खोल रहे थे। बताया गया कि सुबह आई तेज आंधी और बारिश के चलते दीवार पहले से ही कमजोर हो गई थी, जो अचानक गिर पड़ी और अंकित उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल अंकित को मलबे से बाहर निकालकर तत्काल केजीएमयू ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अंकित शर्मा मूल रूप से हरदोई के अतरौली का रहने वाला था। वर्तमान में भरत नगर में रहकर ग्रीन वैली मटर के एक विक्रेता के यहां काम करता था। परिवारजन के मुताबिक अंकित विवाहित था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में अफरा-तफरी मच गई। उधर, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंकित अपने मालिक की कार का पंचर बनवाने के लिए मिस्त्री के साथ पहिया खोल रहे थे। इसी दौरान पास की जर्जर दीवार अचानक गिर गई। हादसे में पंचर मिस्त्री को मामूली चोट आई, जो मौके से चला गया। क्षेत्र में कई जर्जर दीवारें, नहीं दे रहा कोई ध्यानः स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई जर्जर दीवारें और भवन खड़े हैं, जो आंधी-बारिश के दौरान खतरा बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे खतरनाक ढांचों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। परिवारजन की तरफ से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। अगर कोई तहरीर मिलती है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोतरी पर बवाल

**सड़क पर बैठे छात्र बोले- नहीं मानी बात, तो होगा बड़ा आंदोलन**

लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि को लेकर सोमवार को छात्रों ने एक बार फिर प्रदर्शन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान 'वीसी मुर्दाबाद' और 'फीस वापस लो' जैसे नारे लगाए गए। छात्र तख्तियां लेकर सड़क पर बैठ गए और धरना दिया। इस दौरान छात्रों ने कहा फीस वापसी का निर्णय नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन होगा।

**फीस वापसी पर निर्णय नहीं लिया तो बड़ा प्रदर्शन होगा**

युवजन सभा के प्रिंस ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन को 6 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर फीस वापस का फैसला नहीं लिया गया, तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रिंस ने बताया कि उनकी दो प्रमुख मांगें हैं। पहली, पुराना फीस स्ट्रक्चर लागू किया जाए। दूसरी, आंदोलन में शामिल छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं और निलंबन बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्र अपराधी नहीं हैं, उन्हें पढ़ने का अधिकार मिलना चाहिए।

## यूपी में बनेगा एक और विश्वविद्यालय, योगी कैबिनेट से मिली स्वीकृति

**● उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है, जिसमें नोएडा की मेट्रो यूनिवर्सिटी को संचालन की अनुमति मिली है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों का दायरा बढ़ता जा रहा है। नोएडा स्थित मेट्रो यूनिवर्सिटी को संचालन की अनुमति पत्र (एलओपी) मिलने के साथ ही प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। इसके साथ ही फिरोजाबाद में अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आशय पत्र भी जारी किया गया है। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अमरदीप मेमोरियल ट्रस्ट को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के तहत आशय पत्र (एलओआइ) दिया गया है। यह विश्वविद्यालय फिरोजाबाद के ग्राम पचवान में करीब 20.08 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित है। निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए न्यूनतम 20 एकड़ भूमि होना अनिवार्य है, जिसे संबंधित ट्रस्ट ने पूरा किया है। प्रस्ताव का मूल्यांकन उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया गया। समिति की संस्तुति के बाद ही सरकार ने आशय पत्र जारी किया। वहीं मेट्रो यूनिवर्सिटी का आशय पत्र पहले जारी किया गया था, अब इसके संचालन के लिए अनुमति पत्र जारी किया गया है। निजी क्षेत्र में विश्वविद्यालयों की बढ़ती संख्या से छात्रों को अपने ही जिले या आसपास उच्च शिक्षा के अधिक विकल्प मिलेंगे।

## लखनऊ गोमतीनगर विराम खण्ड-5 उप-जन कल्याण समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज दिनांक 03 मई 2026 को विराम खण्ड-5, गोमतीनगर स्थित 5/323 पर विराम खण्ड-5 उप-जन कल्याण समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की और क्षेत्रीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. भरत राज सिंह (अध्यक्ष), आर.एन. सिंह (उपाध्यक्ष), राकेश जैतली (खण्ड प्रभारी), राकेश कुमार तिवारी (कोषाध्यक्ष), संजय निगम (सचिव, महासमिति), डॉ. आर.पी. शर्मा, अतुल कुमार जौहरी, नित्यानन्द पाण्डेय (कार्यकारी सचिव) एवं मुकेश सिंह (आमंत्रित सदस्य)। विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गए। क्षेत्र के सभी पार्कों में वर्षा जल संचयन (हार्वेस्टिंग) की व्यवस्था हेतु नगर आयुक्त को पत्र भेजकर आवश्यक कार्यवाही कराने का निर्णय लिया गया। उपसमिति के पूर्व बैंक खाते को पुनः संचालित करने पर सहमति बनी। वार्षिक शुल्क संग्रह अभियान हेतु एमआईजी, एलआईजी एवं एचआईजी वर्गों के लिए अलग-अलग सदस्यों को अधिकृत किया गया। 'अपना पार्क' में अशोक के वृक्षों की कटाई-छंटाई नगर निगम के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया।

एलआईजी पार्कों में जहां जिम उपकरण उपलब्ध नहीं हैं, वहां इन्हें स्थापित कराने हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को अनुरोध भेजा जाएगा। जिम उपकरणों के वार्षिक रखरखाव के लिए एलडीए के अधिशाषी अभियंता को अवगत कराने पर चर्चा की गई। आगामी चुनाव के लिए 30 दिन पूर्व नोटिस जारी करने तथा कार्यकाल को पाँच वर्ष करने पर सहमति बनी। चुनाव अधिकारी एवं ऑब्जर्वर के नामों पर विचार किया गया। चुनाव की तिथि 07 जून 2026, सायं 5 से 7 बजे निर्धारित की गई तथा इसी दिन अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद पार्क (रामभवन के सामने) वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष द्वारा पार्क के योग केंद्र में कुर्सी एवं जाली लगाने हेतु 10,000 का अनुदान देने की घोषणा की गई। रेलवे लाइन के समीप स्थित भूमि को पार्क के रूप में विकसित कराने हेतु एलडीए को पत्र प्रेषित किया जाएगा। क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत हेतु मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृति दिलाने के लिए गोमती नगर जनकल्याण महासमिति का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में महासमिति के सचिव श्री संजय निगम ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।

## सदर विधायक ने 12 किसानों को क्षतिपूर्ति के डमी चेक किए वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:-** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित कृषकों को देय क्षतिपूर्ति का वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर पर आज महात्मा गांधी सभागार विकास भवन मे माननीय सदर विधायक श्रीमती अदिति सिंह की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे लाभान्वित कृषकों मे से 12 किसानो को क्षतिपूर्ति के डमी चेक का वितरण किया गया। क्षतिपूर्ति से लाभान्वित सभी किसानो को क्षतिपूर्ति का भुगतान पी0एफ0एम0एस0 प्रणाली के माध्यम से रबी वर्ष-2025-26 के 434 किसानो को रू0-2768324 डी0बी0टी0 के माध्यम से किसानो के खातों मे भेजा गया इसके साथ ही खरीफ-2025 की अवशेष क्षतिपूर्ति की धनराशि रू0-1026553 सभी लाभान्वित कृषकों को सीधे खाते में भेजा जायेगा। उप कृषि निदेशक रायबरेली द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसलों की क्षति की स्थिति मे देय क्षतिपूर्ति की स्थितियों एवं फसलों की प्रीमियम दरो के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा कृषि विविधीकरण एवं मत्स्य पालन को बेहतर तरीके से करते हुए किसानो की आय बढ़ाने पर बल दिया गया। माननीय विधायक सदर रायबरेली द्वारा किसानो सम्बोधित करते हुए कहा कि अन्नदाता किसान सरकार की प्राथमिकता मे सम्मिलित है तथा क्षतिपूर्ति का भुगतान इस बार रिकार्ड समय मे सरकार द्वारा किसानो के हित में किया गया है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि खेती में प्राकृतिक कारणो के जोखिमों को रोका नही जा सकता है किन्तु फसल बीमा से आच्छादित रहने पर विपरीत परिस्थितियों मे क्षतिपूर्ति के माध्यम से कुछ सीमा तक उसकी भरपाई की जा सकती है। जनपद के अधिक से अधिक किसानो को इस योजना से जुडने का आह्वाहन किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य मो0 इरफान, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अग्रणी जिला प्रबन्धक विमल कुमार दुबे समेत बीमा कम्पनी के कर्मचारी सहित किसान उपस्थित रहे।

## युवती का एटीएम बदलकर 50 हजार की शॉपिंग

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पिलखा गांव निवासी एक युवती के साथ एटीएम बदलकर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात दो लोगों ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 50 हजार रुपये की खरीदारी कर डाली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पूरे कालिका मजरे बाल्हेमऊ गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र रामपाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बृहस्पतिवार को वह कस्बे में स्थित एक एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गया था। इसी दौरान उसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। उसके पीछे खड़े दो अज्ञात व्यक्तियों ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। पीड़ित के अनुसार, मोबाइल पर रुपये कटने का मैसेज आया था, लेकिन उसने उसे ध्यान नहीं दिया। अगले दिन मैसेज देखने पर उसे ठगी का पता चला। बैंक में जानकारी करने पर बताया गया कि उसके एटीएम कार्ड से कस्बे के एक शॉपिंग मॉल में 50 हजार रुपये की खरीदारी की गई है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## इकलौते बेटे ने शादी के तीसरे दिन सुसाइड किया

**● परिजन बोले- पड़ोसी लड़के से विवाद हुआ, फोन पर धमकी मिल रही थी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मृतक रामजीत

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रकीबाबाद गांव में इकलौते बेटे ने शादी के तीसरे दिन सुसाइड कर लिया। परिजन ने आरोप लगाया है कि मां को बाइक की टक्कर मारने पर पड़ोस के एक लड़के से उसका विवाद हो गया था। उसके बाद युवक ने पुलिस बुला ली थी। तभी से वह लड़का बार-बार फोन कर धमकी दे रहा था। मृतक की पहचान 20 वर्षीय रामजीत के रूप में हुई है। वह मजदूरी करता था। शनिवार शाम उसकी मां रामकुमारी को गांव के ही एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। इस बात को लेकर रामजीत और बाइक सवार के बीच विवाद हो गया तो रामजीत ने डायल-112 पर फोन कर पुलिस बुला ली थी। परिजनों के अनुसार, विवाद के बाद आरोपी युवक ने रामजीत को फोन पर कई बार हत्या करने के लिए धमकाया। इन धमकियों के कारण रामजीत तनाव में था। इसी तनाव में उसने अपने घर के कमरे में छत के हुक से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। रामजीत की शादी 30 अप्रैल को नगराम क्षेत्र के गुलालखेड़ा गांव की रितु से हुई थी। घटना के समय उसकी पत्नी मायके में थी। सूचना मिलते ही वह ससुराल आई। उसका रो-रोकर बुरा हाल था। रामजीत की दो बहन सुमन और सीमा भी रो रही थीं। गोसाईगंज पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पिता किशुन ने बताया कि रामजीत की मां का एक्सीडेंट करने वाला युवक पुलिस केस नहीं करने का दबाव बना रहा था। रामजीत ने केस कर दिया था। इस पर वह युवक रामजीत को धमकी दे रहा था। कह रहा था कि उसे जान से मार देगा। इससे रामजीत बहुत परेशान था। इससे उसने फांसी लगा ली।

## उत्तर प्रदेश के हज यात्रियों को दस हजार रुपये देने होंगे अतिरिक्त

**15 मई तक जमा करना अनिवार्य**

**लखनऊ।** मध्य पूर्व एशिया में जारी संकट और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का असर हज यात्रियों पर भी पड़ा है। हज पर इनकी यात्रा महंगी हो गई है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का व्यापक असर होने लगा है। एयरलाइंस की किराया बढ़ाने की मांग पर विचार करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने हज के एयर चार्टर आपरेशन के लिए संशोधित किराया मंजूर कर दिया है। हज कमेटी आफ इंडिया ने सर्कुलर जारी कर हज यात्रियों चाहे वे जा चुके हों या अभी यात्रा पर जाने वाले हों सभी से प्रति यात्री करीब 100 अमेरिकी डालर (लगभग 10 हजार रुपये) अतिरिक्त जमा करने को कहा है। यह राशि 15 मई तक जमा करना अनिवार्य है। भुगतान हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट, हज सुविधा ऐप, या स्टेट बैंक और यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखाओं में पे-इन-स्लिप के माध्यम से किया जा सकता है। हज कमेटी ने राज्यों को यात्रियों को तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए हैं। हज ट्रेनर फरहान खालिद ने बताया कि लखनऊ से इस वर्ष लगभग छह हजार यात्री हज पर जा रहे हैं, जिनमें अधिकांश पहले ही रवाना हो चुके हैं।

# वैश्विक शक्ति का विकेंद्रीकरण और उभरते नए आयाम



इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे परिवर्तनकारी मोड़ पर खड़ा है जहाँ पुरानी व्यवस्थाओं की दीवारें ढह रही हैं और नई शक्तियों का उदय हो रहा है। इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें तो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया मुख्य रूप से दो ध्रुवों में विभाजित थी जिसमें एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका और दूसरी ओर सोवियत संघ का नेतृत्व था। वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही एकध्रुवीय विश्व का युग आरंभ हुआ जिसमें अमेरिका एकमात्र महाशक्ति बनकर उभरा। लेकिन वर्तमान समय में हम देख रहे हैं कि यह स्थिति तेजी से बदल रही है। अब दुनिया किसी एक शक्ति के इशारे पर नहीं चलती बल्कि शक्ति का केंद्र अब बिखर गया है और कई देशों के बीच विभाजित हो गया है। इस बदलाव को अंतरराष्ट्रीय राजनीति के विद्वान बहुध्रुवीय विश्व की संज्ञा देते हैं जहाँ निर्णय लेने की प्रक्रिया में अब वाशिंगटन के साथ-साथ नई दिल्ली, बीजिंग, मॉस्को और ब्रासीलिया जैसे शहरों की गूँज भी सुनाई देती है।

शक्ति के इस स्थानांतरण का सबसे प्रमुख कारण उभरती अर्थव्यवस्थाओं का अभूतपूर्व उदय है। पिछले दो दशकों में वैश्विक आर्थिक मानचित्र पूरी तरह से बदल गया है। चीन की अर्थव्यवस्था वर्ष 1980 के दशक में वैश्विक उत्पादन में मात्र 2 प्रतिशत का योगदान देती थी जो आज बढ़कर लगभग 18 प्रतिशत से अधिक हो गई है। इसी प्रकार भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आर्थिक विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह उस क्रय शक्ति और उत्पादन क्षमता का परिचायक है जिसने विकासशील देशों को वैश्विक बाजार के केंद्र में ला खड़ा किया है। अब ये देश केवल विकसित देशों के उत्पादों के उपभोक्ता नहीं हैं बल्कि वे स्वयं नवाचार, विनिर्माण और तकनीक के वैश्विक खिलाड़ी बन चुके हैं।

इस बदलते संतुलन में नए वैश्विक समूहों और संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। जी7 जैसे पुराने समूह जो कभी दुनिया की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करते थे अब अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके विपरीत ब्रिक्स जैसे संगठन जिनमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं अब वैश्विक विमर्श को नई दिशा दे रहे हैं। वर्ष 2024 में ब्रिक्स के विस्तार के बाद अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हो गए हैं। यह विस्तारित समूह अब दुनिया की लगभग 45 प्रतिशत जनसंख्या और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 28 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी20 जैसे मंच अब अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माण में अधिक समावेशी हो गए हैं जहाँ अफ्रीकी संघ को स्थाई सदस्यता मिलना इस बात का प्रमाण है कि अब दुनिया के फैसले केवल कुछ पश्चिमी देशों के कमरों में बंद होकर नहीं लिए जा सकते।

तकनीक और डिजिटल शक्ति ने भी वैश्विक शक्ति के मानकों को पूरी तरह से बदल दिया है। किसी समय में शक्ति का पैमाना केवल परमाणु हथियारों की संख्या या विशाल सेना हुआ करती थी परंतु आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और डेटा भंडार नई सैन्य और राजनीतिक ताकतें बन चुके हैं। जो देश इन तकनीकों में अग्रणी हैं वे ही भविष्य की राजनीति का निर्धारण करेंगे। वर्तमान में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार का लगभग 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा कुछ गिने-चुने देशों के नियंत्रण में है जिससे पूरी दुनिया की डिजिटल सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है। डेटा को अब नया तेल कहा जा रहा है और जिस देश के पास अपने नागरिकों के डेटा पर संप्रभुता है वह वैश्विक मंच पर अधिक मोलभाव करने की स्थिति में है। अंतरिक्ष अन्वेषण में भी अब निजी कंपनियों और नए देशों के प्रवेश ने महाशक्तियों के पुराने एकाधिकार को चुनौती दी है।

वैश्विक संघर्ष और अस्थिरता ने भी शक्ति संतुलन को बदलने में उत्प्रेरक का कार्य किया है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने न केवल यूरोप की सुरक्षा संरचना को हिला दिया है बल्कि इसने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के नए संकट पैदा कर दिए हैं। इस संघर्ष ने दुनिया को यह अहसास कराया है कि किसी एक देश या क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कितनी घातक हो सकती है। इसी प्रकार पश्चिम एशिया की अस्थिरता और व्यापारिक मार्गों पर बढ़ते खतरों ने देशों को मजबूर किया है कि वे अपने रणनीतिक विकल्पों का विस्तार करें। इन परिस्थितियों में छोटे और मध्यम आकार के देशों की अहमियत भी बढ़ गई है क्योंकि उनकी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधन उन्हें बड़े देशों की प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण मोहरा बना देते हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव कम होता दिख रहा है यद्यपि वह अभी भी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। अमेरिकी डॉलर की वैश्विक स्वीकार्यता अब धीरे-धीरे कम हो रही है क्योंकि कई देश अपनी स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इसे डी-डॉलराइजेशन की प्रक्रिया कहा जा रहा है। दुनिया अब एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है जहाँ कोई भी एक देश वैश्विक नियमों को अकेले थोप नहीं सकता। पश्चिमी देशों के मानवीय मूल्यों और मानवाधिकारों के दोहरे मानकों पर भी अब वैश्विक दक्षिण के देशों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। यह एक सांस्कृतिक और वैचारिक स्वतंत्रता का दौर भी है जहाँ देश अपनी सभ्यतागत पहचान को वैश्विक मंच पर गौरव के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं। भारत की भूमिका इस बदलते परिवेश में सबसे विशिष्ट और संतुलनकारी है। भारत ने किसी भी एक गुट में शामिल होने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता दी है। भारत की विदेश नीति अब केवल आदर्शवाद पर नहीं बल्कि यथार्थवाद और राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। भारत जहाँ एक ओर क्वॉड जैसे समूहों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सहयोग कर रहा है वहीं दूसरी ओर शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स के माध्यम से गैर-पश्चिमी शक्तियों के साथ भी अपने संबंधों को प्रगाढ़ बना रहा है। वैश्विक दक्षिण की आवाज बनकर भारत ने जलवायु परिवर्तन, डिजिटल बुनियादी ढांचे और विकासशील देशों के ऋण संकट जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। भारत का मिशन अब केवल वैश्विक व्यवस्था का पालन करना नहीं बल्कि उसका निर्माण करना है।

अंततः यह स्पष्ट है कि हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ शक्ति का कोई एक केंद्र नहीं होगा। यह बहुध्रुवीय विश्व अधिक जटिल और प्रतिस्पर्धी होगा लेकिन साथ ही इसमें अधिक देशों की भागीदारी की संभावना भी होगी। आने वाले समय में शांति और समृद्धि इस बात पर निर्भर करेगी कि ये विभिन्न ध्रुव आपस में कितना सहयोग करते हैं और मतभेदों को सुलझाने के लिए किन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हैं। शक्ति का यह नया संतुलन केवल सरकारों के बीच का बदलाव नहीं है बल्कि यह मानवता के साझा भविष्य को अधिक न्यायसंगत और संतुलित बनाने का एक अवसर भी है। विश्व अब एक विशाल परिवार की तरह है जहाँ प्रत्येक सदस्य की आवाज का महत्व है और जहाँ भविष्य का निर्माण प्रतिस्पर्धा के बजाय सामूहिक सहयोग के आधार पर किया जाना चाहिए। शक्ति का विकेंद्रीकरण अपरिहार्य है और इसके साथ तालमेल बिठाना ही इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी।

**महेन्द्र तिवारी**

# जंजीरों में प्रेस, लोकतंत्र का चौथा स्तंभ क्यों रहा है टूट?




**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

**विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026 में भारत 157 वें स्थान पर - सवाल है, क्या हम सच सुनने को तैयार हैं?**

विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र व्यवस्था में प्रेस की स्वतंत्रता लगातार सिकुड़ती जा रही है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा जारी विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026 में भारत 180 देशों में 157वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष 151वें स्थान से छह पायदान की यह गिरावट महज एक आंकड़ा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव पर उठता सवाल है।

आरएसएफ की रिपोर्ट में भारत को 'बहुत गंभीर' स्थिति वाली श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट स्पष्ट कहती है - पत्रकारों के खिलाफ बढ़ती हिंसा, मीडिया स्वामित्व का अत्यधिक केंद्रीकरण, सरकारी कानूनों का दुरुपयोग और राजनीतिक संरेखण प्रेस स्वतंत्रता को गहरी चोट पहुंचा रहे हैं। 2014 से सत्ता में आई सरकार के दौरान बड़े मीडिया घरानों के साथ सत्ता की निकटता ने स्वतंत्र पत्रकारिता को चुनौती दी है

आरएसएफ ने इस वर्ष कानूनी संकेतक में भारत की स्थिति में भारी गिरावट दर्ज की है। राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी कानून, सूचना प्रौद्योगिकी नियम और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट जैसे प्रावधानों का इस्तेमाल आलोचनात्मक आवाजों को दबाने के लिए हो रहा है। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकार सबसे अधिक असुरक्षित हैं। धमकियां, हमले और मुकदमों की झड़ी लगातार जारी है, जबकि दोषियों पर कार्रवाई न के बराबर। मीडिया स्वामित्व की सांद्रता भी चिंता का विषय है। कुछ चुनिंदा कॉरपोरेट घरानों के हाथ में समाचार संस्थान केंद्रित होते जा रहे हैं, जिनकी सत्ता से निकटता स्पष्ट है। परिणामस्वरूप, कई चैनल और समाचार पत्र सरकारी विज्ञापनों की निर्भरता और राजनीतिक दबाव में स्व-संयम बरतने को मजबूर हैं। 'गोदी मीडिया' शब्द अब आम बोलचाल का हिस्सा बन चुका है।

**पड़ोसी देशों से पिछड़ना**

भारत अब पाकिस्तान (153वें), बांग्लादेश (152वें) और श्रीलंका (134वें) जैसे पड़ोसियों से भी पीछे है। नेपाल और भूटान भी बेहतर स्थिति में हैं। यह तुलना भारत की लोकतांत्रिक छवि के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

हालांकि सरकार का तर्क है कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संवैधानिक रूप से सुरक्षित है और मीडिया विविधतापूर्ण है, लेकिन वास्तविकता अलग कहानी बयान करती है। विपक्षी दलों के शासनकाल में भी दबाव के उदाहरण मिलते हैं, किंतु पिछले दशक में इसकी व्यवस्थित और व्यापक प्रकृति बढ़ी है।

प्रेस स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ है। जब जनता को निष्पक्ष, जांच-परक और सत्यपूर्ण सूचना नहीं मिलेगी, तो मतदाता सूचित निर्णय कैसे लेगा? सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून को मजबूत करने, पुराने दमनकारी प्रावधानों की समीक्षा करने और मीडिया स्वामित्व की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जरूरत है। मीडिया जगत को भी कॉरपोरेट हितों और TRP की दौड़ से ऊपर उठकर पेशेवर मर्यादा अपनानी होगी। प्रेस की जंजीरें तोड़ने का समय आ गया है। लोकतंत्र तभी सशक्त होता है जब उसकी आवाज निर्भीक हो। 157वां स्थान चेतावनी है - यदि समय रहते सुधार नहीं हुए तो विश्व पटल पर भारत की लोकतांत्रिक गरिमा और कमजोर होगी। क्या हम इस सच्चाई को स्वीकार कर सुधार की दिशा में कदम उठाएंगे? यह सवाल हर नागरिक, हर पत्रकार और हर नेता से पूछा जाना चाहिए।

# रंग दे बसंती वाले अब राष्ट्र को नया रंग देंगे: प्रसार भारती का नया युग

**[प्रसून जोशी का प्रसार भारती काल: कवि की कलम या सत्ता का रिमोट?]**

**[क्या प्रसार भारती अब सिर्फ 'प्रसारण' नहीं, 'परिभाषा' भी तय करेगा?]**




कभी-कभी एक निर्णय केवल पद परिवर्तन नहीं होता, बल्कि पूरे विमर्श की दिशा मोड़ देता है। प्रसून जोशी का प्रसार भारती के चेयरमैन पद पर आगमन ऐसा ही क्षण है, जहाँ सृजन और सत्ता का संगम नए अर्थ गढ़ने को तैयार दिखता है। गीतों में राष्ट्र की आत्मा को स्वर देने वाले इस रचनाकार और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष के हाथों में अब दूरदर्शन और आकाशवाणी की कमान है। 2 मई 2026 की यह नियुक्ति सीधे प्रश्न खड़ा करती है—क्या यह पारंपरिक प्रसारण को डिजिटल युग में पुनर्जीवित कर नई प्रासंगिकता देगा, या सार्वजनिक मंचों को और अधिक मुखर सरकारी आख्यान में ढालेगा? असल चुनौती यही है कि यह बदलाव सूचना की स्वतंत्रता और सांस्कृतिक विरासत के बीच उस सूक्ष्म संतुलन को कैसे साधता है, जिस पर लोकतंत्र की विश्वसनीयता टिकी है।

सृजन की राह पर बढ़ते एक रचनाकार ने अपने शब्दों से युवाओं के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। 'रंग दे बसंती' और 'चांद सिफारिश' जैसे गीतों ने नई पीढ़ी को जोड़ा, वहीं विज्ञापन जगत में 'ठंडा मतलब कोका-कोला', 'हैप्पीडेंट पैलेस', 'दाग अच्छे हैं' (सर्फ एक्सेल) और 'इनक्रेडिबल इंडिया' जैसे अभियानों से उन्होंने सांस्कृतिक गहराई का नया आयाम रचा। उनकी अभिव्यक्ति में देशज मिट्टी की सुगंध और सांस्कृतिक चेतना का सजीव प्रतिबिंब दिखाई देता है, जो शाश्वत मूल्यों को स्पर्श करता है। आधिकारिक तौर पर उन्हें दुर्लभ रचनात्मक प्रतिभा माना गया है, जिनके नेतृत्व में संस्था को नई ऊर्जा, स्पष्ट उद्देश्य और रचनात्मक दिशा मिलने की उम्मीद है। यह बदलाव ऐसे समय में सामने आया है, जब संगठन डिजिटल परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रहा है और उसे नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

बदलते मीडिया परिदृश्य में प्रसार भारती इस समय दोहरे संघर्ष से गुजर रही है। एक ओर डिजिटल प्लेटफॉर्म—नेटफ्लिक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम—युवा दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं, तो दूसरी ओर संपादकीय स्वतंत्रता, सीमित संसाधन और राजनीतिक दबाव जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इसके बावजूद, वेव्स ओटीटी और पे-पर-व्यू जैसे प्रयोग डिजिटल-फर्स्ट सोच को दर्शाते हैं, जबकि डायरेक्ट-टू-मोबाइल ब्रॉडकास्टिंग और एआई आधारित कंटेंट निर्माण के प्रयास भविष्य की तैयारी का संकेत देते हैं। यदि रचनात्मक दृष्टि और नवाचार का सही समावेश हो, तो ग्रामीण भारत की अनकही कहानियों को वीआर/एआर के जरिए जीवंत करना, क्षेत्रीय भाषाओं में पॉडकास्ट बनाना और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच तक पहुंचाना संभव है। इसी दिशा में शुरू किए गए 'क्रिएटर्स कॉर्नर' जैसे कार्यक्रम भी युवा डिजिटल क्रिएटर्स को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास दर्शाते हैं।

उभरती संभावनाओं के बीच आशंकाओं का साया और गहरा दिखाई देता है, क्योंकि यह संस्था बरसों से अपनी वास्तविक स्वायत्तता के लिए जूझती रही है। हाल के वर्षों में वरिष्ठ संपादकों के क्रमशः हाशिए पर जाने, तकनीकी तंत्र के बढ़ते वर्चस्व और कंटेंट से जुड़े अधिकांश पदों के रिक्त पड़े रहने जैसी स्थितियां उसकी आंतरिक चुनौतियों को उजागर करती हैं। ऐसे परिदृश्य में नेतृत्व के वैचारिक समीकरण भी स्वाभाविक रूप से बहस के केंद्र में आ खड़े होते हैं, जिससे यह सवाल और तीखा हो जाता है कि क्या आगे की राह विविध आवाजों—विपक्ष, आलोचना और क्षेत्रीय सरोकारों—को समान महत्व देगी, या 'एक राष्ट्र, एक स्वर' वाले नैरेटिव को और पुख्ता करेगी? विशेषकर जब देश विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों के संवेदनशील दौर से गुजर रहा है, तब इस परिवर्तन का समय अपने आप में कई गहरे संकेत और अनुत्तरित प्रश्न समेटे हुए है।

नए युग की दहलीज पर खड़ी इस संस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती तकनीकी नहीं, बल्कि उसकी जड़ में बैठी संरचनात्मक सीमाएं हैं, जो डिजिटल पुनर्जन्म की गति को थामे हुए हैं। बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए क्लाउड-आधारित वर्कफ्लो, इमर्सिव प्रोडक्शन और हाइब्रिड डिलीवरी जैसे आधुनिक ढांचों की तत्काल आवश्यकता है।

यदि नेतृत्व रचनात्मक दृष्टि के साथ-साथ संस्थागत सुधारों—जैसे संपादकीय स्वतंत्रता की गारंटी, योग्य पत्रकारों की सक्रिय भर्ती और नीतियों में पारदर्शिता—पर समान रूप से बल देता है, तो यह बदलाव सचमुच ऐतिहासिक साबित हो सकता है। तब एक ऐसे सार्वजनिक प्रसारक की कल्पना साकार हो सकेगी, जो केवल सूचना देने तक सीमित न रहकर युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़े, किसानों की आवाज बने और वैश्विक मंच पर देश की सॉफ्ट पावर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए।

किसी भी संस्थान का ठोस और टिकाऊ पुनर्जागरण स्वायत्तता के बिना संभव नहीं होता। जब नेतृत्व अपनी भूमिका को केवल रचनात्मक दायरे तक सीमित रखकर राजनीतिक दबावों को नजरअंदाज करता है, तो वही मंच धीरे-धीरे एक संगठित, प्रभावशाली लेकिन पक्षपाती प्रचार तंत्र में सिमटने लगता है। सार्वजनिक प्रसारण की पहचान निष्पक्षता, विविधता और सख्त जवाबदेही से निर्मित होती है, जो उसकी विश्वसनीयता का आधार हैं। ऐसे संवेदनशील और निर्णायक दौर में जोशी के सामने स्पष्ट परीक्षा है—वे अपनी कविताओं से निकली संवेदनशीलता, दृष्टि और संतुलन को ठोस नीतियों में ढालकर संस्था को नई दिशा, ऊर्जा और भरोसा दे सकते हैं, या फिर इसे अतीत की कहानी का एक और विस्तारित अध्याय बनाकर छोड़ सकते हैं।

यह क्षण केवल बदलाव का संकेत नहीं, बल्कि भरोसे, दृष्टि और चरित्र को फिर से गढ़ने की निर्णायक घड़ी है। प्रसून जोशी के सामने एक साथ अवसर और कसौटी खड़ी है—यदि वे डिजिटल युग की मांग, सांस्कृतिक गहराई की सच्ची समझ और संपादकीय स्वतंत्रता की ठोस मर्यादा को एक सूत्र में पिरो पाते हैं, तो प्रसार भारती न सिर्फ अपनी खोई साख को पुनः अर्जित करेगा, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की निर्भीक और विश्वसनीय आवाज बनकर उभरेगा। पर यदि यह संतुलन बिखर गया, तो यह पहल भी औपचारिकता में सिमटकर एक और राजनीतिक निर्णय बन जाएगी। अंततः फैसला इसी पर टिकेगा—क्या वे अपनी रचनात्मक चेतना को स्वतंत्र दिशा देंगे, या उसे सत्ता के स्वर में ढाल देंगे।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# कविता

## संजीव-नी



हर स्त्री
शिव का अंश हुआ करती
यह बात
किसी ग्रंथ में लिखी नहीं
पर रसोई की धीमी आँच पर
उबलती आशाओं के साथ
चुपचाप समझ में आती।

वह
सारा जीवन
धीमा विष पिया करती है,
पर उसे
विष नही समझती
कहती
बस थोड़ा कड़वा पेय है।

उसकी हथेलियों में
रेखाएँ नहीं,
छोटे-छोटे संस्कार होते
जहाँ से
घर गुजरता
बच्चे इसी धारा में युवा होते
और समय
धीरे से थम जाता
कुछ पल आराम करने।

वह सीसकियों की आवाज
को बर्तन में रख देती
ताकि घर में
कोई टूटने की आवाज़ न हो।

कभी-कभी
आईने में देखती खुद को,
तो उसे
अपने ही चेहरे में
नीला आकाश दिखता।

जैसे किसी ने
विष को भी
रंग में बदल दिया हो।

हर स्त्री
शिव का अंश हुआ करती
इसलिए नहीं कि वह देवता है,
बल्कि इसलिए कि
वह अपने भीतर
सारा विष रख लेती
और फिर भी
दुनिया को
खाली हाथ नहीं जाने देती।

**संजीव ठाकुर**




**मेष**- कल का दिन आपके लिए मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में थोड़ी चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन आपकी मेहनत और आत्मविश्वास से आप उन्हें पार कर लेंगे। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा, जिससे मन हल्का रहेगा।

**वृषभ**- कल आपको धन लाभ के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। कोई पुराना निवेश फायदा दे सकता है। नौकरी या व्यापार में प्रगति होगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन**- कल का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है, लेकिन आपकी सूझबूझ से सब ठीक रहेगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कर्क**- कल आप भावनात्मक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस कर सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताना बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामान्य दिन रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** - कल आपका आत्मविश्वास चरम पर रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता और सम्मान मिलेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कन्या**- कल मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला**- कल का दिन संतुलित रहेगा। रिश्तों में मधुरता आएगी। किसी यात्रा के योग बन सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**- कल कुछ तनावपूर्ण स्थितियां बन सकती हैं। धैर्य और समझदारी से काम लें। धन लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन खर्च भी बढ़ सकते हैं।

**धनु**- कल भाग्य आपका साथ देगा। करियर में सफलता और नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बितेगा।

**मकर**- कल काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप सफलता प्राप्त करेंगे। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**- कल नए विचार और योजनाएं सफल होंगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ के योग हैं।

**मीन**- कल मानसिक शांति बनी रहेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। करियर में शांति और स्थिरता बनी रहेगी।

# शांति अशांति के बीच झूलती वैश्विक युद्ध की आशंका और परिणति



अमेरिका ईरान इजरायल युद्ध के बीच शांति वार्ता युद्ध के तैयारी के लिए समय समय पैदा करने की युति से ज्यादा कुछ नहींद्य अमेरिका युद्ध विराम को सिर्फ इसलिए आगे बढ़ते जा रहे हैं कि उन्हें अपनी तैयारी के लिए और समय चाहिए वैसे ईरान भी पूरी तरह से कंगाली के दौर से गुजर रहा है अब उसे युद्ध बढ़ाने के लिए समय चाहिए इन परिस्थितियों में ऐसा नहीं लगता की तीनों में से कोई देश शांति चाहता हो सब अपनी अपनी महत्वाकांक्षा और विस्तार नीति पर अड़े हुए हैंद्य परिणाम स्वरुप पूरा विश्व वैश्विक युद्ध की आशंका और उसके होने वाले परिणामों से भयभीत दिखाई दे रहा हैद्य

वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा कमजोर और शक्ति-प्रदर्शन की भाषा प्रबल होती जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव विशेष रूप से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच, विश्व को एक संभावित महायुद्ध यहाँ तक कि परमाणु युद्ध की आशंका की ओर धकेल रहा है। इस संपूर्ण घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ और उनके निर्णय भी चर्चा के केंद्र में हैं, जिन्हें लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर अमेरिका के नागरिक उनके संसद सदस्य और वैश्विक देश के नेताओं द्वारा भी अविश्वास प्रकट किया जा रहा है उनकी मानसिक स्थिति पर भी अब सवालिया निशान लगने लगे हैं।

ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो शांति वार्ताओं का उद्देश्य सदैव संघर्ष को समाप्त कर स्थिरता स्थापित करना होता है, किंतु हालिया प्रयासों में यह उद्देश्य बिखरता हुआ प्रतीत हो रहा है। जब मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान जैसे कमजोर, आतंकवादी और अपरिपक्व मानसिकता वाले देश को आगे किया गया, तब ही कई कूटनीतिक विश्लेषकों ने इसकी निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। किसी भी शांति प्रक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मध्यस्थ देश निष्पक्ष, विश्वसनीय और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। यदि मध्यस्थ ही अपने रणनीतिक हितों में उलझा हो, तो वार्ता का मार्ग स्वतः ही संदिग्ध हो जाता है।

अमेरिका और इज़रायल का दृष्टिकोण ईरान की परमाणु क्षमताओं को सीमित करने पर केंद्रित रहा है, जबकि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के अधिकारों का सदैव पक्षकार रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के उद्देश्य से है, परंतु पश्चिमी देशों को इसमें संभावित सैन्य उपयोग की आशंका दिखाई देती है। यही अविश्वास शांति वार्ता को बार-बार विफल करता रहा है।

अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्तावों को अस्वीकार करना इस बात का संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद की खाई गहरी होती जा रही है। इज़रायल, जो पहले से ही ईरान को कई वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, और उसके लिए यह लड़ाई अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है और वह किसी भी प्रकार के समझौते को लेकर अत्यंत सावधान और अतिरिक्त सतर्क है। ऐसे में जब तीनों शक्तियाँ अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक अड़े हुए और अडिग हों, तो शांति का मार्ग और भी ना मुमकिन सा होता दिखाई देता है।

यदि यह तनाव आगे बढ़कर जैसा की युद्ध विश्लेषक आशंका जाता रहे हैं परमाणु संघर्ष में परिवर्तित होता है, तो इसके परिणाम न केवल अत्यंत भयानक तथा विनाशक होने की संभावना होगी बल्कि युद्ध क्षेत्र भी सीमित नहीं रहेंगे, पूरी दुनिया इसकी जद और बड़े प्रभाव में आ जाएगी। सबसे पहले असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। तेल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा, जिससे महंगाई वैश्विक स्तर पर बेकाबू हो जाएगी। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जहाँ पहले से ही आम जनता महंगाई के दबाव से जूझ रही है।

महंगाई का सीधा असर आम जीवन पर पड़ता है।खाद्य पदार्थ, ईंधन, परिवहन, दवाइयाँ सभी की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। इससे निम्न और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होगा ह। रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं, और आर्थिक असमानता बढ़ जाती है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी परमाणु युद्ध के दुष्परिणाम अत्यंत भयावह होंगे। परमाणु विस्फोट से निकलने वाला विकिरण न केवल तत्काल जनहानि करता है, बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियों को जन्म देता है। कैंसर, जन्मजात विकृतियाँ, मानसिक रोग ये सब ऐसे प्रभाव हैं जो दशकों तक मानवता को झेलने पड़ते हैं। पर्यावरण पर इसका असर भी विनाशकारी होता है,जल, वायु और मिट्टी सभी प्रदूषित हो जाते हैं, जिससे कृषि उत्पादन ठप हो सकता है और खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है। इसके अतिरिक्त, एक परमाणु युद्ध 'न्यूक्लियर विंटर' जैसी स्थिति भी पैदा कर सकता है, जिसमें धूल और धुएँ के कारण सूर्य का प्रकाश धरती तक नहीं पहुँच पाता, जिससे वैश्विक तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। इसका परिणाम व्यापक अकाल और पारिस्थितिक असंतुलन के रूप में सामने आएगा।

वर्तमान स्थिति में सबसे अधिक आवश्यकता संयम, संवाद और विवेकपूर्ण नेतृत्व की है। विश्व शक्तियों को यह समझना होगा कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि नई समस्याओं की शुरुआत है। कूटनीति की मेज पर बैठकर मतभेदों को सुलझाना ही एकमात्र स्थायी मार्ग है।

अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज मानवता एक ऐसे दोराहे पर खड़ी है, जहाँ एक ओर शांति, सहयोग और विकास का मार्ग है, तो दूसरी ओर विनाश, अराजकता और अंधकार का। निर्णय विश्व नेताओं के हाथ में है, परंतु परिणाम पूरी मानवता को भुगतना होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि शांति को प्राथमिकता दी जाए और विश्व को एक और महायुद्ध की विभीषिका से बचाया जाए।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के लिए काल बन रही बरसात

**रूद्रपुर, देवरिया।** बुधवार से शुरू हुई आंधी व बरसात बिजली के लिए काल बन रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत जगहों पर किसी प्रकार बिजली बहाल हो पाई थी की पुनः आए आंधी व बरसात ने बत्ती गुल कर दी। बुधवार को शाम होते ही तेज आंधी व तूफान तथा उसके बाद हुई बरसात ने पूरे तहसील क्षेत्र की बिजली गुल कर दी। कस्बे में लगभग 20 घंटे बाद बिजली बाहर हुई तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बहाल होने में 2 से 3 दिन का समय लग गया। आंधी व तूफान से जर्जर पोल व तार टूट कर बिखर गए।स्थिति यह है कि हल्की बरसात में भी महीगंज उप केंद्र से फीडर को दी जाने वाली हाईटेंशन लाइन भी अक्सर फाल्ट हो जाया करती है। जिससे घंटों आपूर्ति बाधित हो जाती है। रविवार को दोबारा आई आंधी बरसात ने एक बार पुनः बिजली व्यवस्था चौपट कर दी। वहीं सोमवार को फिर कड़कती गरजती बिजली के साथ बरसात हुई जिससे पूरे क्षेत्र में सड़के कीचड़ युक्त हो गई। लोगों का कहना है कि हल्की बरसात व हल्की हवा भी रुद्रपुर क्षेत्र की बिजली के लिए काल बन जाती है। तार व पोल इतने जर्जर है कि वे हल्की हवा का भी दबाव नहीं झेल पाते हैं।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि में बदलाव का जनादेश, विकास के पक्ष में बढ़ता विश्वास



**खजनी गोरखपुर।** हालिया चुनावी परिदृश्य में पश्चिम बंगाल से आए रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा महिला मोर्चा की ओर से कहा गया कि यह जनादेश केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। भाजपा के विचारों के प्रेरणास्रोत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि माने जाने वाले इस प्रदेश में पहली बार भाजपा के पक्ष में माहौल बनना एक ऐतिहासिक संकेत माना जा रहा है। महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती अमित गुप्ता ने कहा कि 'यह जनादेश विकास की दिशा में जनता के स्पष्ट निर्णय को दर्शाता है। लोग अब सुशासन, सुरक्षा और अवसरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। 'क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी, महिला मोर्चा भाजपा संध्या त्रिपाठी ने कहा कि 'आज का जनमत इस बात का प्रमाण है कि जनता सकारात्मक राजनीति, विकास और पारदर्शिता के साथ खड़ी है। यह समय किसी पर आरोप लगाने का नहीं, बल्कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने का है। 'उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में जनादेश सर्वोपरि होता है और सभी को उसका सम्मान करना चाहिए। 'जहां विश्वास, वहीं विकास- यही है जनता का स्पष्ट संदेश।

### शिक्षा से जीवन को बेहतर ढंग से संवारा जा सकता है: विधायक



**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक के तुलसियापुर चौराहा स्थित पंडित बाबूराम शुक्ल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार व अंक वितरण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के हाथों से पुरस्कार व सम्मान पाकर छात्र काफी खुश हुए। मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा दौलत है जिसके माध्यम से जीवन को बेहतर ढंग से संवारा जा सकता है। परिश्रम से किये गये हर कार्य में सफलता मिलती है। अनुशासित रहकर निरंतर ईमानदारी से परिश्रम करते हुये छात्र अपने लक्ष्य को जरूर हासिल कर सकता है। उन्होंने लक्ष्य के प्रति समर्पित व संकल्पित रहने, विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन करने और माता-पिता, गुरुओं के सम्मान करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र- छात्राओं की पढ़ाई लिखाई में किसी प्रकार की आने वाली दुश्वारियां, कठिनाई में मदद के लिए तैयार हैं। इंटर में राज साहनी को पहला, निखिल मौर्य को दूसरा व श्रेया चौहान को तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित भी किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख पचपेड़वा मनोज कुमार तिवारी, प्रबंधक अनुपम शुक्ला, मयंक शुक्ला,प्रदीप कमलापूरी व छात्रों की उपस्थिति रही।

## सत्ता के संरक्षण में 'चंदा खेल'! बड़हलगंज थानेदार पर गंभीर आरोप, सियासत में उबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र में तैनात थानेदार एक बार फिर गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बार मामला केवल कार्यशैली तक सीमित नहीं, बल्कि कथित 'चंदा वसूली' जैसे संवेदनशील आरोपों से जुड़ा बताया जा रहा है। क्षेत्र में तेजी से फैल रही चर्चाओं और स्थानीय सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि यह पूरा खेल सिर्फ थाने तक सीमित नहीं, बल्कि इसके तार ऊंचे स्तर तक जुड़े हो सकते हैं। चर्चा है कि सत्ता में मजबूत पकड़ और कथित ऊपरी संरक्षण के चलते अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। यही वजह है कि आरोपों के बावजूद संबंधित थानेदार का मनोबल कम होने के बजाय और मजबूत होता दिख रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या कानून का रखवाला ही कानून को अपने हिसाब से संचालित कर रहा है?

सूत्रों के अनुसार, ड्यूटी के दौरान ही कथित तौर पर 'चंदा वसूली' का खेल संचालित हो रहा है। यदि यह आरोप सही हैं, तो यह न केवल पुलिस की साख पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि आम जनता के भरोसे को भी गहरी चोट पहुंचाता है। एक लोक सेवक से निष्पक्षता और ईमानदारी की अपेक्षा होती है, लेकिन जब वही व्यवस्था पर सवाल खड़े हों, तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। मामले ने अब राजनीतिक रंग भी ले लिया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई का अभाव स्थिति को और संदिग्ध बना रहा है। वहीं, यह भी चर्चा है कि कथित वसूली का हिस्सा 'कमीशन' के रूप में ऊपर तक पहुंचाया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। स्थानीय जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं- क्या सच्चाई सामने आएगी या मामला दबा दिया जाएगा?

### बंगाल में जीत का बहुमत हासिल करने पर भाजपा का जश्न



**रुद्रपुर, देवरिया।** नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बंगाल असम पाण्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऐतिहासिक जीत हासिल किया गया।इस उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि वहां के जनता जनार्दन की जीत है और भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अमित शाह संगठन से सुनील बंसल और सभी पदाधिकारी जो चुनाव में लगाए गए हैं उन सब लोगों की रणनीति की जीत है। कार्यक्रम में गौरी बाजार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्व विजय निषाद, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, सभासद दिलीप जायसवाल, तेज प्रताप गुप्ता, मंडल महामंत्री शिवम श्रीवास्तव ,सुनील श्रीवास्तव, इंजीनियर सुशील चंद, सुधांशु मौली ओझा, मनीष गुप्ता, अंशुल त्रिपाठी, कौशल किशोर सिंह,अरविंद शुक्ला,उदय दुबे सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एम एल सी रतनपाल ने लिया जलभराव का संज्ञान, ऊंची होगी सड़क



● निरर्थक साबित हो रहा नाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** बे मौसम की तेज बरसात ने करोड़ों की लागत से बने नाला निर्माण की पोल खोल कर रख दी। नाला बनने के बाद भी खजुहा चौराहे से मंदिर मार्ग में जगह-जगह जल भराव हो गया। दुर्गा मंदिर के सामने तो इतना पानी लग गया कि बाढ़ आई हो। एक सभासद ने दबी जबान कहा कि नाला का निर्माण पूर्व मंत्री के चहेते ने कराया है। बता दें कि उक्त सड़क का निर्माण एमएलसी डॉक्टर रतनपाल सिंह ने ही कराया था। जल भराव की खबर लगते ही वे रुद्रपुर पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा और नायब तहसीलदार अनिल तिवारी तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को तलब किया। मौके पर ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह से इस संबंध में वार्ता की। वही पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को भी समस्या से अवगत कराया।

श्री सिंह ने जनता की बेहद मांग पर नाथ बाबा मंदिर से होकर निवही मार्ग तक की जर्जर सड़क को चौड़ा करने व उसकी रिपेयरिंग करने की बात भी कही। ऐसा होने से खजुहा चौराहे पर जाम की समस्या कम हो सकती है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही बस स्टेशन का स्वरूप भी बदलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता छट्ठेलाल निगम तथा सभासद सज्जाद अली भी मौजूद रहे।

## पडरौना में भाजपा की जीत पर जश्न पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने बांटी मिठाइयां और खिलाई झालमुड़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना में भाजपा की बड़ी जीत की खुशी में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में जोरदार उत्सव मनाया गया। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर अध्यक्ष ने समर्थकों के साथ पटाखे जलाए और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया। नगर के विभिन्न हिस्सों में रैली निकाली गई, जहां भाजपा समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए जनता के बीच खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को बधाई दी। पूरे नगर का माहौल उत्सवमय नजर आया। जश्न के दौरान पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने लोगों को झालमुड़ी खिलाकर भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के



**योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें मनीष बुलबुल जायसवाल, सुशील टिबरेवाल, सुनील चौहान, बृजेश शर्मा, पवन जायसवाल, अभय मारोदिया, रवि शर्मा, मनोज जायसवाल, पप्पू चौरसिया, संजय साहा, राजू साह, दीनदयाल मद्धेशिया, सोनू शर्मा, आदर्श जायसवाल, विनायक शर्मा, बड़े मद्धेशिया, केदार गुप्ता, सर्वेश जायसवाल, मोहित शर्मा, मंथन सिंह, विकास शर्मा, बैजनाथ साह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दरवाजे पर बैठे युवक से जमकर मारपीट,जान से मारने की धमकी

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांदी मजरा बृंदावन बाग में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खांदी मजरा बृंदावन बाग निवासी देवी रैकवार पुत्र चैनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 मई 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही सोनू रैकवार पुत्र माते, विजय रैकवार पुत्र शोलू, कमलेश रैकवार पुत्र रमशू और संतू रैकवार पुत्र रामप्रसाद वहां आ गए और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उसे शरीर में चोटें आई। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नौतनवा में बिना अनुमति जुलूस-जाम का मामला गरमाया

● जन सूचना से खर्च और कार्रवाई का मांगा ब्यौरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा/महराजगंज।** 30 अप्रैल को नौतनवा की मुख्य सड़क पर बिना अनुमति जुलूस निकालने और तहसील गेट जाम करने का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई के घेरे में आ गया है। आरोप है कि 200 से 300 लोगों की भीड़ ने तहसील गेट पर घंटों जाम लगाकर सरकारी कामकाज ठप कर दिया था। प्रदर्शन के दौरान अशोभनीय टिप्पणी करने और गेट बंद रखने से आम लोगों का आवागमन भी बाधित रहा। स्थिति को काबू में करने के लिए मौके पर 100 से अधिक पुलिसकर्मी और पीएसी जवान तैनात करने पड़े थे। इस पूरे घटनाक्रम पर अब हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने जिला प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है।

नरसिंह पाण्डेय ने जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आरटीआई दाखिल कर प्रशासन से इस मामले में की गई कानूनी कार्रवाई, दर्ज मुकदमों व लगाई गई धाराओं का पूरा ब्यौरा मांगा है। साथ ही उन्होंने पुलिस व पीएसी के बंदोबस्त पर सरकारी खजाने से हुए कुल खर्च की जानकारी भी मांगी है। नरसिंह पाण्डेय का कहना है कि सार्वजनिक मार्ग जाम करना और सरकारी कार्य में बाधा डालना गंभीर अपराध है। बिना अनुमति जुलूस से न सिर्फ शांति व्यवस्था बिगड़ी बल्कि जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सरकारी खर्च की वसूली भी उन्हीं से कराई जाए।

गौरतलब है कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 126/223 के तहत सार्वजनिक मार्ग बाधित करना और धारा 132 के तहत लोक सेवक के काम में बाधा डालना दंडनीय अपराध माना गया है। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन के जवाब पर टिकी हैं। देखना होगा कि आरटीआई के जवाब में प्रशासन क्या जानकारी देता है और इस मामले में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

जाम प्रकरण सरकारी खर्च और बिना अनुमति पर प्रसन्नचिन्ह ?

30 अप्रैल को नौतनवा में बिना अनुमति जुलूस और तहसील गेट जाम का मामला गरमाया। स्थिति नियंत्रित करने को 100 से अधिक पुलिस-पीएसी जवान तैनात हुए। पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय ने RTI से कार्रवाई और सरकारी खर्च का ब्यौरा मांगा। मांग- दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और खर्च की वसूली भी उन्हीं से कराई जाए।

## आंधी-बारिश का कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

● सीएचसी जा रही एंबुलेंस पर गिरा पेड़, बड़ा हादसा टला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
रमेश कुमार यादव

**बलरामपुर** सोमवार को अचानक बदले मौसम ने उतरौला पचपेड़वा, नगर सहित पूरे जिले में व्यापक असर डाला। तेज आंधी के साथ आई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों पर गिर गए, वहीं कई स्थानों पर विद्युत पोल और तार टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। सबसे चिंताजनक घटना उस समय सामने आई जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला से मरीज को लाने के लिए जा रही एंबुलेंस अचानक आंधी की चपेट में आ गई। रास्ते में एक बड़ा पेड़ एंबुलेंस पर गिर पड़ा, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक रामदीन व सहायक प्रभात यादव उसमें फंस गए। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया और दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह हादसा आपदा के दौरान आपात सेवाओं की संवेदनशीलता को उजागर करता है।

आंधी-बारिश के कारण बिजली आपूर्ति पर भी व्यापक असर पड़ा है। नगर सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए और तार टूटकर सड़कों पर गिर गए, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, फॉल्ट की संख्या अधिक होने के कारण मरम्मत कार्य में समय लगेगा और कर्मचारियों को लगातार कई घंटे तक काम करना पड़ेगा। देर रात तक बिजली बहाल होने की संभावना जताई गई है।

वहीं, सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। उतरौला-बलरामपुर, उतरौला-मनकापुर, बदलपुर-धुसवा सहित कई प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित हो गया। नगर पालिका परिषद और लोक निर्माण विभाग की टीमों ने जेसीबी मशीनों की सहायता से पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया, लेकिन मार्ग पूरी तरह सुचारु होने में समय लगने की संभावना है।

यह प्राकृतिक घटना केवल एक मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि स्थानीय प्रशासनिक तैयारियों और आपदा प्रबंधन की वास्तविक परीक्षा भी साबित हुई। अचानक आई आंधी-बारिश ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में पेड़ों की नियमित छंटाई, जर्जर विद्युत पोलों का समय पर रखरखाव और आपातकालीन सेवाओं के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। विशेषज्ञों के अनुसार, गर्मी के मौसम में अचानक बनने वाले निम्न दबाव के क्षेत्र और तेज हवाएं इस तरह की घटनाओं को



जन्म देते हैं, जिन्हें स्थानीय स्तर पर पूर्वानुमान और सतर्कता से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इस घटना ने यह भी संकेत दिया है कि आपदा के समय नागरिकों की त्वरित प्रतिक्रिया जैसे एंबुलेंस में फंसे कर्मियों को बचाना कितनी महत्वपूर्ण होती है। साथ ही प्रशासन को भी चाहिए कि वह आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत करे, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। कुल मिलाकर, उतरौला में आई इस आंधी-बारिश ने जहां एक ओर प्राकृतिक आपदा का भयावह रूप दिखाया, वहीं दूसरी ओर राहत एवं बचाव कार्यों में स्थानीय लोगों और प्रशासन की सक्रियता भी सामने आई। क्षेत्र में अब जनजीवन को सामान्य करने के लिए तेजी से कार्य जारी है।

## चौबीस घंटे में चोरी का खुलासा, दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

● बीस हजार नकद और टैबलेट बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी की एक घटना का सफल अनावरण किया है। इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर द्वारा चलाए जा रहे जुर्म और जरायम की रोकथाम तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर और क्षेत्राधिकारी कादीपुर के निर्देशन में थाना कादीपुर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

थाना कादीपुर के पुलिस बल ने सोमवार को हरिपुर से श्यामजी विश्वकर्मा और रामजी विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्तों की उम्र करीब 22 वर्ष है और वे ग्राम दौलतपुर, थाना कादीपुर, जनपद सुल्तानपुर के निवासी हैं। क्षेत्राधिकारी




कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त कादीपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं और उनके खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इन चोरों की गिरफ्तारी से चार चोरी की घटनाओं का अनावरण हुआ है।

पुलिस ने इनके पास से दो टैबलेट, करीब 20,000 रुपये नकद और चांदी की पायल बरामद की है। बरामद सामान को संबंधित पीड़ितों ने पहचान लिया है। अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय सुल्तानपुर में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संत कुमार, हेड कांस्टेबल अभिषेक शर्मा, कांस्टेबल बलराम सिंह, कांस्टेबल अंगद यादव, कांस्टेबल सूर्यप्रत और कांस्टेबल सूरज पटेल शामिल थे।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोप, घर में घुसकर की हरकत

**तालबेहट।** पूराकलां क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बिरधा निवासी अखलेश पुत्र गोविन्द सिंह लोधी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 8 दिसंबर 2025 से महाराष्ट्र में मजदूरी कर रहा था। 26 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी सीमा नरवरिया का फोन आया, जिसमें उसने बताया कि करीब 15 दिन पहले रात लगभग 11 बजे गांव का ही कौशल पुत्र मुलायम लोधी उनके घर में घुस आया। आरोप है कि उस समय घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे और महिला अपने बच्चों के साथ कमरे में थी। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और बुरी नियत से उस पर लेट गया तथा कपड़े खोलने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर परिजन जाग गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पीड़ित के महाराष्ट्र से लौटने के बाद घटना की जानकारी मिलने पर उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए तखत ग्रुप की अनोखी पहल

● दूसरे दिन 400 से अधिक जलपात्र वितरित

● गांधीनगर-नईबस्ती के घर-घर पहुंचे सदस्य, लोगों ने सराहा सेवा अभियान

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच गौरैया समेत अन्य पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा जलपात्र वितरण अभियान लगातार जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। अभियान के दूसरे दिन सोमवार को भी शहर के गांधीनगर एवं नईबस्ती क्षेत्र में घर-घर जाकर 400 से अधिक जलपात्र वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण और जीव संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। गौरतलब है कि इस अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा किया गया था। उन्होंने इस सेवा कार्य को ईश्वरीय सेवा बताते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों को ऐसे जनहित और जीवहित कार्यों से जुड़ने का संदेश दिया था। सोमवार को तखत ग्रुप के सदस्य मोहल्लों और गलियों में पहुंचकर लोगों को जलपात्र वितरित करते रहे तथा उनसे अपील की कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए अपने घरों की छतों, बालकनी और छायादार स्थानों पर जलपात्र रखें और उन्हें प्रतिदिन सुबह-शाम स्वच्छ एवं ठंडे पानी से भरें, ताकि प्यासे पक्षियों को राहत मिल सके। अभियान के तहत एक विद्यालय में भी जलपात्र वितरित किए गए, जहां स्कूली बच्चों को गौरैया संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर भागीदारी का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मज्जू सोनी, विद्या मालवीय, पार्षद अफजुल रहमान, बृजेश लाला, सत्येंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया, सुदामा मिश्रा, अमित लखेरा, विजय शर्मा कुक्कन, आशीष चौबे, बलची जैन, हृदेश हुण्डैत ट्विंकल, रामकोटि तिवारी, मिंटू सिंघई, अमित तिवारी, पप्पू पटवा, नीलेश तिवारी, सुमेर जैन, जितेंद्र गोस्वामी गप्पू, आशीष हुण्डैत, अशोक अनौरा, गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। तखत ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक पक्षियों को गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध कराया जा सके।

### घाटमपुर थाने में 60 पुलिस कर्मी तैनात, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना घाटमपुर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 60 नए पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है, इसमें लगभग 50 पुरुष और 10 महिला पुलिस कर्मी शामिल हैं,,इन नए कर्मियों को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की इस, उन्हें डियूटी के दौरान सतर्क रहनै और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए, इस तैनाती के बाद कस्बे में सुरक्षा का माहौल बनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने 40 जवानों के साथ कस्बे के विभिन्न इलाकों में पैदल गस्त की, गस्त के दौरान भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों का गहनता से जाएगा लिया, इस पहल का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में भय पैदा करना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना है,, स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से भी संबाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया गया, यह कदम घाटमपुर में अपराध नियंत्रण और पुलिस की सक्रियता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और पटाखे दाग कर खुशी मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अंबेडकर नगर।** विधान सभाओं के चुनावों में लगातार देश के राज्यों को भगवा रंग से रंगते हुए भाजपा ने पहली बार बंगाल में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर कमल का फूल खिलाने, असम और पुडुचेरी में भाजपा की सत्ता वापसी पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और पटाखे दाग कर खुशी मनाया। बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि विधानसभाओं की चुनावों में लगातार मिल रही सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की जीत है। कहा कि बंगाल की जनता ममता बनर्जी के गुंडागर्दी की सरकार से ऊब गई थी। बंगाल की जनता ने स्वच्छ शासन और विकास की राजनीति करने वाली भाजपा की सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन भाजपा को दिया है। कहा कि बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से स्पष्ट हो गया है कि जनता भ्रष्टाचार में लिप्त और गुंडागर्दी की सरकार का सफाया हर स्तर पर चाहती है। उन्होंने भारी जीत का श्रेय भाजपा







सरकार की नीतियों,भाजपा के कार्यकर्ताओं और रणनीतिकारों को दिया है।

भाजपा जिला कार्यालय पर जश्न मनाने वालों में मुख्य रूप से विधायक धर्म राज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह, मोनू सिंह, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री विनय पाण्डेय, राजकुमार सेठ, कार्यालय सह प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, अमित पाण्डेय, आनंद श्रीवास्तव, अरविंद सिंह डिंपू, राजेश्वर गौतम, गौरव श्रीवास्तव, शशि द्विवेदी, सर्वेश प्रताप सिंह, लवकुश पाण्डेय, प्रेम चंद वर्मा, ज्ञान कुमार मोदनवाल, सीताराम सिंह, ऋषभ त्रिपाठी, चंद्रपाल वर्मा, रवींद्र वर्मा, एडवोकेट नीरज त्रिपाठी, सुनील राजभर, सेठ विशाल चंद, श्याम लाल राजभर, अनूप शर्मा, अशोक कन्नौजिया, रवि मौर्य आदि शामिल रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बंगाल में जीत के बाद तिलहर में जश्न, कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



**तिलहर (शाहजहांपुर)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी की जीत की घोषणा होते ही तिलहर में पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। सोमवार दोपहर बाद परिणाम सामने आते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया और नगर के प्रमुख चौराहों पर जश्न शुरू हो गया। बिरियागंज चौराहे पर सांसद अरुण कुमार सागर, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा और जिला कार्यालय मंत्री सुशील बाबू गुप्ता उर्फ बबलू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। यहां आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। राहगीरों को भी मिष्ठान वितरित कर जीत का जश्न साझा किया गया। ढोल-नगाड़ों और नारेबाजी के बीच क्षेत्र का माहौल देर तक उत्सव मय बना रहा। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों की स्वीकृति का परिणाम है। उन्होंने इसे विकास और सुशासन की दिशा में अहम जनादेश बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता आगे भी इसी तरह जनता के बीच रहकर संगठन को मजबूत करेंगे। इस दौरान अल्लाहगंज के पूर्व चेयरमैन अनिल गुप्ता, कलान के चेयरमैन हरनारायण गुप्ता, अरुण यादव उर्फ चैनू, नगर अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता, जयप्रकाश द्विवेदी, संजय पाठक, सुनील गुप्ता चोटी, वरिष्ठ नेता देवेंद्र गुप्ता और आशीष शर्मा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रिश्वत प्रकरण में तेज हुई जांच, एंटी करप्शन टीम ने मंडी पहुंचकर दर्ज किए बयान

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** आरएफसी केंद्र पर तैनात एएमओ मुनेंद्र नाथ पटेल के रिश्वत प्रकरण में जांच ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को एंटी करप्शन टीम नवीन मंडी स्थल पहुंची और मामले से जुड़े कर्मचारियों व शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए। टीम के अचानक पहुंचने से मंडी परिसर में कुछ देर के लिए हलचल का माहौल बन गया। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को मदनापुर क्षेत्र के गांव चाहरपुर निवासी किसान एवं प्राथमिक विद्यालय शिक्षक सौरभ सिंह की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई करते हुए एएमओ मुनेंद्र नाथ पटेल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद मीरानपुर कटरा थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इसी क्रम में सोमवार दोपहर टीम तिलहर की नवीन मंडी स्थित आरएफसी क्रय केंद्र पर पहुंची। यहां अधिकारियों ने केंद्र पर तैनात प्रभारी और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए। साथ ही शिकायतकर्ता सौरभ सिंह को भी मौके पर बुलाकर कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली गई। करीब आधे घंटे तक चली इस कार्रवाई के दौरान मंडी परिसर में चर्चाओं का दौर गर्म रहा। कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच टीम की मौजूदगी को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगती रहीं। हालांकि, टीम ने जांच के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। सूत्रों के मुताबिक, दर्ज किए गए बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## स्विफ्ट डिजायर कार तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई



**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र के सिद्ध बाबा मंदिर के पास रविवार को एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरबी 112 मौके पर पहुंची और कार में फंसे घायल चालक को बाहर निकालकर तत्काल निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया। बताया जा रहा है कि सिंगाही-बेलरायां नेशनल हाईवे पर स्थित देवस्थान सिद्ध बाबा के पास यूपी 32 ईएच 4698 नंबर की स्विफ्ट डिजायर तेज गति से जा रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई और पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चालक जफर केदवाई निवासी केशरबाग, लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के दौरान उनके सिर में अधिक रक्तस्राव को देखते हुए डॉक्टरों ने हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद धौरहरा में गरजा बुलडोजर

● अवैध झोपड़पट्टियां जमींदोज

छह माह पूर्व किसानों की एक हेक्टेयर भूमि पर किया गया था कब्जा

भारी पुलिस बल के साथ हटा अतिक्रमण





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धौरहरा-खीरी।** तहसील धौरहरा के ग्राम अमेठी के नामदार पुरवा में कृषि योग्य भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को सोमवार को प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटा दिया। हाईकोर्ट के कड़े निर्देश के बाद हरकत में आए प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर अवैध रूप से डाली गई झोपड़पट्टियों को ढहा दिया और भूमि को कब्जामुक्त कराया।

**क्या था मामला**

मिली जानकारी के अनुसार, धौरहरा कस्बे के निवासी वहीद खां, हामिद खां, राशिद खां, जमशेद खां सहित अन्य खातेदारों की गाटा संख्या 1398/1 और 1398/2 की करीब एक हेक्टेयर भूमि पर पिछले साल नवंबर माह में अवैध कब्जा किया गया था। नामदारपुरवा निवासी छत्रपाल, अशोक, सतीश, राकेश, अमरजीत, अमित और मीरादेवी समेत कई लोगों ने जबरन झोपड़पट्टियां डालकर यहाँ रहना शुरू कर दिया था।

**न्याय के लिए हाईकोर्ट पहुंचे किसान**

पीड़ित किसानों ने अपनी जमीन वापस पाने के लिए थाना दिवस, तहसील दिवस से लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तक न्याय की गुहार लगाई थी। जब स्थानीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो पीड़ितों ने हाईकोर्ट की शरण ली। सूत्रों के अनुसार, अप्रैल माह में हाईकोर्ट ने इस मामले में सख्त आदेश जारी किए, जिसके बाद सोमवार को जिला प्रशासन ने कार्रवाई सुनिश्चित की।

**प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में हुई कार्रवाई**

सोमवार को अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान नायब तहसीलदार धौरहरा वीरेंद्र यादव और चकबंदी अधिकारियों की टीम मौके पर मौजूद रही। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धौरहरा, ईसानगर और खमरिया थानों का भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में अवैध ढांचों को हटाकर भूमि वास्तविक मालिकों को सौंप दी गई।

**अधिकारी का कथन:**

'माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करते हुए अवैध कब्जे को हटाया गया है। राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' – प्रशासनिक अधिकारी

## तेज आंधी-बारिश में पक्का मकान ढहा, बड़ा हादसा टला



**नीमगांव खीरी।** थाना क्षेत्र के खमरिया गांव में सोमवार सुबह तेज आंधी और बारिश के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव निवासी चंदा देवी पत्नी स्वर्गीय राजाराम (विधवा) के पक्के मकान की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। घटना के समय घर में रखा सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही कि घर में मौजूद सभी सदस्य बाल-बाल बच गए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज हवा और लगातार बारिश के कारण मकान कमजोर हो गया था, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है और उन्हें काफी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से की मदद की मांग, ताकि पीड़ित परिवार को राहत मिल सके और सुरक्षित आवास की व्यवस्था कराई जा सके।

# श्रीराम परिवार की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई संपन्न

● भक्तिमय वातावरण हुआ विशाल भंडारा

पंडरी में भक्ति एव आस्था का संगम नवनिर्मित जगदीश्वर मंदिर में राम जानकी भगवान से पूरा परिवार सम्मिलित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नवाबगंज/** क्षेत्र के पंडरी में सुप्रसिद्ध प्रकाण्ड विद्वान, विप्र शिरोमणि एवं ज्योतिषाचार्य परम आदरणीय पंडित जगदीश मिश्रा के पैतृक ग्राम पंडरी में उनके परिजनों द्वारा नवनिर्मित भव्य जगदीश्वर राम जानकी मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा का भव्य महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की दिव्य अनुभूति के तहत मनाया गया। तीन दिवसीय वैदिक अनुष्ठान, पूजन, हवन एवं मंत्रोच्चारण के उपरांत रविवार को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न हुआ। वैदिक ऋचाओं और मंत्रों की पावन ध्वनि के माध्यमसे भगवान श्रीराम, माता जानकी, अनुज लक्ष्मण संकटमोचन हनुमान तथा भगवान भोलेनाथ एवं उनके परिवार की दिव्य प्रतिमाओं को पूर्ण विधि-विधान के साथ मंदिर में विराजमान किया गया है पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में। जय श्रीराम और हर हर महादेव के उद्घोषों से गुंजायमान रहा वातावरण। सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित जगदीश मिश्रा के सानिध्य में सम्पन्न इस दिव्य आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति और आस्था से ओतप्रोत वातावरण ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया ऐसा प्रतीत हुआ अब कहीं स्वर्ग है तो यहीं पर है कार्यक्रम के समापन पर विशाल भण्डारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। यह नव निर्मित देवालय आने वाले समय में सनातन संस्कृति, धर्म एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रेरणास्रोत बने – यही प्रभु श्रीराम एवं देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना की गई है।

# भीरा रेंज में वाटर होल और बोरिंग के नाम पर भारी भ्रष्टाचार

● फॉरेस्ट गार्ड वन दरोगा की मिली भगत से खेल किए जाने के आरोप

कहीं वाटर होल हैं तो बोरिंग नहीं है वहीं कहीं-कहीं वाटर होल और बोरिंग दोनों नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** प्रदेश सरकार की जीरो बैलेंस नित को तक पर रखकर बंद रेंज भीरा में भ्रष्टाचार की जड़े काफी गहरी होती जा रही हैं ताजा मामला जनपद खीरी के दक्षिणी खीरी बंद प्रभाव के अंतर्गत वन रेंज वीर का बताया जाता है यहां पर सिस्टम की अनदेखी के चलते अरसे से भीरा रेंज में जमीन फॉरेस्ट गार्ड द्वारा जमकर सरकारी खजाने को चपत लगाए जाने का मामला सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि वीर रेंज के अंतर्गत वन बीट पड़रिया छे राशि चक और पादनापुर में वाटर होल बनाने और उन पर बोरिंग के द्वारा वन्य जीवों को जंगल के अंदर ही पीने के लिए पानी की व्यवस्था के नाम पर प्रतिवर्ष सरकार से मिलने वाली भारी भरकम धनराशि का बंदर बात कर लिया गया महल कागजों पर वाटर होल और बोरिंग के साथ-साथ वाटर होल में रोजाना पानी भरा जाना दिखाकर सरकारी खजाने को लाखों का चूना लगाया जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है।सूत्र बताते हैं कि भीरा रेंज अंतर्गत वन बीट पड़रिया,चक, क्षैरासी,पलहनापुर की यदि करा ली जाय कुमबिंग तो एक बड़ा फर्जीवाड़ा और भ्रस्टाचार का मामला खुलकर आएगा सामने।सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त जगहों में से अधिकांश जगहों पर वाटर होल ही नहीं है जहां है भी वहां अधिकांश जगहों पर बोरिंग नहीं है। बताया तो यहां तक गया है कि नगर पंचायत के टैंकर से एक दो बार पानी भरवा कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती है यहां पर कई बड़े सवाल खड़े होते हैं ।जब वाटर होल पर बोरिंग ही नहीं है तो फिर इंजन से पानी कैसे भरा जाता है? कहीं एक ही बोरिंग पर भरे गए पानी की फोटो खींचकर सब जगह डाउनलोड तो नहीं की जाती है? इतना बड़ा गड़बड़ होने के बावजूद रेंजर साहब को इसकी भनक तक नहीं शंका पैदा करता है। मामला जांच का विषय बना है फिलहाल मामले की सूचना अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार भीरा रेंज से संबंधित सूचना चाही गई है वांछित सूचनाएं मिलने के बाद होगा एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश।इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि भीरा रेंज में चल रहा यह खेल सिर्फ वाटर होल और पानी का मामला नहीं, बल्कि नियमों की धज्जियां उड़ाने वाला एक संगठित अपराध है। अगर समय रहते उच्चाधिकारियों ने इस मायाजाल की जांच नहीं की, तो सरकार को करोड़ों के राजस्व का चूना लगना तय है। मामले की शिकायत मुख्य वन संरक्षक लखनऊ मंडल सहित वन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ और प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिणी खीरी से कर मामले की उच्चस्तरीय जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने की मांग किए जाने की बात सामने आई है।

**वर्जन-** इस सम्बंध में जब वन दरोगा राम चन्द्र से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मेरे यहां छेराशि बीट में 03 वाटर होल बने हैं और तीनों जगह बोरिंग है वहीं पलहनापुर में जानकारी देने की बजाय बोले इसके लिए फॉरेस्ट गार्ड लतीफ खां से पूछ लो मुझे जानकारी नहीं है जबकि सेक्शन ऑफिसर राम चन्द्र ही है इनको अपने सेक्शन की जानकारी न होना बताता है कि सब कुछ ठीक नहीं है। वहीं वन दरोगा राम किशन यादव ने कुछ भी बताना उचित नहीं समझा, और फॉरेस्ट गार्ड लतीफ का कहना है चार वाटर होल है चारों पर बोरिंग है ।

# राज्यसभा सांसद नवीन जैन पहुंचे पंचकल्याणक महोत्सव

● भव्य स्वागत व मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

राज्यसभा सांसद नवीन जैन का स्वागत करते हुए सचिन जैन जिला सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** हाईवे रीजेंसी स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पंचकल्याणक महोत्सव में सोमवार को कई मनमोहक प्रस्तुतियां एवं धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नवीन जैन एवं मधु बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। आचार्य निर्भय सागर महाराज ने शमोशरण में विराजमान होकर राज्यसभा सांसद नवीन जैन को शास्त्र एवं अपने द्वारा लिखित पुस्तक आशीर्वाद स्वरूप भेंट की। इसके साथ ही दोनों अतिथियों का पंचकल्याणक महोत्सव समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राज्यसभा सांसद नवीन जैन का स्वागत जिला सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा सचिन जैन द्वारा तथा मधु बघेल का स्वागत साधना जैन एवं समस्त समिति सदस्यों द्वारा पटका, माला, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया। महोत्सव में केवल ज्ञान संस्कार, केवल पटोद्घाटन, केवल ज्ञानोत्पत्ति, शमोशरण रचना, भगवान की दिव्य ध्वनि एवं केवल ज्ञान पूजा जैसे धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुए। इसके बाद मोक्ष कल्याणक कार्यक्रम में भगवान आदिनाथ के कैलाश पर्वत पर दर्शन, भगवान आदिनाथ के निर्वाण प्राप्ति, अग्निकुमार देव द्वारा अग्नि संस्कार तथा मोक्ष कल्याणक पूजन क्रियाएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर पंचकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष सर्वेश जैन, महामंत्री पाण्डेय जयंत जैन, कोषाध्यक्ष विशाल जैन, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा सचिन जैन, प्रमोद जैन दिल्ली, उपाध्यक्ष दीपक जैन एडवोकेट, अजित जैन, राजीव जैन, प्रिंस जैन, सोनू जैन, राजू जैन, अंकित जैन कोटकी, पंकज जैन, संदीप जैन सरिया, समुद्रगुप्त जैन, चंदू जैन, अग्रज जैन, विपिन जैन, कमल जैन दिल्ली, मनीष जैन सहित समस्त जैन समाज उपस्थित रहा।

# कटरा निकाय का उपचुनाव आज,पोलिंग पार्टियां रवाना

● कचरा गाड़ी से गद्दे भेजने पर उठे सवाल






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** मतदान कर्मियों की रवानगी के साथ ही नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के उपचुनाव की प्रक्रिया ने अंतिम चरण में प्रवेश कर लिया। सोमवार को ब्लॉक सभागार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोलिंग पार्टियों को उनके-उनके बूथों के लिए रवाना किया गया, जबकि मतदान मंगलवार को होना है। एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एसडीएम तिलहर जीत सिंह राय, एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज और क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव की मौजूदगी में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को मतपेटिकाओं और बैलेट पेपर के साथ बसों के जरिए भेजा गया। अधिकारियों के अनुसार उपचुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि 16 वार्डों के लिए 12 मतदान केंद्र बनाए हैं। कुल 7 पोलिंग पार्टियां और 5 रिजर्व टीमें लगाई गई हैं, जिनमें करीब 160 कार्मिक तैनात हैं। इनमें 33 महिला कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 1 जोनल मजिस्ट्रेट की निगरानी में पूरी चुनावी प्रक्रिया संचालित होगी। चुनाव मैदान में 11 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें चार राजनीतिक दलों के उम्मीदवार और सात निर्दलीय शामिल हैं। मतदान पारंपरिक मतपत्रों से कराया जाएगा। नगर पंचायत क्षेत्र के 31,465 मतदाता मतदान में भाग लेंगे, जिनमें 16,807 पुरुष और 14,658 महिला मतदाता शामिल हैं। मतगणना के लिए 6 टेबल निर्धारित की गई हैं, जहां प्रत्येक टेबल पर दो कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। चुनावी तैयारियों के बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए गद्दे कूड़ा ढोने वाली गाड़ी से भेजे गए। इस मामले ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं और स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव का कहना है कि मतदान को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर बूथ पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

## पर्यावरण संरक्षण की विशेष मुहिम बढ़-चढ़कर भाग लें- पुष्पेंद्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि बरेली महानगर स्वच्छ भारत मिशन नगर निगम द्वारा रामगंगा घाट पथ साफ-सुथरा करने का सामूहिक प्रयास किया। कार्यकर्ताओं द्वारा रामगंगा के एक छोटे भाग को चिन्हित करके पॉलीथिन, धार्मिक अवशेष, डायपर्स, गुटखे के खाली पैकेट। आदि को घाट से हटाया गया। रामगंगा घाट पर आने वाले लोगों से घाट पर गंदगी न फैलाने का आह्वान किया गया। पवित्र रामगंगा पुल से नीचे धार्मिक सामग्री पवित्र रामगंगा में न फेंकने का आग्रह किया । पर्यावरण संरक्षण गतिविधि और स्वच्छ भारत मिशन नगर निगम की टीम ने दस बड़े कट्टों में कूड़ा - करकट को उठाया ।आगे भी अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया । पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की ओर से प्रान्त युवा शक्ति प्रमुख पुष्पेंद्र, महानगर संयोजक सुदीप, कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के महानगर संयोजक,अरुण भटनागर,महानगर युवा शक्ति प्रमुख मोहित शर्मा, रविन्द्र , नगर संयोजक चंचल, प्रेम शंकर,अनिल सिंह रमाकांत, भारत और प्रमोद अमृत सरोवर बुखारा में वट और पीपल के पौधे रोपे। स्वच्छ भारत मिशन नगर निगम ओर से सुमित शर्मा, प्रखर मिश्रा, ललित मोहन, देव, आदेश, वाणी शंखधार , शाहिद आदि का विशेष सहयोग रहा।

## विवादों के बीच फिरोजाबाद के छरू रमेश रंजन का ट्रांसफर, संतोष कुमार बने नए डीएम




**फिरोजाबाद।** शासन ने रविवार देर रात डीएम रमेश रंजन को स्थानान्तरण कर दिया। उन्हें राजस्व परिषद में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त बनाया गया है। वहीं उनके स्थान पर महाराजगंज के डीएम संतोष कुमार शर्मा को यहां भेजा गया है। डीएम रमेश रंजन मार्च 2024 में यहां आए थे। उनके स्थानान्तरण की कई दिनों से चर्चा चल रही थी। जिलाधिकारी रमेश रंजन और टूंडला की तहसीलदार राखी शर्मा के बीच कुछ दिन पहले गहराये विवाद की जांच के बीच डीएम का भी स्थानांतरण हो गया। आवास के एक बाबू पर फोन के लिए दबाव बनाने की बातचीत का ऑडियो भी वायरल हुआ था।तहसीलदार का पहले ही लखनऊ में संबद्धीकरण हो चुका है। वहीं पूरे मामले की जांच लखनऊ द्वारा की जा रही है। रमेश रंजन को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश की नई तैनाती दी है।

# बंगाल में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

● न्याय के लिए जनता ने भाजपा को चुना राठौर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**नवाबगंज पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका नवाबगंज कुंवर रविंदर सिंह राठौड़ को भाजपा ने बंगाल के चुनाव में 3 महीने तक बंगाल में रहकर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया था जिसके अनुसार उन्होंने बंगाल में रहकर पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्य किया। आज बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए कार्यकर्ताओं ने कुंवर रविंदर सिंह राठौड़ को बधाई दी और कहा आपकी मेहनत रंग लाई जिसके कारण वहां ममता का किला धराशाई हो गया इसके लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रचार में लगे कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों पर ही बंगाल में विजय पताका लहराई गई है। इस मौके पर कुंवर रविंदर सिंह राठौड़ ने अपने फार्म हाउस पर अपने सभी मित्रों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चाय पार्टी की और बंगाल में जीत के लिए हर्ष व्यक्ति किया इस मौके पर विनोद गुप्ता पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार गंगवार समेत अनेक लोगों के साथ वार्ता की गई उन्होंने बंगाल में रहकर वहां के रहन-सहन पर भी लोगों को अवगत कराया। कितने कठिन परिश्रम के बाद वहां प्रचार प्रसार किया गया जिसके परिणाम स्वरूप भाजपा को प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है जीत एक मिसाल है वहां की जनता ने अन्याय से मुक्ति पाने के लिए भाजपा का दमन पड़ा जिसके कारण वहां पर जीत का अवसर प्राप्त हुआ।

## तावडतोड चोरिंयो से दहला गांव घरधनियां

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव घरथनिया मे तावड तोड चोरियो से ग्रामीणो व क्षेत्र वासियो की नीद उडा कर रख दी है, वही हैदराबाद पुलिस की रात्रिकालीन गस्त पर सवालिया निशान भी उठ रहा है मालूम हो की विति रात घरथनिया गांव के वाहन मकान बनाकर रह रहे दामपत्ती राजेश कुमार राठौर पुत्र राम लाल के घर मे चोरो ने पिछे के रास्ते से दरबाजे की कुंड्डी खोल कर घर के अंदर दाखिल हो गये और घर के ऐक कमरे मे रखे लगभग पचास हजार की नगदी के सहित ऐक सोने का हार, सोने के ऐक जोडी झूले, एक नधनी व चांदी की तीन जोडी पायल, ऐक कमर बंद विछुआ व वच्चे की स्कूल की फीस के सहित पचास हजार की नगदी पार कर ले गये ग्रह स्वामी छत के उपर अपनी पत्नी व ऐक बच्चे के साथ सोये हुये थे जवकि उसके पिता राम लाल घर के बाहर सो रहे थे,घटना विति रात लगभग 12 बजे की बताई जा रही है वही दूसरी घटना गोला सिकंदराबाद हाइवे पर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की है जहां पर स्कूल मे रसोई घर का ताला तोडकर ऐक सिलेंडर व अनाज आदि चुरा ले गये है,स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार शुक्ला ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसके पश्चात हैदराबाद थानाध्यक्ष ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर घटना का अतिशीघ्र खुलासा किये जाने की बात कही है।

# तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

● एटा रोड शिविर कार्यालय पर हुआ भव्य आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने तथा पश्चिम बंगाल और असम में दो-तिहाई बहुमत मिलने की खुशी में एटा रोड स्थित शिविर कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की और मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देश की जनता ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, करिश्माई नेतृत्व और प्रधानमंत्री द्वारा किए गए राष्ट्रहित के कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश विपक्ष के लिए करारा जवाब है और पिछले 12 वर्षों में लिए गए नीतिगत निर्णयों पर जनता के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों के भरोसे के केंद्र बिंदु हैं और उनके नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है। जनता ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि मोदी सरकार की योजनाएं और राष्ट्रहित के कार्यों को व्यापक समर्थन प्राप्त है। जिला अध्यक्ष ने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय संबंधित राज्यों के कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और समर्पण को देते हुए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर शिव शंकर शर्मा, नीलम दिवाकर, दिनेश गुप्ता, पवन चक, महिपाल निषाद, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन, पूरन सिंह, दीपक कनवा, अंकित शर्मा, गिरवर निषाद, विनोद सिंह, बंटी सिंह, अजीत जूर्ण, नितेश शर्मा, अनीश, आनंद प्रताप सिंह 'गुल्लू', संतपाल सिंह यादव, अनुज राघव, दिवांशु उपाध्याय, कमलेश राजपूत (ब्लॉक प्रमुख), टूण्डला ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र धनगर एवं नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तपिश के बीच बदला मौसम, बादलों और ठंडी हवाओं से मिली राहत





**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र में गर्मी चिलचिलाती धूप के बीच सोमवार को मौसम का मिजाज एक सप्ताह बाद एक बार फिर पूरी तरह बदल गया। सुबह से ही आसमान में घने काले बादलों ने डेरा डाल दिया, जिससे सूरज की तपिश दिन भर बेअसर रही और लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। भोर से शुरू हुई बादलों की आवाजाही देखते ही देखते पूरे आसमान में छा गई। दिन भर आसमान में उमड़ घुमड़ रहे बादलों के बीच लगातार गड़गड़ाहट के साथ बूंदा बन्दी होती रही।बारिश होने जैसे आसार बने रहे। हालांकि देर शाम तक बारिश नहीं हुई, लेकिन ठंडी हवाओं के झोंकों ने मौसम को खुशनुमा बनाए रखा।आमतौर पर मई महीने की दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण बाजारों में सन्नाटा के माहौल के बीच सोमवार को मौसम सुहाना होने के चलते बाजारों में चहल पहल बनी रही। लोग खरीदारी करते और मौसम का आनंद लेते नजर आए।ग्रामीण क्षेत्रों में लोग घरों के बाहर पेड़ों और छप्परों के नीचे बैठकर ठंडी हवाओं का आनंद उठाते दिखे। गर्म हवा और लू से लोगों को निजात मिली है।

### जिगना में बड़ी चोरी, 8 लाख के जेवर-नकदी ले उड़े चोर; सिसीटिबी हार्ड डिस्क भी साथ ले गए



**मिर्जापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के ग्राम गौरा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी कर इलाके में सनसनी फैला दी। चोर सूर्यमनी सिंह के घर में घुसकर करीब सात लाख रुपये के कीमती जेवरात और एक लाख रुपये नगद पार कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर घर में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे की हार्ड डिस्क और वाई-फाई उपकरण भी अपने साथ उठा ले गए, जिससे घटना के सुराग जुटाने में दिक्कत हो सकती है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। थाना पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है, जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### संस्कृत महाविद्यालयों में फर्जी नियुक्ति को लेकर मचा हुआ है बवाल



**इसके पूर्व में भी संस्कृत महाविद्यालय में फर्जी नियुक्ति पर आक्रोशित थे ग्रामीण।**

**मीरजापुर।** मिर्जापुर श्री0 प0 सकठा प्रसाद वैध सस्कृति महाविद्यालय पखवईया मीरजापुर मे अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर मचा हुआ है बवाल मोटी रकम लेने के बाद संस्कृत विद्यालयों में हो रही अध्यापकों की नियुक्ति सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संस्कृत महाविद्यालय में मोटी रकम लेकर जिनके पास कोई वैध डिग्री नहीं है नियुक्ति पूरी तरह से मानक विहीन है जिनका मोटी रकम लेकर विभाग के द्वारा किया जा रहा है नियुक्ति डिग्री लेने वाले अध्यापक दर-दर भटक रहे हैं बिना डिग्री के लोग पैसा देकर करवा ले रहे हैं संस्कृत विद्यालयों में भर्ती आए दिन नियुक्ति में फर्जीवाड़ा देखने को मिलता रहता है इसके पूर्व में भी संस्कृत पाठशाला में नियुक्ति को लेकर काफी मोटी रकम की हुई है वसूली। अब दोबारा फिर मोटी रकम लेकर हो रहा है वशुली संस्कृत पाठशाला में फर्जी नियुक्ति फर्जी नियुक्ति रुकवाने के लिए लोगों ने किया शासन से मांग और विभागीय अधिकारियों के उपर पर कार्रवाई।

## मनरेगा श्रमिकों तथा अन्य निर्माण क्षेत्र में लगे श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण, एवं जागरूकता कैंप का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही** दिनांक 04.05.2026 को ग्राम पंचायत ईटहरा में श्रमिक पंजीकरण, नवीनीकरण, योजनाओं के हितलाभ व जागरूकता के बारे में कैंप आयोजित किया गया है कैंप के मुख्य अतिथि मा.विपुल दुबे विधायक ज्ञानपुर केभाई विनय दुबे रहे। इस अवसर पर उनके द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार, द्वारा श्रमिकों के हितार्थ संचालित की जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया की मात्रा ?20 में आपका श्रमिक पंजीयन हो जाएगा और 20 में ही आपका नवीनीकरण भी हो जाएगा जिसके पश्चात आप विभिन्न सारी हितलाभ की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं पंजीयन के लिए आपको आधार कार्ड, बैंक पासबुक. एवं मोबाइल साथ में लेकर स्थानीय कॉमन सर्विस सेंटर ष्टस्ष्ट सेंटर पर जाना पड़ेगा जिससे वहां पर बड़े सरलता से आपका पंजीकरण, नवीनीकरण, हो जाएगा उपस्थित लोगों को श्रमिकों के बच्चों के हितार्थ संचालित आवासीय विद्यालय के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस अवसर पर लगभग 300 श्रमिक मौजूद रहे जिसमें 60 श्रमिकों का पंजीयन हुआ, 05 नवीनीकरण हुआ और 02 लोगो का प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन पेंशन योजना, के अंतर्गत पंजीकरण कराया गया।

**इसी क्रम में मनोज शर्मा** श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तथा यह भी बताया गया कि बहुत जल्द मंडल में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा सकता है यह भी बताया गया कि बाकी श्रमिकों का आधार कार्ड में मोबाइल नंबर नहीं लिंक होने के बजह से रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन पेंशन योजना के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

**इस अवसर पर चमेंला देवी ग्राम प्रधान**

शैलेश पांडे मंडल अध्यक्ष ओम मिश्रा दीपक तिवारी जेपी मिश्रा टिंकू सिंह धनंजय तिवारी अनिल मिश्रा राजन पाठक विधान चंद दुबे पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पाल , डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान,जूही श्रीवास्तव प्रोग्राम मैनेजर अजय यादव वीरेंद्र कुमार, कमलेश, विकास, नितिन सरोज ,पंचायत सहायक सफाई कर्मी जेपी पाल वीरेंद्र यादव, दीपक नीरज पांडे, राहुल मिश्रा प्रभारी कॉमन सर्विस सेंटर उपस्थित रहे भारी संख्या में निर्माण श्रमिक जनप्रतिनिधि स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया।

## बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर स्टेयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न, जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने की। इस अवसर पर मा. विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, मा. विधायक भदोही जाहिद बेग तथा मा. सांसद प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील गांवों की अद्यतन सूची तैयार रखने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को तटबंधों, बांधों एवं नहरों का सघन निरीक्षण कर मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही नदियों के जलस्तर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि बाढ़ राहत शिविरों के लिए चिन्हित स्थानों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, प्रकाश एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही खाद्यान्न, दवाइयों एवं आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को जलजनित एवं संक्रामक रोगों से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय टीमों एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए चारा एवं उपचार की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने बाढ़ के दौरान त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए नावों, गोताखोरों एवं राहत टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मॉक ड्रिल आयोजित कर तैयारियों का परीक्षण करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, कंट्रोल रूम को 24म7 सक्रिय रखते हुए सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए प्रभावी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड सुधीर कुमार पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत सचिवालय महजूदा की व्यवस्था देख हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने की सराहना



**भदोही।** जनपद के महजूदा ग्राम पंचायत में स्थित सचिवालय की स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं आकर्षक सौंदर्य की सराहना स्वयं उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने की। रविवार को न्यायमूर्ति श्री तिवारी ग्राम निवासी कमलेश यादव के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने उनसे ग्राम पंचायत सचिवालय का अवलोकन करने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। सचिवालय पहुंचकर वहां की साफ-सफाई, सुव्यवस्थित लाइब्रेरी , अभिलेखों एवं आकर्षक रख-रखाव को देखकर न्यायमूर्ति विशेष रूप से प्रभावित हुए। अवलोकन के दौरान न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने सचिवालय की व्यवस्था की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने इसे ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट कार्य का उदाहरण बताया। इतना ही नहीं, सचिवालय की सुंदरता से प्रभावित होकर उन्होंने अपने मोबाइल फोन से पंचायत भवन की तस्वीर भी स्वयं ली।इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा और उन्होंने इसे ग्राम पंचायत के लिए गौरव का क्षण बताया।

## आर एस पी एम/ भा प स के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंप दी गई जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार, मिर्जापुर।** रविवार को राष्ट्रीय संयुक्त पसमांदा मोर्चा/ भारतीय पसमांदा समाज के पदाधिकारियों की प्रदेश प्रभारी यासीन राईन के आवास पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक की गई जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक के मुख्य अतिथि आर एस पी एम/ भा प स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ साजिद अंसारी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। यासीन राईन को प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश, मुहम्मद जकी को अध्यक्ष काशी प्रांत,वकील अहमद को प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश, एडवोकेट मुहम्मद अनवर अली को कॉर्डिनेटर उत्तर प्रदेश,शोएब अंसारी को जिलाध्यक्ष मीरजापुर,अब्दुल अजीज अंसारी को महा सचिव काशी प्रांत,मुहम्मद जुबैर हाशमी को जिला उपाध्यक्ष मीरजापुर, इम्तियाज अंसारी को जिला महा सचिव मीरजापुर,मुहम्मद अख्तर अली को नगर अध्यक्ष चुनार के पद पर नियुक्त कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया और उन्हें कार्यभार देकर जिम्मेदारी सौंपा। तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष साजिद अंसारी ने सभी के साथ संगठन की मजबूती और आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से चर्चा किया। सभी को पदभार मिलने के लिए ढेरों मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा आप सब संगठन का वफादार बने और पसमांदा समाज के लोगों को उनका हक दिलाने के लिए काम करें।अंत में प्रदेश प्रभारी यासीन राईन ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दिया और जिम्मेदारी देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते कहा कि आप सभी अपनी - अपनी जिम्मेदारी को समझे,अपने क्षेत्र में मेहनत करें और पसमांदा समाज के लोगों को जागरूक कर,संगठित कर राष्ट्रीय संयुक्त पसमांदा मोर्चा/भारतीय पसमांदा समाज को मजबूती प्रदान कर आगे बढ़ाने का काम करे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत भदोही पुलिस का जागरूकता अभियान, महिलाओं को बताए गए अधिकार व हेल्पलाइन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी 'मिशन शक्ति फेज-5.0' (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद भदोही में महिला सशक्तिकरण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा गांव, कस्बों, मोहल्लों एवं शिक्षण संस्थानों में भ्रमण कर चौपाल लगाते हुए महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में संचालित इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की भावना को मजबूत करना है। अभियान के तहत जनपद के सभी थानों द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित एवं विधिसम्मत निस्तारण का भरोसा दिलाया गया।

कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला संबंधी अपराधों से बचाव एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी जैसी घटनाओं की स्थिति में बिना भयभीत हुए तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी विस्तार से दी। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जनगणना-2027 के अंतर्गत स्वगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**भदोही:** जनपद भदोही में आगामी जनगणना-2027 के अंतर्गत स्वगणना (Self Enumeration) को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के उद्देश्य से डीआईईटी (DIET) हॉल, भदोही में अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा स्वगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से डेटा प्रविष्टि, ओटीपी आधारित सत्यापन प्रणाली तथा आमजन को जागरूक करने के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सुलभ बन सके। कार्यक्रम में यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कार्मिक अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि जनगणना का कार्य पारदर्शी, समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी श्री बाल गोविंद शुक्ला ने कहा कि 'हर घर गणना - हर व्यक्ति की भागीदारी' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक सक्रिय भूमिका निभाएं तथा जनसामान्य को स्वगणना के लिए प्रेरित करें।

## भदोही महोत्सव के आयोजन हेतु जिलाधिकारी को दिया गया आमंत्रण




**भदोही:**- कलेक्ट्रेट सभागार में आज भदोही महोत्सव आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी शैलेष कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें महोत्सव में सम्मिलित होने हेतु अनुरोध किया गया। प्रतिनिधिमंडल में समिति के सचिव डॉ. ए.के. गुप्ता, उपाध्यक्ष जाबिर बाबू एवं आर.सी. त्रिपाठी शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 'भदोही महोत्सव' का आयोजन आगामी15, 16 एवं 17 मई 2026 को अभयनपुर भदोही मैदान में प्रस्तावित है। भदोही महोत्सव गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी परम्परागत ढंग से महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित किए जाने वाले भदोही महोत्सव की तिथि निर्धारित की गई थी, किन्तु अत्यधिक गर्मी एवं लू की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त आयोजन अब माह अक्टूबर-नवंबर में आयोजित किए जाने का निर्णय लिया जाएगा।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया थाना भदोही का अर्धवार्षिक निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने सोमवार को थाना भदोही का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, भोजनालय, शस्त्रागार, मालखाना तथा मिशन शक्ति केंद्र/महिला हेल्प डेस्क का बारीकी से अवलोकन किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों–अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहन जांच की और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। साथ ही मालखाना एवं शस्त्रागार की स्थिति का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, बैरक एवं भोजनालय की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को उच्च मानकों के अनुरूप स्वच्छता एवं व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए।

लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए विवेचकों को मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सख्त हिदायत दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त एवं पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर में खड़े लावारिस एवं मुकदमाती वाहनों के निस्तारण हेतु नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ करते हुए उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, अनुशासन, ईमानदारी एवं जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है, जिसे पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।

## प्रख्यात पुराणविद प्रोफेसर एच. एन. दुबे का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही** भारत के शैक्षणिक एवं बौद्धिक वातावरण को समृद्ध करने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के प्रख्यात विद्वान प्रोफेसर एच. एन. दुबे का जन्म दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया, जहाँ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ताओं ने प्रो. दुबे के व्यक्तित्त्व और कृतित्त्व पर प्रकाश डाला। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के पूर्व कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने प्रो. दुबे को ज्ञान, चरित्र और शीलता की त्रिवेणी कहते हुए प्रो. दुबे के अध्यापन कार्य को याद किया। प्रो. अर्चना खरे विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास सी एम पी ने अपना शोधार्थी जीवन याद करते हुए कि गुरुवर्य प्रोफेसर दुबे ने अपने अकादमिक जीवन में न केवल शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि मुझ जैसे अनेक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें नई दिशा भी प्रदान की है। डॉ. सत्येंद्र कुमार आई ए एस ने प्रो. दूबे के जीवन को आदर्श बताया और उसका अनुसरण करने की बात कही। डॉ. आशीष कुमार मिश्र ने प्रो. दुबे के सानिध्य में रहकर अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि मैं आज पुलिस सेवा में रहकर आदरणीय गुरुदेव द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलकर समाज की सेवा कर रहा हूँ। डॉ प्रज्ञा मिश्रा सहायक आचार्य ने गुरुवर्य को जन्म दिन की अनेकशः बधाई दी। डॉ. सरला ने प्रो. दुबे की कक्षाओं को याद किया। डॉ .जितेंद्र कुमार डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य विभाग ने प्रो. दुबे की सरलता एवं विद्यार्थियों के लिए सुगमता की चर्चा करते हुए उनके सौ वर्ष से अधिक जीवन जीने की कामना की। डॉ. पंकज कुमार जिला सूचना अधिकारी ने प्रो. दुबे के कृतित्व पर प्रकाश डालते उनके दीर्घायु होने की कामना की। शिवांश तिवारी ने प्रो. दुबे के व्यक्तित्व को विद्वता, दक्षता, शील, संक्रांति, अनुशीलन, सचेतत्व, और प्रसन्नता का समन्वय बताया। कार्यक्रम में उपस्थित शोधार्थियों ने उनके कार्यों को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन निखिल भारतीय इतिहास शोध संस्थान के महासचिव डॉ. शिवा कांत त्रिपाठी ने करते हुए कहा कि सम्पूज्य गुरुवर्य के जन्म दिन की वास्तविक सार्थकता तब सिद्ध होगी जब हम उनके द्वारा बताये गये रास्ते पर चलकर शिक्षा एवं प्रशासनिक क्षेत्र में एक आदर्श उपस्थित कर सकें। इस अवसर पर श्रीमती मिथिलेश दुबे, डॉ प्रत्यंचा पाण्डेय, डॉ आनंद मिश्रा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डॉ शाम्भवी शुक्ला, सिंपल शुक्ला, डॉ शिशिर कान्त, डॉ आनन्द मिश्रा प्रवक्ता, संग्राम सिंह, सत्यम दुबे, डॉ रमेश कुमार, युवराज सिंह, अंकुर पाण्डेय, दिव्या भरद्वाज, शिल्पा मजूमदार इत्यादि उपस्थित रहे तथा सभी ने गुरु जी को जन्म दिन की बधाई प्रेषित की।

## गड़बड़ा धाम में शीतला माता के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** सोमवार जेस्ठ मास तृतीया तिथि पर गड़बड़ा धाम में उमड़ा भक्तों का जन्म सैलाब नव दंपतियों ने मां का लिया आशीर्वाद किया दर्शन पूजन। स्थानीय थाना क्षेत्र के गड़बड़ा धाम में सोमवार को शीतला माता के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचे सुबह से ही मंदिर परिसर में पहुंच कर कतारों में लग गए। महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने अलग-अलग कतारबद्ध होकर मां शीतला का विधि विधान से पूजन अर्चन किया नव दंपतियों ने मां के चरणों में शीश झुका कर मंगल दीर्घायु कामनाएं की तथा परिवार की सुख समृद्धि व रोग निवारण की कामना किया। दूरदराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

मंदिर परिसर में महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की उपस्थिति रही। भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव सक्रिय रहे।मंदिर के आसपास प्रसाद व पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर चहल पहल बनी रही श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां शीतला के दर्शन से रोगों से मुक्ति मिलती है और घर परिवार में सुख शांति बनी रहती है।

दर्शन पूजन के बाद श्रृंगार के समान तथा गृह उपयोगी सामान की खरीदे।मंदिर पुजारी मंगलधारी ने बताया कि भोर से ही लगभग तीस हजार भक्तों ने मां के चरणों में शिश नवाया है।

## स्कूल के बच्चों में टोपी वितरण



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के गंगेश्वर नाथ स्थित सनराइज प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को सोमवार को विद्यालय प्रबंधन द्वारा टोपी वितरित किया गया।विद्यालय आने जाने में चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए ये टोपी कारगर होगी।

टोपी मिलने पर बच्चे प्रसन्न नजर आए। यह विद्यालय अंग्रेजी व हिंदी दोनों माध्यम से संचालित होता है। जिसमें निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र दुबे, समाजसेवी सौरभ पुजारी, शकुंतला देवी, साधना, तबस्सुम, सरिता सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## तालाबों को भरने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जिम्मेदारों पर होगी सख्त कार्रवाईः सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ज्ञानपुर।** जनपद में जल संरक्षण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी तालाबों को समयबद्ध ढंग से भरने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य विकास अधिकारी श्री बाल गोविंद शुक्ल ने स्पष्ट किया है कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञानपुर विकास खण्ड में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान सीडीओ द्वारा तालाबों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं भूजल स्तर के संरक्षण के लिए तालाबों का समय से भरना अत्यंत आवश्यक है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीडीओ ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में तालाब अभी तक नहीं भरे गए हैं, वहां तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारंभ कराया जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी ग्राम में तालाब भरने का कार्य लंबित है, तो इसकी सूचना तत्काल खण्ड विकास अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने एवं प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। सीडीओ ने कहा कि जल संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, अतः सभी संबंधित विभाग इस कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ संपादित करें। प्रशासन के इस सख्त निर्देश से स्पष्ट है कि जनपद भदोही में जल संरक्षण एवं तालाबों के पुनर्भरण को लेकर अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्व सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी के पति पीसी जोशी का निधन



**ब्यूरो प्रयागराज।** भाजपा की पूर्व सांसद और वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी के पति पुरन चंद्र जोशी (पीसी जोशी) का सोमवार सुबह 7 बजे लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। उन्होंने लंबी बीमारी के बाद अंतिम सांस ली. उनका पार्थिव शरीर आज देर शाम प्रयागराज लाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है. प्रोफ़ेसर रीता बहुगुणा जोशी ने मीडिया से बातचीत में अपने पति के निधन की पुष्टि की है. उन्होंने बताया है की लंबी बीमारी के बाद पीजीआई में उनका निधन हुआ है. पीसी जोशी एक शिक्षाविद् और मैकेनिकल इंजीनियर थे.उन्होंने मॉस्को की पैट्रिस लुमुम्बा यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी.राजनीति से दूर रहने वाले जोशी जी पेशे से प्रोफेसर थे और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रहे. वे अपनी सरलता, अनुशासन और परिवार के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे।

## डीपीएस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस



**नैनी, प्रयागराज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़े उत्साह, सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्षा सुश्री सोनू सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने श्रमिकों के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता में सहायक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी को श्रमिकों के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।इस अवसर पर कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा श्रमिकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य, गीत, नाटक एवं कविताओं के माध्यम से श्रम की गरिमा और महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। एक कर्मचारी के भावुक वक्तव्य ने कार्यक्रम को और भी भावपूर्ण बना दिया।विद्यालय प्रबंधन द्वारा 10 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले सहायक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्रशंसा स्वरूप उन्हें साइकिलें भेंट की गई, जिससे उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से विद्यालय परिवार ने समाज में श्रमिकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करते हुए सभी को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

## मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, मोहल्लों तक नहीं पहुंच रहीं फॉगिंग टीमें

**डेंगू की आशंका से दहशत में लोग**

**नैनी, प्रयागराज।** गर्मी के मौसम के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है, लेकिन शहर के कई इलाकों में दवा का छिड़काव और फॉगिंग कार्य प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा है।नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें अधिकांश बस्तियों से नदारद हैं,जिससे स्थानीय लोगों में चिंता और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं।जहां-जहां फॉगिंग कराई भी गई है, वहां इसका असर नगण्य बताया जा रहा है। कई इलाकों में कचरे के ढेर और गंदी नालियों में जमा पानी मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारण बना हुआ है।इन परिस्थितियों में घनी आबादी वाले मोहल्लों के लोग डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों की आशंका से भयभीत हैं।नगर निगम का दावा है कि प्रत्येक वार्ड में एंटी-लार्वा दवा के छिड़काव के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है। साथ ही, हर वार्ड में साइकिल माउंटेड मशीन के। माध्यम से नियमित फॉगिंग कराए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, जमीनी हकीकत इन दावों से काफी अलग नजर आ रही है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि फॉगिंग टीमें उनके मोहल्लों तक पहुंच ही नहीं रही हैं।उनका आरोप है कि कागजों पर तो कार्य दिखाया जा रहा है,लेकिन वास्तविकता में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। फॉगिंग की कमी के चलते मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है।मोहल्ले के लोगों ने नगर निगम से जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने और नियमित फॉगिंग व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि संभावित बीमारियों के खतरे को रोका जा सके।

# 'क्रूर, जाति-भेद': सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा कोर्ट की ज़मानत की शर्तों को गलत ठहराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने दलित-आदिवासी आरोपियों से पुलिस स्टेशन साफ़ करने को कहा गया था सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ओडिशा की अदालतों को ज़मानत की शर्तें लगाने के लिए कड़ी फटकार लगाई, जिसके तहत दलित और आदिवासी समुदायों के आरोपियों को दो महीने तक पुलिस स्टेशन साफ़ करने थे। इन निर्देशों पर गंभीर आपत्ति जताते हुए, कोर्ट ने शर्त को 'बुरा' बताया और कहा कि यह जातिगत भेदभाव दिखाता है। अदालत ने कहा, 'हम गहराई से निराश और हताश हैं, और जिस तरह से ओडिशा राज्य की न्यायपालिका वास्तव में ऐसी कठोर, अपमानजनक और अपमानजनक शर्तें लागू करके औपनिवेशिक मानसिकता की ओर लौट गई है, जो मानवाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन हैं, उस पर अपनी कड़ी अस्वीकृति व्यक्त करते हैं। ऐसी शर्तें न्याय के कारण को आगे बढ़ाने के बजाय, अभियुक्त की गरिमा पर प्रहार करती हैं, और अपराध के आधार पर आगे बढ़ती हैं, जो कानून में पूरी तरह से अनुचित है।' न्यायालय ने जमानत की शर्तों को 'शून्य और अमान्य' घोषित कर दिया। न्यायालय ने सभी न्यायालयों को भविष्य के किसी भी आदेश में ऐसी जमानत शर्त नहीं लगाने का भी निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा, 'हमारा मानना है कि किसी भी दूसरे राज्य की ज्यूडिशियरी को भी ऐसी जाति-भेद वाली और दबाने वाली शर्तें नहीं लगानी चाहिए, जिनसे गंभीर सामाजिक टकराव पैदा होने की संभावना हो।' साथ ही, कोर्ट ने आदेश की एक कॉपी देश भर के सभी हाई कोर्ट में भेजने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसी बुरी स्थितियों से ऐसा लगता है कि राज्य की ज्यूडिशियरी जाति-भेद करती है, क्योंकि आरोपी पिछड़े समुदाय से थे। न्यायालय ने कहा, 'रिपोर्ट में कुछ दम प्रतीत होता है कि राज्य न्यायपालिका द्वारा ऐसे मामलों में कोई भी शर्तें नहीं लगाई जा रही हैं जहां आरोपी समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों से हैं। यह मानते हुए कि ऐसी शर्तें अनजाने में या किसी पूर्व नियोजित पूर्वाग्रह के बिना लगाई गई थीं, शर्तों की प्रकृति इतनी घृणित, क्रूर, अपमानजनक और कानून के लिए अज्ञात है, कि यह सुझाव देते हुए एक गंभीर आक्षेप लगाने की क्षमता है कि ओडिशा न्यायपालिका जाति-आधारित पूर्वाग्रह से ग्रस्त है।'

## विधायक के द्वारा 90 कृषकों को 412569 रुपये के क्षतिपूर्ति डेमो चेक का किया गया वितरण




**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 मौसम की क्षति के वितरण कार्यक्रम सोमवार को गंगा सभागार विकास भवन, प्रयागराज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजमणि कोल, उप कृषि निदेशक प्रयागराज, जिला विकास अधिकारी नाबार्ड अनिल शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती हिना जी, फसल बीमा कंपनी यूनिवर्सल सौंपों के जिला प्रबंधक मनीष कुमार पांडे जी, अजय कुमार पांडेय, अमित कुमार सिंह सहित लाभार्थी लाभार्थी कृषकों एवं अन्य कृषकों ने प्रतिभाग किया। जनपद में कुल 90 कृषको को 412569 रुपये की छती पूर्ति की गयी।

## बिहार में विक्रमशिला सेतु का पिलर गिरा, आवाजाही ठप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार में पुलों का गिरना कोई नई बात नहीं है. एक बार फिर से कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला है. विक्रमशिला सेतु का 133 नंबर पिलर ने जल समाधि ले ली है. इससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल, विक्रमशिला सेतु भागलपुर और नवगछिया को जोड़ता है. बाताया जा रहा है कि भागलपुर की ओर शुरुआती हिस्से में धंसान होने के बाद करीब 33 मीटर हिस्सा गंगा नदी में समा गया. आधी रात करीब 12:50 बजे पुल के पिलर नंबर 133 के पास सड़क का एक बड़ा स्लैब अचानक टूटकर गंगा में गिर गया. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।गनीमत रही कि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों और प्रशासन की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया. उस समय पुल पर कई वाहन मौजूद थे लेकिन समय रहते सभी को पीछे हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया. घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।''सुरक्षा के मद्देनजर विक्रमशिला सेतु पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है. पुल के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग कर दी गई है. साथ ही तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है.''- नवल किशोर चौधरी, जिलाधिकारी, भागलपुर।

## मस्जिद ध्वस्तीकरण नोटिस पर हाईकोर्ट सख्त

● **यथास्थिति बनाए रखने का आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



इलाहाबाद हाईकोर्ट में मस्जिद ध्वस्तीकरण नोटिस को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने फिलहाल मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देते हुए प्रशासन को किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से रोक दिया है। यह याचिका वक्फ मस्जिद कमेटी की ओर से दाखिल की गई है, जिसमें स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी ध्वस्तीकरण नोटिस को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया और यह कार्रवाई मनमानी तथा अवैध है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को गंभीरता से सुना। अदालत ने प्रशासन से यह स्पष्ट करने को कहा कि नोटिस जारी करने से पहले किन कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। साथ ही, याचिकाकर्ताओं को भी अपने पक्ष में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोर्ट ने तत्काल प्रभाव से यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया, जिससे संबंधित स्थल पर किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ या प्रशासनिक कार्रवाई पर फिलहाल रोक लग गई है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 15 मई को निर्धारित की है। उस दिन दोनों पक्षों को विस्तृत रूप से अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। इस आदेश के बाद फिलहाल क्षेत्र में स्थिति शांत बनी हुई है, जबकि दोनों पक्ष अगली सुनवाई की तैयारी में जुट गए हैं।

## पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया

**सुरियावां (भदोही):** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी में सुरियावां के अटल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश उमर ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की जीत है। वहीं नगर पंचायत सुरियावां के चेयरमैन विनय चौरसिया ने इसे ऐतिहासिक विजय बताते हुए कहा कि देशभर में भाजपा के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर अभय राज सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की और पार्टी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दो जिलों को जोड़ने वाला पुल तो बना लेकिन सड़क मार्ग का जीर्णोद्धार नहीं हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** गांव पचायत बाबतपुर विकासखण्ड चोलापुर वाराणसी जिला मुख्यालय से तीस किलो मीटर दूर है। यह पंचायत गोमती नदी के किनारे पर बसा है ।गोमती नदी पर सार्वजनिक निर्माण विभाग वाराणसी द्वारा 1992मे पुल बनाया जो गाजीपुर को जोड़ता है ।पुल बन जाने से बनारस शहर के बहुत से वाहन इसी गांव की सड़क से पुल पार करते हुए गाजीपुर औरजौन पुर को जाते हैं ।सड़क गांव की होने के कारण भारी वाहनों के लिए नहीं बना फिर भी भारी वाहन दिन रात चल रहे है।एक दिन में छोटे बड़े एक हजार वाहन इस सड़क पर चलते हैं रात दिन।इन भारी वाहनों के चलते सड़क हर साल टूट जातीहै।जिसका निर्माण में सरकार समय से करवाती नहीहै । सड़क खराब होने से गांव के लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है और दूर्घटना भी होती रहती है। परन्तु सार्वजनिक निर्माण विभाग पर कोई असर नहीं होता है।इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाने पुल पर बैरियर लगाकर भारी वाहनो के आवागमन को रोकने के सम्बन्ध में जिलाधीश वाराणसी तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से क ई बार मेल भेजकर आग्रह किया गया। परन्तु आजतक कोई विशेष कार्यवाही नहीं हुई। यह भी बताते चलें कि सड़क निर्माण का टेन्डर जनवरी माह मे होगया और ठीकेदार को कार्य आवंटित भी होग या परन्तु म ई माह शुरू होगया सड़क पर काम नहीं शुरू हुआ । जनवरी में विभाग ने कहा ठंड के कारण देर से काम शुरू होगा और बीस जून के बाद बरसात शुरू हो जायेगी तब सड़क का काम फिर नहीं होगा ।वर्तमान में सड़क पर बहुत गड्डे बन गये है मोटर साइकिल व पैदल साईकिल से चलना दूभर होगया है क ई लोग दूर्घटना के शिकार हो गये फिर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग मौन है। यहां तक उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्या के पास शिकायत करने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ। आखिर जनता अब किस सरकार से शिकायत करें अपने काम के लिए।यह सड़क गाजीपुर जौनपुर के केलिए सुरक्षित और सुगम मार्ग है कारण पुल के उस पार गाजीपुर इस पार वाराणसी जिला तो सब आराम से आते जाते हैंवाहनो का जांच पुल पर होता नही है न रात में नही दिन में पुलिस की व्यवस्था है।सब रामराज्य में राम भरोसे। ग्रामपंचायत की बहन-बेटियों और महिलाओं के लिए यह सड़क अब सुरक्षित नहीं है ।जब से पुल बना है गांव में कोईन कोई घटना माह में हो जाती है किसी का मोबाईल छीना जाता है तो रात में लूट पाट हो जाता है। कौन कहां से आता है पता नहीं चलता है सड़क पर और पुल पर सरकार का कोई कैमरा भी नहीं है।अब देखना है क्या बरसात से पहले सड़क चौड़ी होंगी निर्माण पूरा होगा पुल पर बैरियर लगेगा सी सी टी वी कैमरे सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा लगाया जायेगा।

## अखिलेश यादव का हमला, कहा- बीजेपी और निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव में किए गए 'ट्रायल' को पश्चिम बंगाल में लागू किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराने के लिए एक समानांतर व्यवस्था स्थापित करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और निर्वाचन आयोग ने मिलकर साढ़े तीन साल पहले उत्तर प्रदेश के रामपुर उपचुनाव में जो 'ट्रायल' किया था, उसे हू-ब-हू बंगाल में लागू कर दिया। अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में केंद्रीय बलों के दखल के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि उत्तर प्रदेश में जब 2022 में रामपुर लोकसभा और विधानसभा का उपचुनाव हुआ था, तब सबने देखा कि किस तरीके से वहां चुनाव अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की गई थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'शायद भारतीय जनता पार्टी ने आयोग के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में एक 'ट्रायल' किया था और उसे हू-ब-हू बंगाल में उतार दिया। मुझे जानकारी मिली है कि उन्होंने केंद्रीय बलों और अर्धसैनिक बलों का एक समानांतर ढांचा बना दिया था। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था के समानांतर भी एक व्यवस्था बना दी गई थी।' समाजवादी पार्टी प्रमुख ने हालांकि पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बनर्जी की अगुवाई में सरकार बनने का विश्वास जताते हुए कहा, 'दीदी थी, दीदी रहेंगी। वह लड़ेंगी भी और जीतेंगी भी।' उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए एक बार फिर कहा कि अगर स्मार्ट मीटर में बेईमानी हो सकती है तो ईवीएम में क्यों नहीं हो सकती? अखिलेश यादव ने समाजवादी विधायक प्रभु नारायण की आशंका का जिक्र करते हुए कहा कि वह प्रदेश की जनता को सावधान करना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ लोग कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर



झगड़ा कराएंगे। उन्होंने कहा कि विधायक प्रभु नारायण का कहना है कि चुनाव के दौरान भाजपा के लोग गांव-गांव में खूब डीजे बजवाएंगे जिससे नफरत फैले और झगड़ा हो। समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी के लोग बड़े पैमाने पर जगह-जगह डीजे बजवाकर झगड़ा करवाने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन सपा ने जनता को पहले ही सावधान कर दिया है। उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि यह पार्टी 'झूठ की सोन पापड़ी' बनाती है और वह झूठ की एक परत के ऊपर असत्य की दूसरी परत चढ़ा देती है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर निकली शोभा यात्रा

● **कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में वार्ड 20, चक रघुनाथ क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा पार्षद राकेश जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।शोभा यात्रा की शुरुआत 'जय श्री राम' के गगनभेदी नारों के साथ हुई। कार्यकर्ता पूरे जोश और उत्साह के साथ ढोल-नगाड़ों की धुन पर आगे बढ़ते हुए मेवालाल बगिया पहुंचे। वहां पहुंचकर सभी ने 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद', 'योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद' और 'जय श्री राम' के नारों के साथ जीत का जश्न मनाया।इस दौरान



भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल,भाजपा नेता लक्ष्मी कांत तिवारी,भाजपा नेता हरि कृष्ण तिवारी 'बबलू', नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, घनश्याम जायसवाल, राजन शुक्ला, राजेश शर्मा, मुन्ना शर्मा, श्याम धर मिश्रा, धर्मराज पटेल, बृजेश सिंह,भुवर जायसवाल, राजीव वर्मा,मनीष कुशवाहा, प्रिंस अकबर,आलोक सिंह और आनंद तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीपी जोशी को दी गई श्रद्धांजलि

**नैनी, प्रयागराज।** डांडी बाजार में सोमवार को हिंदी विद्यापीठ कार्यकारिणी समिति के संयुक्त मंत्री भगवत प्रकाश कुशवाहा के नेतृत्व में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पति स्वर्गीय सीपी जोशी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।सभा को संबोधित करते हुए भगवत प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि स्वर्गीय पूरण चंद जोशी स्पष्ट वक्ता, समाजसेवी एवं गरीबों के सच्चे मददगार थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।इस अवसर पर संत प्रसाद पांडे, विभव नाथ भारतीय, मणि शंकर द्विवेदी,अंबिका पांडे, विनय सिंह, भास्कर सिंह, अभिनीत कुशवाहा एवं विमलेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।


# चालित युग में भविष्य हेतु तैयार रहने के लिए अनुसंधान और अप्रत्याशित घटक आवश्यक है-राज नाथ सिंह

● **'तकनीकी क्रांति को सबसे त्वरित रूप से अपनाने वाले राष्ट्र को भविष्य के युद्धों में निर्णायक बढ़त प्राप्त होगी' रक्षा मंत्री**

**'ऑपरेशन सिंदूर इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि भारत युद्ध की बदलती प्रकृति को समझता है।'**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने तीव्र तकनीकी क्रांति के वर्तमान युग में भविष्य के लिए तैयार रहने हेतु अनुसंधान पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और अप्रत्याशित नवाचार की रणनीति अपनाने के महत्व पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने 4 मई, 2026 को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में भारतीय सेना की उत्तरी एवं मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निर्माता सोसायटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में रक्षा कर्मियों, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।रक्षा मंत्री ने आधुनिक युद्ध में हो रहे तकनीकी बदलावों की त्वरित गति और अप्रत्याशित रूप से उभरते हुए अनायास हमलों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में, युद्ध का स्वरूप महज तीन-चार वर्षों में टैंकों और मिसाइलों से बदलकर ड्रोन और सेंसर जैसे क्रांतिकारी उपकरणों में परिवर्तित हो गया। इसके अलावा, दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी वस्तुएं भी घातक हथियार बनती जा रही हैं। लेबनान और सीरिया में हुए पेजर हमलों ने आधुनिक युद्ध पद्धतियों के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है। ऐसी स्थिति में हमें तैयार रहना होगा। राजनाथ सिंह ने सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और ऐसी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो आवश्यकता पड़ने पर देश को अपने शत्रु पर अप्रत्याशित हमला करने में सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि युद्ध में निर्णायक बढ़त सदैव उसी को मिलती है जिसके पास अचानक हमला करने की शक्ति होती है। हालांकि हमारे रक्षा बल पहले से ही इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, हमें और अधिक सक्रियता के साथ आगे बढ़ना होगा। वर्तमान जटिल और तेजी से बदलते परिवेश में अनुकूलनशीलता सुनिश्चित करने के महत्व पर बल देते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि जो राष्ट्र तकनीकी क्रांति को सबसे तेजी से अपनाएगा, उसे भविष्य के युद्ध परिदृश्य में निर्णायक बढ़त प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में अनुसंधान का कोई विकल्प नहीं है और भविष्य के युद्ध किस प्रकार लड़े जाएंगे, यह आज प्रयोगशालाओं में निर्धारित हो रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है और डीआरडीओ के माध्यम से इसे अगले स्तर तक ले जाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ अब इस यात्रा पर अकेला नहीं है। 'दूर तक जाने के लिए साथ चलें' के मंत्र से प्रेरित होकर, यह बड़ी संख्या में उद्योगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़




रहा है। रक्षा मंत्री ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा उद्योग, शिक्षा जगत और स्टार्टअप्स को आवंटित किया गया है और अब तक इन संस्थाओं ने बजट का 4,500 करोड़ रुपये से अधिक का उपयोग कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की एक नई नीति लागू की गई है, जिसके अंतर्गत विकास-सह-उत्पादन साझेदारों, विकास साझेदारों और उत्पादन एजेंसियों के लिए पहले लगने वाला 20 प्रतिशत शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, डीआरडीओ ने अब तक विभिन्न उद्योगों को 2,200 से अधिक प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित की हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि डीआरडीओ ने भारतीय उद्योगों को अपने पेटेंट तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने की नीति शुरू की है, जिससे उनकी तकनीकी क्षमताओं और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता दोनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ की परीक्षण सुविधाएं भी भुगतान के आधार पर उद्योगों के लिए खोल दी गई हैं। हर वर्ष सैकड़ों उद्योग अनुसंधान एवं विकास सहायता के लिए इन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि उद्योगों को



निर्देशित ऊर्जा हथियार, हाइपरसोनिक हथियार, जलमग्न क्षेत्र जागरूकता, अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता, क्वांटम प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़कर उत्कृष्टता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने इस प्रयास में सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। राजनाथ सिंह ने बदलती परिस्थितियों का गहन विश्लेषण करने और भारत की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए रक्षा बलों और उद्योग जगत की सराहना की और ऑपरेशन सिंदूर को तकनीकी युद्ध और राष्ट्र की तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व के सामने हमारे रक्षा बलों की वीरता और क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन के दौरान आकाशतीर, आकाश मिसाइल प्रणाली और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों सहित अत्याधुनिक स्वदेशी उपकरणों का उपयोग किया गया। यह इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि हम न केवल युद्ध की बदलती प्रकृति को समझते हैं, बल्कि अटूट आत्मविश्वास के साथ तकनीकी प्रगति को भी लागू कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा देश के रक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (आईडेक्स), एसीटिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज विद आईडेक्स (एडीआईटीआइ) और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (टीडीएफ) जैसी पहलें नवाचार को बढ़ावा देने और निजी क्षेत्र की भागीदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में अवसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में शुरू की गई रक्षा क्षेत्र से सीधे जुड़ी कई अवसंरचना परियोजनाओं, विशेष रूप से रक्षा औद्योगिक गलियारे की स्थापना की जानकारी देते हुए कहा कि यह भारत की रक्षा क्षमताओं को सक्रिय रूप से बढ़ा रही हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार के आत्मनिर्भरता प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड 1.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि रक्षा निर्यात सर्वकालिक उच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि और भी तेज होने की संभावना है और इस उपलब्धि में निजी क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सामूहिक प्रयास है कि हम आने वाले समय में विश्व की सबसे शक्तिशाली सैन्य शक्ति के रूप में खुद को स्थापित करें। अपने संबोधन में, केंद्रीय कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्या सेनगुप्ता ने कहा कि यह संगोष्ठी रक्षा बलों, उद्योग, स्टार्टअप, नवप्रवर्तकों और शिक्षाविदों को महत्वपूर्ण परिचालन चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से स्वदेशी तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार (जेएआई) के सिद्धांत द्वारा निर्देशित है, जो देश की युद्ध क्षमता को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। उत्तरी कमान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने इस बात पर बल दिया कि संगोष्ठी का उद्देश्य विचारों, नवाचारों और अनुभवों को तैनाती योग्य क्षमताओं में परिवर्तित करना है। उन्होंने कहा कि हाल के संघर्षों को देखते हुए, मानवरहित हवाई प्रणाली (यूएएस), काउंटर-यूएएस सिस्टम, एआई-सक्षम निर्णय लेने वाले उपकरण, सटीक मारक क्षमताएं और उन्नत तोपखाना प्रणालियां जैसी विशिष्ट क्षमताएं युद्धक्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित करने के लिए अपरिहार्य हो गई हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी; सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी; केंद्रीय वायु कमान के वायु अधिकारी कमान-इन-चीफ एयर मार्शल बालकृष्णन मणिकांतन; सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन; एसआईडीएम के अध्यक्ष श्री अरुण टी रामचंदानी; और आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर रामकृष्णन एस उपस्थित थे। एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), निजी रक्षा प्रौद्योगिकी फर्मों, स्टार्टअप्स और वर्दीधारी नवोन्मेषकों सहित विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत स्वदेशी समाधानों को प्रदर्शित किया गया। 284 कंपनियों ने अपने नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए स्टॉल लगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय सांस्कृतिक मूल्य आधारित राष्ट्रीय भावना के आलोक में तीनों प्रदेश में एनडीए की विजय - हिन्दु विचार मंच

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** आसाम, बंगाल एवं पांडूचेरी में भाजपा/एनडीए की भारी विजय को भारतीय सांस्कृतिक मूल्य आधारित राष्ट्रीय भाव एवं भारत की सामूहिक प्रगति की विजय बताते हुए भाजपा व एनडीए के लिए प्रदेश की सामूहिक प्रगति को प्राथमिकता देना राष्ट्रीय धर्म (कर्म) है। वहीं दूसरी ओर चुनाव प्रचार के क्रम में जो प्रण राज्यों के हित में हो, किया जाना चाहिए। हालांकि बंगाल के चुनाव में भाजपा की विजय पर विपक्ष चुनाव आयोग तथा अन्य केंद्रीय संस्थाओं पर वोट कटना व पक्षपात का आरोप लगा रहा है, जिसे विकृत मानसिकता बताते हुए मंच ने कहा है कि कांग्रेस केरल में 59 सालों के बाद सत्ता में आने को जीत कहती है, वहीं भाजपा की जीत पर निराधार व तथ्यविहीन आरोप लगाती है। भारत विरोधी तत्वों तथा कट्टरपंथियों की तुष्टि को सेकुलर कहती रही है, और राष्ट्रीय भावना के आधार पर हिन्दुत्व की बात करना साम्प्रदायिक कैसे? यद्यपि केरल में वामपंथी सरकार को पराजित कर सत्ता पाई है, न कि भाजपा को सत्ता से हटाकर। सनातन, हिन्दू, हिन्दुत्व की आधारविहीन आलोचना करते हुए राष्ट्र विरोधी तत्वों को प्रोत्साहित करने व हिन्दुओं को विभिन्न जातियों में बांटकर राजनीति करने की वृत्ति कांग्रेस की नीति रही है। इसी मानसिकता के कारण ही भारत की सामूहिक प्रगति नहीं कर सकी। विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, बांग्लादेशी घुसपैठियों तथा रोहिंग्या का विरोध नहीं करना क्या देशहित की राजनीति है? इस पर देश के लोगों को मंथन करना ही राष्ट्रीय हित में होगा।

### तीन राज्यों में बहुमत की ओर बढ़ती भाजपा, चंदवा में जश्न का माहौल



**चंदवा, हजारीबागः-** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन राज्यों में बहुमत की ओर बढ़ने की खबर से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। जैसे ही यह खबर सामने आई, चंदवा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोमवार की शाम बुधबाजार के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी की गई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की गई। माहौल पूरी तरह उत्सवमय दिखा, जहां कार्यकर्ता भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाते नजर आए। इस मौके पर भाजपा नेता राजकुमार पाठक ने कहा कि यह जीत आम जनता के भरोसे और भाजपा की विकासवादी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं गांव-गरीब तक पहुंची हैं, जिसका परिणाम आज चुनावी रुझानों में साफ दिखाई दे रहा है। वहीं आदर्श रविराज ने कहा कि तीन राज्यों में बहुमत की ओर बढ़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता स्थिर और मजबूत सरकार चाहती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को जनता ने नकार दिया है और विकास के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। मौके पर गोपाल जायसवाल, नागेंद्र ठाकुर, राजेश प्रसाद, सौरभ बिट्टू, अमरनाथ गुप्ता, विक्की जायसवाल, विकास ठाकुर,मुकेश कुमार, पवन साहु, पप्पु साहु, रुपेश प्रसाद, संजय साहु समेत कई लोग शामिल थे।

# जनगणनाः जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों को दिया मार्क ऑन ड्यूटी का आदेश

● मकान सूचीकरण कार्य ने पकड़ा जोर, प्रतिदिन की जा रही है तीन समय समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**छपरा (सारण)।** प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जनगणना कार्य में प्रगणक और पर्यवेक्षक के रूप में लगाए गए शिक्षकों को मार्क ऑन ड्यूटी के तहत उपस्थिति बनाने का आदेश दिया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से आगामी 19 मई तक यह सुविधा दी है। साथ ही निर्देश दिया है कि उक्त अवधि में जनगणना संबंधी कार्य को गंभीरता, संवेदनशीलता और तन्मयता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि कार्य के प्रति लापरवाही को किसी भी सूरत में क्षम्य नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों पर जनगणना अधिनियम 1948 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**मकान सूचीकरण कार्य ने पकड़ा जोर**

भारत की जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य गति पकड़ने लगा है। प्रगणक और पर्यवेक्षक ने अपने क्षेत्र का भ्रमण कर सत्यापन पूरा कर लिया है। जबकि मकानों पर नंबर डालने का काम शुरू हो गया है। प्रगणक संभवतः मंगलवार से एचएलओ मोबाइल ऐप पर घर-घर जाकर सूचना एकत्र करना प्रारंभ करेंगे।

**दिन में तीन बार हो रही है समीक्षा**

जिलाधिकारी जनगणना के कार्यों को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। प्रतिदिन 11 बजे, दोपहर दो बजे और संध्या पांच बजे सभी 30 चार्ज से कुल आठ बिंदुओं पर रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है। जिलाधिकारी सीधे कार्य प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसे अति गंभीरता के साथ संपन्न कराया जाना चाहिए। उनके निर्देश पर जिला सांख्यिकी कार्यालय में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। वहीं सभी 30 ग्रामीण और शहरी चार्ज में भी कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जहां से लगातार प्रगणक और पर्यवेक्षक की निगरानी करते हुए कार्य का प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

**डीसीओ के नोडल और ऑब्जर्वर हैं भ्रमणशील**

जनगणना कार्य निदेशालय बिहार के द्वारा जिला नोडल के रूप में प्रतिनियुक्त एसएलएमटी आयुषी आनंद और ऑब्जर्वर आयुषी सिंह लगातार जिले में कैम्प कर रही हैं। दोनों अधिकारी लगातार चार्जों का भ्रमण कर तकनीकी पहलुओं को देख रही हैं। वे जनगणना के लिए बनाए गए विशेष पोर्टल सीएमएमएस और एचएलबीसी के द्वारा ले-आउट मैप और वेब-मैप का जमीनी स्तर पर मिलान कर शुद्धिकरण का कार्य कर रही हैं। उनके साथ जनगणना कोषांग के शशि शेखर, श्रीकांत, राजीव चौधरी और विनय कुमार सिंह भी लगातार भ्रमण कर रहे हैं।

**एनआईसी से तकनीकी सहायता**

जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सह अपर जिला जनगणना अधिकारी तारणी कुमार के नेतृत्व में एनआईसी तकनीकी कंट्रोल रूम का कार्य कर रहा है। वहां से लगातार चार्ज द्वारा गूगल फॉर्म से रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है। साथ ही समयानुसार संकलित प्रगति प्रतिवेदन से जिलाधिकारी को अवगत कराया जा रहा है। वहीं सीएमएमएस और एचएलबीसी पोर्टल के द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर सभी प्रकार की तकनीकी समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थिति में 9वीं के छात्रा की हुई मौत

● गले पर है गहरे जख्म के निशान,जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मचहा वार्ड 15 में सोमवार सुबह एक 14 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान मचहा वार्ड 15 निवासी नंदलाल साह की पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में हुई है, जो नौवीं कक्षा की छात्रा बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया,वहीं गांव में शोक का माहौल है। घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतका की मां वीणा देवी ने बताया कि सुबह वह घर के कामकाज में व्यस्त थीं,जबकि ज्योति खेत में घास लाने गई थी। इसी दौरान घर के कुछ बच्चे दौड़ते हुए घर पहुंचे और जानकारी दी कि ज्योति खेत में जमीन पर गिरी पड़ी है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे बेहोशी की हालत में उठाकर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ बीएन पासवान ने बताया कि परिजन छात्रा को अस्पताल लेकर पहुंचे थे,लेकिन उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी। हालांकि घटना के कुछ देर बाद परिजनों के बयान में बदलाव देखने को मिला। परिजनों ने बताया कि ज्योति का पढ़ाई में मन नहीं लगता था और सोमवार सुबह उसकी मां ने पढ़ाई और घरेलू कामकाज को लेकर डांट-फटकार लगाई थी। इससे नाराज होकर ज्योति अपने कमरे में चली गई और कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में एस आई लवली कुमारी और एसआई विजय कुमार पुलिस बलों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। फोरेंसिक टीम ने अस्पताल पहुंचकर घटनास्थल और शव से जुड़े आवश्यक सैंपल एकत्र किए। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मृतका के गले पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं,जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## हिंसा से मुख्यधारा की ओरः लातेहार में 51 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

● पुनर्वास को लेकर प्रशासन सक्रिय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सरकार की 'नई दिशा आत्मसमर्पण नीति' से प्रेरित होकर लातेहार में अब तक 51 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर नई जिंदगी की शुरुआत की है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय के सभागार में आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों एवं उनके परिजनों के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि सरकार आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उन्हें योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जा रहा है। बैठक में 16 आत्मसमर्पित नक्सलियों व उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें मिलने वाले सरकारी लाभों की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं को सुना गया। एसपी ने आश्वासन दिया कि जिन लाभों का वितरण अभी बाकी है, उन्हें जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार बैठकें आयोजित कर आत्मसमर्पित नक्सलियों और उनके परिजनों से संवाद स्थापित किया जा रहा है, ताकि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में एसडीपीओ अरविंद कुमार, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, अंचल अधिकारी नंद कुमार राम, सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, चंदवा बीडीओ चंदन प्रसाद, अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एनटीपीसी में समझीं औद्योगिक प्रबंधन की बारीकियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए बड़कागांव स्थित एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक संचालन, प्रबंधन प्रणाली और वास्तविक व्यावसायिक वातावरण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यशैली से जोड़ सकें। यह शैक्षणिक भ्रमण डॉ ज़हबी सादका के मार्गदर्शन तथा डॉ अजय बर्नवाल व आयुष पांडेय के समन्वय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बड़े औद्योगिक संगठन की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और प्रबंधन के विभिन्न आयामों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण के तहत विद्यार्थी बड़कागांव के पकरी बरवाडीह स्थित एनएमएल सब-स्टेशन पहुंचे, जहां एनटीपीसी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एनटीपीसी के अधिकारी अरूणाभ मुखर्जी, अनिरूद्ध सिंह, एसके मधुकर, धीरेन्द्र सोनागरा, चंद्रशेखर, सुनील कुमार और अनिकेत आनंद ने विद्यार्थियों को परियोजना की कार्यप्रणाली, ऊर्जा क्षेत्र में इसकी भूमिका तथा औद्योगिक संचालन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। आयोजित ओरिएंटेशन सत्र में विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। भ्रमण का मुख्य आकर्षण माइनिंग साइट का गाइडेड टूर रहा, जहां विद्यार्थियों ने खनन प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन देखा। इस दौरान उन्होंने आधुनिक तकनीक, संचालन प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, सप्लाई चेन और परियोजना प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को व्यवहारिक रूप से समझा। प्लांट प्रबंधकों और इंजीनियरों के साथ आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने करियर संभावनाओं, सतत विकास और औद्योगिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। एनटीपीसी के महाप्रबंधक फ़ैज़ तैयब ने कहा कि शिक्षा और उद्योग के बीच इस तरह का समन्वय विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे उन्हें वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने और भविष्य के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलता है। भ्रमण के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। बीबीए की छात्रा श्रेया कुमारी ने कहा कि इस भ्रमण ने कक्षा में सीखे गए ज्ञान को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर दिया। कहकशां वारिस ने इसे प्रेरणादायक अनुभव बताया, जबकि सुरभि नायक ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल के विकास और भविष्य के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने एनटीपीसी प्रबंधन एवं अधिकारियों के सहयोग और आतिथ्य के प्रति आभार व्यक्त किया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक शिक्षा तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की वास्तविक चुनौतियों और कार्यप्रणाली से परिचित कराना है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार ऐसे अवसर उपलब्ध करा रहा है। समकुलपति डॉ एसआर रथ ने कहा कि इस तरह के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यावसायिक समझ को व्यापक बनाते हैं तथा उन्हें रोजगारोन्मुख शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाते हैं।

## बंगाल में हुई भाजपा की प्रचंड बहुमत जीत पर बेतिया में दिखा जश्न का माहौल

● कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी, गुलाला लगाकर एवं मिठाई खिलाकर दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** बंगाल में हुई प्रचंड बहुमत जीत को लेकर पश्चिमी चंपारण के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी के द्वारा इस प्रचंड बहुमत जीत पर अपना हर्ष व्यक्त किया है. भाजपा के जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने बताया कि बंगाल में हुई प्रचंड जीत पर आज बंगाल से गुंडाराज व जंगल राज पूरा समाप्त हो चुका है, बता दे की पूर्व में बंगाल जो गुंडाराज और जंगल राज्य से त्रस्त था. वहां की जनता ने भाजपा पर भरोसा किया और उन्होंने प्रचंड बहुमत देते हुए जनता ने अपना आशीर्वाद भाजपा के नरेंद्र मोदी को दिया है। इस प्रचंड बहुमत के लिए मैं एवं समस्त भाजपा के कार्यकर्ता बंगाल की जनता को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देता हूं, आज मोदी जी के 12 वर्षो के नेतृत्व का परिणाम है कि गंगोत्री से लेकर बंगाल तक जहां-जहां गंगा बहती है वहां वहां भगवा शासन कायम हो चुका है एक जो बंगाल बचा हुआ था आज वह भी प्रचंड बहुमत से जीत की फतह हासिल कर भगवा मय हो चुका है, इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह और तमाम कार्यकर्ताओं जिन्होंने इस जीत में अपनी भागीदारी निभाई उसके लिए मैं एवं पश्चिमी चंपारण की जनता सहित भाजपा कार्यकर्ता बंगाल के एक-एक भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनता को अपना कोटि-कोटि नमन व बधाई देता हूं उन्होंने बताया कि ममता बनर्जी जो बंगाल को मिनी बांग्लादेश बनाने में लगी हुई थी उस मिनी बांग्लादेश के मंसूबे को आज बंगाल की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओ की कड़ी मेहनत का नीतीजा उन्हें इस जीत से दिखाई दे चूका हैं। जिन्होंने अपना बहुमत देते हुए नरेंद्र मोदी को आज शीर्ष पर रखा है बंगाल, असम और पाण्डुचेरी की जनता को इस जीत की हार्दिक बधाई मैं देता हूं, समाजसेवी राहुल कुमार ने इस जीत पर बताया कि आज पूरा भारत की निगाहें बंगाल के चुनाव परिणाम पर टिकी थी और जो परिणाम के फल आते जा रहे थे और जैसे ही बंगाल में भाजपा ने 190 का आंकड़ा पार किया तमाम भारत की जनता सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं में एक खुशी की लहर देखने को मिला है, बंगाल के चुनाव की बात करें तो पूर्व में विगत 5 साल में जो 300 कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या की गई थी, आज उन हत्या का बदला एक-एक भाजपा कार्यकर्ता, सनातन धर्म, और हिंदू धर्म के लोगों ने मिलकर बढ़-चढ़कर इस चुनाव में अपनी हिस्सा देते हुए बहुमत एक करारा प्रहार और जवाब दिया है, मैं इस जीत के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह को भी धन्यवाद देता हूं। इस जीत के जश्न पर पश्चिमी चंपारण के सभी भाजपा कार्यकर्ता सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल के आवास पर जश्न और खुशी का माहौल मनाया, एक दूसरे को मिठाई खिलाई, जिसमें भाजयुमो के भी तमाम कार्यकर्ता इस जश्न के माहौल में शामिल रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं में रूपक श्रीवास्तव, रवि सिंह, मनोज कुमार, राहुल कुमार, विजय चौधरी, जनक साह, आनन्द सिंह, धनरंजन कुशवाहा, अभिषेक यादव, सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल रहें।

## जिला पदाधिकारी के जनसुनवाई कार्यक्रम में 50 मामलों की हुई सुनवाई

● कई मामलों का मौके पर ही हुआ निपटारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आज जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने एक-एक कर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान 50 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मुद्दे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कई मामलों में जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। जनसुनवाई में उर्मिला देवी, किशुन राम, आशमहम्मद गद्दी, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, विनय राज, भानु प्रताप श्रीवास्तव, नितेश कुमार, एकबाल गुप्ता सहित अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। यह कार्यक्रम सात निश्चय-3 के तहत चलाए जा रहे सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता, रोचना माद्री, अहमद अली, नगमा तबस्सुम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पाकुड़िया में पक्की नालियों की सफाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया में पक्की नालियों की नियमित एवं पूर्ण सफाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में लगभग दर्जनभर पक्की नालियां हैं, जिनकी समुचित सफाई नहीं होने के कारण उनमें दूषित पानी और कचरा जमा हो गया है। नालियों में जमा गंदगी के कारण दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही, इससे बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में जल निकासी के लिए पक्की नालियों का निर्माण तो आवश्यक है, लेकिन उनकी नियमित सफाई भी उतनी ही जरूरी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्षा ऋतु से पहले सभी नालियों की अच्छी तरह सफाई कराई जाए, ताकि जलभराव और संभावित बीमारियों से बचाव किया जा सके।

## 9 मई को लोक अदालतः सरल और त्वरित न्याय का सुनहरा मौका

● बेतिया से उठी पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण में 9 मई को इस वर्ष की दूसरी लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है, जिसे लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस महत्वपूर्ण पहल में विद्वान अधिवक्ताओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और न्यायिक पदाधिकारियों ने मिलकर सराहनीय मेहनत की है, ताकि आम लोगों को न्याय सुलभ और आसान तरीके से मिल सके। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है लोगों को उनके वाद-विवादों का निपटारा एक सरल, सस्ता और सुगम माध्यम से कराना। जहां एक ओर पारंपरिक न्यायालयों में मामलों की लंबी प्रक्रिया और तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता रहता है, वहीं लोक अदालत एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां आपसी सहमति से विवादों का समाधान किया जाता है। इसमें न तो कोई हारता है और न ही कोई जीतता है, बल्कि दोनों पक्ष संतुष्ट होकर समाधान तक पहुंचते हैं। इसी कड़ी में बेतिया व्यवहार न्यायालय परिसर से एक प्रचार रथ को रवाना किया गया, जिसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धीरेंद्र कुमार पांडे सहित कई न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता उपस्थित रहे। यह प्रचार रथ आम जनता को लोक अदालत के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा। आयोजकों ने जनता से अपील की है कि वे 9 मई को आयोजित इस लोक अदालत में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने मामलों का त्वरित व सौहार्दपूर्ण निपटारा कराएं। यह एक ऐसा अवसर है, जहां न्याय न केवल जल्दी मिलता है, बल्कि बिना किसी अतिरिक्त बोझ के सभी के लिए सुलभ होता है।

## आयुष चिकित्सकों ने जिला पदाधिकारी पश्चिमी चंपारण को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बेतिया।** पश्चिमी चंपारण जिला पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 4 मई, सोमवार को जिला समाहरणालय में उपस्थित होकर आयुष चिकित्सकों ने ज्ञापन सौंपते हुए अपनी बातों को रखा, इस दौरान नीमा नॉर्थ बिहार सेक्रेटरी सह मोतिहारी के जिलाध्यक्ष डॉ अब्दुल कबीर ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि जिला पदाधिकारी पश्चिमी चंपारण तरनजोत सिंह को पश्चिमी एवं पूर्वी चंपारण के आयुष (नीमा) चिकित्सकों ने एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी बातों को रखा है और हमारे द्वारा दिए गए ज्ञापन को जिला पदाधिकारी ने देखा व समझा है जहां उन्होंने अस्वस्थ किया है कि आयुष चिकित्सकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार एवं मान सम्मान में जो क्षति पहुंच रही है उसके लिए किसी भी रजिस्टर डॉक्टर चाहे वह होम्योपैथिक ही क्यों ना हो जो बिहार राज्य सरकार के रजिस्टार यहां रजिस्टर्ड होंगे उन पर किसी भी तरह का प्राथमिक की दर्ज नहीं किया जाएगा, कुछ नन्स है उन्हें पूरा करना होगा इसके लिए उन्हें समय दिया जाएगा समय के अवधि में अपने दायित्वों का निर्वहन वह करेंगे, इसके लिए सिविल सर्जन सहित सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को मेरे द्वारा गाइड लाइन भेजे जाएंगे, जिले भर में नोटिस एवं गाइडलाइन को भेजे जाएंगे, किसी भी रजिस्टर डॉक्टर पर इस प्रकार से छापेमारी एवं जांच की जा रही है तो उन कार्यवाही के लिए भेजे गए गाइड लाइन के अनुसार रजिस्टर्ड डॉक्टरो के साथ जांच दल एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी सही तरीके से पेश आए किसी भी प्रकार से इस प्रकार के चिकित्सकों को जो कागजो के संबंध में अपना कागज पूर्ण नहीं किए हैं तो उन कागजों को दिए गए समय के अवधि में ही पूर्ण कराने की बात कही जाएगी उन्के सभी कागजो को सिविल सर्जन कार्यालय में जमा किए जाएंगे , उनके साथ दुर्व्यवहार एवं किसी प्रकार की मान सम्मान की क्षति या प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी, उनके साथ सम्मानजनक पेश आया जाएगा। इस ज्ञापन में आयुष के चिकित्सकों में मोहम्मद शहनवाज, अजहर आलम, सुमित कुमार, अमीर आलम, नौशाद आलम, बी.के. तिवारी, इरशाद अख्तर, मो. सैफुल्लाह, सहित सैकड़ो की संख्या में नीमा चिकित्सक मौजूद रहें।

## बगहा व पश्चिमी चम्पारण के संयुक्त संवाद कार्यक्रम में जय निशांत तय निशांत का नारा मजबूत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** सद्भाव यात्रा के दूसरे दिन 4 मई, सोमवार को वाल्मीकि नगर पश्चात् पश्चिमी चंपारण के बेतिया बापू सभागार भवन में निशांत कुमार, का भव्य स्वागत जदयू कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला, गुच्छे, गांधी स्मृति प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र को भेंट कर किया गया. इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत निशांत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों को जो उनके कार्यकाल 2005 से लेकर 2026 तक बिहार के लिए किया व दिया है एक एक उपलब्धियों को निशांत कुमार ने गिनाया, निशांत कुमार ने अपनी संबोधन की शुरुवात में बताया कि जदयू एक समाजवादी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है मेरी कोशिश रहेगी जमीनी स्तर के कार्यकर्ता के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करू पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के लिए 2005 से लेकर 2026 विकास के लिए वह सबकुछ किए जो बिहार के लिए जरूरी था आज पूरे बिहार में बिजली 23 घंटा रह रही है, बिहार में सड़कों का जाल बिछा है, गांव गांव स्कूल खुले है, लाखों में शिक्षकों की बहाली हुई है, शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है, स्वास्थ के क्षेत्र में बेहतर काम हुआ है, मेडिकल कालेज खुले, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी बेहतर काम हुए है, लाखो युवाओं को रोजगार मिला, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 साल में बिहार में क्या क्या किए है उसको जन जन तक पहुंचाना है बिहार को विकसित बनाना है इसके लिए हम कार्यकर्ताओं से मिल रहे है। संगठन जब मजबूत रहेगा तो सरकार मजबूत रहेगी और जब सरकार मजबूत रहेगी तो जनता मजबूत और महफूज रहेगी। बेतिया के प्रेक्षागृह में निशांत कुमार को सुनने के लिए कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी भीड़ में सिर्फ नारा लग रहा था जय निशांत तय निशांत।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम आवास योजना के नाम पर ठगी रोकने पालिका हुई सक्रिय, कराई मुनादी

**कोंच(जालौन)-** प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर ठगी की बढ़ती आशंकाओं को देखते हुए नगर पालिका परिषद कोंच ने सख्त रुख अपनाया है। हाल के दिनों में सामने आई शिकायतों के बाद पालिका प्रशासन सक्रिय हुआ और पूरे नगर में मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया गया। पालिका ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत लाभार्थियों के चयन और जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। इसके बावजूद कुछ लोग जांच, नाम जोड़ने या किस्त जारी कराने के नाम पर गरीब और जरूरतमंद लोगों से धनराशि मांग रहे हैं। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्णतः निशुल्क है और इसकी धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाती है। ऐसे में किसी भी बिचौलिए की भूमिका नहीं है। पालिका प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि योजना के नाम पर किसी को भी पैसा न दें, केवल अधिकृत कर्मचारियों पर ही भरोसा करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नगर पालिका को दें।

### पुलिस अधीक्षक ने किया जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का संवेदनशील श्रवण



#### दिये त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** सोमवार दिनांक 04.05.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### अन्ना जानवर चट कर रहे मूंग की फसल, किसानों ने एसडीएम से लगाई गुहार




**कोंच(जालौन)-** खेतों में लहलहाती मूंग की फसल पर अन्ना जानवर ग्रहण की लग कर फसलें चौपट कर रहे हैं जिससे किसानों की जान सांसत में है। मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम अटा का है जहां के किसानों ने अपनी फसलों को बचाने के लिए सोमवार को एसडीएम से शिकायत कर समस्या के सामाधन की मांग की है।

किसानों का कहना है कि इस समय मौजे में मूंग की फसल अच्छी स्थिति में खड़ी है, लेकिन आवारा घूम रहे पशु उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोग अपने पालतू पशु जैसे गाय और सांड़ को खुला छोड़ देते हैं। ये पशु दिन-रात खेतों में घुसकर मूंग की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए रात-दिन खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है, फिर भी थोड़ी सी लापरवाही होते ही पशु खेतों में घुसकर फसल चौपट कर देते हैं। किसानों के मुताबिक, उन्होंने इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान और अन्य ग्रामीणों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इससे किसानों में भारी नाराजगी है और उन्हें अपनी पूरी फसल बर्बाद होने का डर सता रहा है। किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि गांव में मुनादी कराकर पशु मालिकों को अपने जानवर बांधने के लिए निर्देशित किया जाए। साथ ही, जो लोग अपने पशुओं को खुला छोड़ते हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में संघर्ष मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन

● सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद में किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। मोर्चा संयोजक संदीप मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और तत्काल समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान संदीप मिश्र ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनता की जेब पर सीधा डाका करार दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट और प्रीपेड मीटर के कारण आम जनता को भारी बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने मांग की कि इन मीटरों को तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन में अन्य मांगों के तहत जनपद के श्रमिकों, रोजगार सेवकों और मनरेगा कर्मियों के लंबित मानदेय और मजदूरी का भुगतान शीघ्र कराने की बात कही गई है। इसके अलावा गेहूं खरीद केंद्रों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

मोर्चा ने हर घर नल योजना को पूरी तरह विफल बताते हुए इसकी सीबीआई जांच कराने और तब तक सभी गांवों में टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति गठित करने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त प्रचंड गर्मी को देखते हुए धधरौल की घाघर कैनाल और नगवां नहर को तत्काल खोलने तथा धधरौल डैम के ऊपर बंद किए गए रास्ते को आम जनता के लिए खोले जाने की मांग भी की गई। प्रदर्शन के दौरान विन्दू खरवार, मुखलाल चेरो, आकाश चौहान, शत्रुधन बिंद, अमन पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## बार संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** बार संघ कोंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उपचुनाव में सोमवार को तहसील परिसर स्थित बार भवन लाइब्रेरी में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें एक मात्र नामांकन आने के चलते रामबाबू निरंजन निर्विरोध वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने लिए गए। यह पद वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरनाम सिंह यादव के आकस्मिक निधन के कारण रिक्त हुआ था। रामबाबू के निर्विरोध चुने जाने पर उनके समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिष्ठान्न वितरित किया।

ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश कुमार मिश्रा एवं सदस्यों संतोष कुमार अग्रवाल, छोटेलाल अग्रवाल, वीरेंद्र लिटौरिया व ओमप्रकाश अग्रवाल प्रथम के दिशा निर्देशन में सोमवार को निर्वाचन अधिकारियों अवधेश कुमार द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, वीरेंद्र जाटव, रामवीर सिंह गुर्जर, महेंद्र निरंजन, नरसिंह गहरवार की देखरेख में सुबह 11:30 बजे से शाम 3 बजे तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चली। निर्धारित समय तक केवल एक अधिवक्ता रामबाबू निरंजन का नामांकन आया। एकल नामांकन होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर, संजीव तिवारी, राकेश तिवारी, योगेंद्र अरूसिया, अनिल वैद, सिद्धांत शिरोमणि सीरौठिया, दीपक मिश्रा, मनोज दूरवार, अरुण कुमार वाजपेयी आदि रहे। गौरतलब है कि 16 मार्च को संपन्न हुए बार संघ कोंच के सामान्य निर्वाचन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सरनाम सिंह यादव ने रामबाबू निरंजन को हराकर जीत दर्ज की थी लेकिन कुछ ही दिनों में सरनाम सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था जिसके चलते वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था।

### रंगदारी व जानलेवा हमले का वांछित अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी निवासी ग्राम सलाहपुर, थाना कोतवाली पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा आरोपित किया गया है कि 22 अप्रैल को रात्रि में घर लौटते समय आरोपीगण द्वारा उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज, मारपीट करते हुए असलहा दिखाकर रुपयों की मांग की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे भयभीत होकर वादी अचेत हो गया। इस संबंध में थाना पट्टी में धारा 126(2)/ 115(2)/ 352/ 351(3)/ 308(5)/110 बीएनएस बनाम 01 नामजद व 01 अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अनीश यादव मय का0 रमारतन मिश्रा, का0 सतीश द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित अभियुक्त मान सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी ग्राम सलाहपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 38 वर्ष को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत पठखौली रोड नहर पुलिया के पास से 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## चोपन नगर पंचायत में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

● योजनाओं को धरातल पर उतारना पहली प्रथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र-** नगर पंचायत चोपन कार्यालय परिसर में सोमवार को राज्यपाल द्वारा मनोनीत सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजन जायसवाल, घनश्याम चौधरी एवं राजेश अग्रहरी ने सभासद पद की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़ रहे, जिन्होंने नवनियुक्त सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें और विकास कार्यों को प्राथमिकता दें। शपथ ग्रहण की औपचारिकता उपजिलाधिकारी कलेक्ट्रेट प्रदीप यादव द्वारा संपन्न कराई गई। उन्होंने सभी नव-नामित सभासदों को उनके दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने की प्रेरणा दी। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी द्वारा मनोनीत किए गए सभासद संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने सभी सभासदों का स्वागत करते हुए कहा कि चोपन नगर पंचायत विकास के पथ पर अग्रसर है और अब नए सदस्यों के जुड़ने से कार्यों में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना ही प्राथमिकता है। कार्यक्रम का संचालन सभासद दिव्य विकास सिंह ने किया।कार्यक्रम में



अधिशाषी अधिकारी अखिलेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय केशरी,ब्लाक प्रमुख मान सिंह गौड़, दिनेश गर्ग, प्रदीप अग्रवाल, अशोक सिंघल, लिपिक अंकित पांडेय, धर्मेंद्र जायसवाल, ओमप्रकाश, मनीष तिवारी, रामकुमार सोनी, अरुण कुमार, हिमांशु प्रियदर्शी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा और उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त सभासदों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## पालिका के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन

● टूटे शेडों के पुनर्निर्माण या क्षतिपूर्ति की मांग

प्रधान डाकघर के सामने अतिक्रमण कार्रवाई पर भड़के व्यापारी

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



नपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका द्वारा प्रधान डाकघर के सामने नाली के ऊपर बने फोल्डिंग लोहे के शेडों को अतिक्रमण अभियान के दौरान हटाए जाने के विरोध में व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए टूटे शेडों का पुनर्निर्माण कराए जाने अथवा प्रभावित व्यापारियों को उचित क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की। व्यापारियों का आरोप है कि विगत दिनों नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रधान डाकघर के सामने बनी दुकानों के बाहर नालियों पर लगाए गए फोल्डिंग लोहे के शेडो को जेसीबी मशीनों से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं।

ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि 23 नवंबर 2024 को नगर पालिका एवं व्यापार मंडलों के बीच हुई बैठक में लिखित सहमति बनी थी, जिसके आधार पर नालियों के ऊपर फोल्डिंग शेड लगाए गए थे, ताकि ग्राहकों और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। बावजूद इसके पालिका द्वारा सहमति के विपरीत कार्रवाई करते हुए शेडों को हटाया गया, जो नियमों के विपरीत है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मांग की कि नगर पालिका द्वारा शहर में निर्मित सभी खुली नालियों को व्यवस्थित रूप से ढका जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में क्षतिग्रस्त किए गए शेडो का पुनर्निर्माण पालिका अपने खर्च पर कराए या संबंधित व्यापारियों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। व्यापार मंडल ने 11 व्यापारियों की शिकायतों के साथ पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन, जिला स्मॉल स्केल इंडस्ट्री अध्यक्ष मुकेश जैन, अशोक जैन अनौरा, नवीन सिंघई, संजीव जैन, आईटी सेल जिलाध्यक्ष अंकित सतभैया, जिनेंद्र पंसारी, सूर्यकांत ओसवाल, वीरेंद्र जैन, सुनील कुमार पंसारी, मुकेश जैन, अंकित जैन, मोहम्मद नईम, जितेंद्र राठौर, गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## युवा संसद में ललितपुर की गार्गी शर्मा का शानदार प्रदर्शन

### यूपी विधानसभा में बजट 2026 पर ओजस्वी भाषण देकर बटोरीं खूब सराहनाएं

**ललितपुर।** जनपद की प्रतिभाशाली छात्रा गार्गी शर्मा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से ललितपुर का नाम रोशन किया। बजट 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दिए गए उनके तार्किक, ओजस्वी और विश्लेषणात्मक भाषण ने सदन में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और अतिथियों को प्रभावित किया। प्रतिष्ठित पं.प्रताप नारायण शर्मा की पौत्री तथा अधिवक्ता मनीष कुमार शर्मा एवं मनीषा शर्मा की सुपुत्री गार्गी शर्मा वर्तमान में बी.ए. एल.एल.बी. तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने युवा संसद के मंच पर युवाओं के दृष्टिकोण से बजट 2026 का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सतीश महाना, गिरीशचंद्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे। गार्गी शर्मा ने अपने संबोधन में हेगेलियन डायलेक्टिक शैली का प्रभावी उपयोग करते हुए बजट के विभिन्न पहलुओं पर बेबाकी और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। अपने भाषण के समापन पर उन्होंने राष्ट्र निर्माण की शुरुआत संपत्तियों से होती है जैसे प्रेरणादायी विचार के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने न केवल उनकी कानूनी समझ, तार्किक क्षमता और वक्तत्व कौशल का परिचय दिया, बल्कि पूरे ललितपुर जिले को भी गौरवान्वित किया। गार्गी शर्मा की इस उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों और जिलेवासियों में खुशी का माहौल है।

## आंधी पानी और आकाशीय बिजली ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की पहुंचाया नुकसान





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** गत रोज गुरुवार की शाम से एकाएक बिगड़े मौसम के चलते कोंच क्षेत्र में आंधी-पानी और आकाशीय बिजली ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को खासा नुकसान पहुंचाया है। अवर अभियंता अमन खान ने एक जानकारी में बताया कि तेज आंधी-पानी और आकाशीय बिजली से ग्राम किशुनपुरा में स्थापित 100 केबीए और तीतरा में 25 केबीए का एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया।

इसके अलावा ग्राम तूमरा में दो पोल, ग्राम इमलौरी में एक पोल, ग्राम कमतरी में एक पोल, भगत सिंह नगर कोंच में लगा एक पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। अवर अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर और पोल क्षतिग्रस्त होने से संबंधित इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है, विभागीय कर्मियों ने फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था कर आपूर्ति बहाल कर दी है और नए ट्रांसफार्मर एवं पोल के लिए डिमांड भेजी गई है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर




**तालबेहट।** कस्बा क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश पुत्र सुदामा प्रसाद (50) निवासी संत जोसफ स्कूल के पास, तालबेहट दूध लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान माताटीला तिराहे के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## सड़क किनारे बिल्डिंग मैटेरियल सामग्री डालने से परेशान हो रहे लोग

● कृषि बीज भंडार प्रभारी और भाकियू अध्यक्ष ने एसडीएम से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कस्बे में मारकंडेश्वर तिराहे से लेकर नदीगांव मेनरोड पर सड़क के दोनों साइड फुटपाथ की खाली जगह पर बिल्डिंग मैटेरियल का सामान फैलाकर अवैध अतिक्रमण किए जाने से बीते लंबे समय से लोगों को आवागमन में समस्या उठानी पड़ रही है और आए दिन सड़क हादसे घटित होते हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली से अतिक्रमणकारियों पर ठोस कार्यवाही न होने से समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। इस रोड पर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार के ठीक बाहर फैलाई गई बिल्डिंग मैटेरियल सामग्री से किसानों को तो परेशानी उठानी ही पड़ रही है, बीज भंडार को बंद करने और खोलने तक में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी एवं भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से अब एक प्रार्थना पत्र एसडीएम को सौंपकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

कृषि बीज भंडार प्रभारी रामप्रकाश सेन एवं भाकियू अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल ने एसडीएम ज्योति सिंह को सौंपे अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि कृषि बीज भंडार के ठीक बाहर हर दिन जानबूझकर बिल्डिंग मैटेरियल सामग्री फैलाकर व्यापार किया जा रहा है जिससे यहां पर आने वाले किसान सड़क किनारे अपने ट्रेक्टर ट्रॉली खड़े नहीं कर पाते हैं और किसानों को भंडार से खाद बीज लेने में कठिनाई उठानी पड़ती है, इतना ही नहीं भंडार को बंद करने एवं खोलने तक में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। भंडार प्रभारी ने बताया कि उन्होंने कई मर्तबा संबंधित व्यापारी से सामग्री हटाने के लिए कहा लेकिन सामग्री हटाने के बजाय वह अशोभनीय कमेंट पास कर गलत बर्ताव करता है। भंडार प्रभारी एवं भाकियू अध्यक्ष ने मामले में एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। गौरतलब हो कि नदीगांव रोड पर सड़क किनारे फैलाई गई बिल्डिंग मैटेरियल सामग्री को हटवाए जाने की कार्यवाही प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति ही की गई जिससे अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद बने हुए हैं और इसका खामियाजा नगर क्षेत्र के लोगों को आवागमन जैसी मूलभूत समस्या के रूप में उठाना पड़ रहा है। अब देखना होगा कि कृषि बीज भंडार प्रभारी और भाकियू अध्यक्ष की शिकायत पर प्रशासन क्या और कब तक ठोस कार्यवाही करता है।

## जिलाधिकारी चर्चित गौड़ का पारंपरिक सम्मान के साथ अभिनंदन, जनहित मुद्दों पर विशेष चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद में सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाधिकारी चर्चित गौड़ से कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए जनपद के विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान संगठन द्वारा जिलाधिकारी को मूल निवासी संस्कृति के प्रतीक स्वरूप तीर-धनुष, पारंपरिक आदिवासी टोपी तथा राम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने जिले के विकास, सामाजिक समरसता और जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। इस मौके पर नागेश्वर प्रसाद गोंड (प्रदेश मंत्री), किरन नन्द गिरी (जिलाध्यक्ष, किन्नर प्रकोष्ठ), पूजा किन्नर (जिला उपाध्यक्ष), बिजेन्द्र कुमार मिश्रा (जिलाध्यक्ष, गौ रक्षा प्रकोष्ठ), भूमि शरण खरवार (जिला महामंत्री), रामसुरत बैगा (जिला संयोजक) सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। युवा



समाजसेवी हिमांशु गुप्ता ने भी चोपन नगर की गोशाला एवं अन्य जटिल समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। बता दे कि हिमांशु और उनके टीम द्वारा स्टेट हाईवे के इर्द गिर्द घूमने वाली आवारा पशुओ को रेडियम युक्त पट्टा लगाकर दुर्घटनाओं से बचने की सराहनीय पहल आज भी क्षेत्रवासियों में एक अच्छे उदाहरण के तौर पर लिया जाता है। इतना ही नहीं समय-समय पर चोपन रेलवे स्टेशन पर गरीब यात्रियों के लिए भोजन भी निःशुल्क कराया जाता रहा है। हिमांशु की छवि क्षेत्र में एक अच्छे ईमानदार समाजसेवी के रूप में जानी जाती है। मुलाकात के अंत में पदाधिकारियों ने विश्व हिंदू महासंघ जिंदाबाद और जय श्री राम के उद्घोष लगाए। वहीं जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जनपद की सेवा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**कोंच(जालौन)-** कस्बे के आजाद नगर क्षेत्र में रविवार देर रात 11 बजे पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पहले मोहल्ले में शुरू हुई कहासुनी बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर सड़क पर मारपीट में बदल गई। जानकारी के अनुसार, एहजाद पुत्र वाहिद निवासी आजाद नगर कोंच और चंदा बेगम पत्नी लल्लू खां निवासी आजाद नगर के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था जिसके चलते मोहल्ले में दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़े के बाद चंदा बेगम अपने परिजनों के साथ उपचार के लिए सीएचसी कोंच जा रही थीं। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे सीएचसी के बाहर पहुंचीं, तभी एहजाद अपने चार-पांच साथियों के साथ पीछे से आ गया और सड़क पर ही फिर से मारपीट शुरू कर दी। इस अचानक हुए हमले से वहां अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान सीएचसी परिसर में पहले से मौजूद कोतवाल ब्रजेश बहादुर ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत हस्तक्षेप किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मारपीट कर रहे दो लोगों को पकड़ लिया, जिससे स्थिति को नियंत्रण में किया जा सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाल ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## युवक पर जानलेवा हमला कर अपमानित करने का आरोप

● जातिसूचक गालियां देकर धारदार हथियार से किया वार

11 नामजद समेत कई पर मुकदमा दर्ज


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक दलित युवक पर जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। चिकन हंडी ढाबा, ग्राम रोड़ा के पास हुए इस विवाद में आरोप है कि दबंगों ने पहले अवैध रूप से पैसों की मांग की, विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और फिर धारदार हथियार, लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने झांसी रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार झांसीपुरा निवासी सानू करौसिया ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई नवनीत अपने साथियों के साथ खाना खाने चिकन हंडी ढाबे पर गया था।

इसी दौरान उत्कर्ष साहू, अमन टिंकू, मोहित, अनीकेत, रवि कुशवाहा, विक्की पंथ, शिवम टिंकू, रुद्र, केशव सैनी, शिवम टिंकू उर्फ मुर्गा, आकाश परिहार समेत 5-6 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने नवनीत के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया तथा लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसके सिर, कमर और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 119(1), 352, 115(2), 351(3) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(व्ही.ए.), 3(2)(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर को सौंपी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## कडेसराकलां में लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

### 200 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण




**ललितपुर।** जनपद के ग्राम कडेसराकलां स्थित एक फार्म हाउस में शनिवार को एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के करीब 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया। यह चिकित्सा शिविर पं. राकेश अगरिया द्वारा उज्ज्वल फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित कराया गया। शुभारंभ जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। शिविर में मौजूद चिकित्सकों डा.स्वाति खरे, डा.रिया अगरिया, डा.अनिल कुमार और डा.शैलेन्द्र अगरिया ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह निशुल्क चिकित्सा शिविर अब प्रत्येक माह के रविवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस दौरान ललित किशोर गंगले, महेश तिवारी, राजू, अरविंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में पं. राकेश अगरिया ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### घाटमपुर के बरीपाल कस्बा में मानक विहीन सीसी रोड का निर्माण, ग्रामीणों ने की शिकायत



**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल कस्बा के अंदर प्रांतीय खंड लोकनिर्माण विभाग कानपुर नगर द्वारा बरीपाल कस्बे के अंदर जहानाबाद मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है, जो कि मानक विहीन किया जा रहा है, जिससे मोहल्ले की जनता ने नाराजगी जताई है, और घाटमपुर संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने शिकायत प्पत्र भी दिया गया है, जो कार्य कराया जा रहा है तो कहीं साढ़े पांच मीटर तो कहीं रोड की चौड़ाई चार मीटर 70 सेमी बनाई गई है, ग्रामीणों की मांग है कि सीसी रोड की जांच कराई जाए, और कहीं नाली बनाई गई है कहीं कहीं नाली न बनानें के कारण लोगों के घरों में गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा पैदा हो रहा है जिससे गंदगी फैली हुई है,घर से बाहर निकलना दुभर हो गया है, ग्रामीणों ने मांग की है कि उपरोक्त सीसी रोड निर्माण कार्य की जांच अन्य विभाग से कराई जाए।

### कानपुर पुलिस का सराहनीय कार्य



**कल्याणपुर पुलिस ने एक घंटे में खोजकर महिला का गुम बैग किया वापस**

**कानपुर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र की चौकी पनकी रोड पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला का गुम हुआ बैग मात्र एक घंटे में खोजकर सकुशल वापस कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 04 मई 2026 को पीड़िता ज्योति सिंह चौहान ने चौकी पनकी रोड पहुंचकर सूचना दी कि उनका बैग किसी अज्ञात रिक्शे में छूट गया है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पनकी रोड ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और पुलिस टीम के साथ खोजबीन शुरू कर दी। लगभग एक घंटे की गहन छानबीन और अथक प्रयास के बाद पुलिस टीम ने पीड़िता का बैग उसमें रखे समस्त सामान सहित बरामद कर लिया। इसके बाद बैग पीड़िता को सुपुर्द कर दिया गया। अपना सामान सुरक्षित वापस मिलने पर पीड़िता ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और उनकी कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। कल्याणपुर पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से आमजन में भरोसा मजबूत हुआ है।

### दिव्यांगजनों हेतु आज ब्लाक कालाकांकर व 6 मई बाबागंज में लगेगा विशेष पंजीकरण शिविर

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों एवं विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन आज मंगलवार को विकास खण्ड कालाकांकर तथा 06 मई को विकास खण्ड बाबागंज के सभागार में किया जाएगा। यह शिविर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक संचालित होंगे। उन्होने बताया है कि इच्छुक दिव्यांगजन आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर शिविर स्थल पर उपस्थित होकर पंजीकरण कराएं। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अधिकतम रूपये 15,000 तक के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर्स, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, स्मार्टफोन, टैबलेट, ब्रेल किट एवं एडीएल किट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक लाभार्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://divyangjanup.upsdc.gov.in के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष तथा अन्य दिव्यांगजनों को तीन वर्ष में एक बार लाभ प्रदान करने का प्रावधान है।

# डरा धमका कर लोगों के प्रपत्रों का फर्जी इस्तेमाल

● फर्म खोल करोड़ों का लेन-देन करने वाले गिरोह का माफिया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** फर्जी फर्म तैयार कर लोगो को डरा धमका कर उनके प्रपत्रों का फर्जी इस्तेमाल कर एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के शातिर अभियुक्त महताब आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस फर्जी फर्म के माध्यम से पुलिस ने 77507283 रुपए लेने-देने पकड़ा है। गिरफ्तारी व घटना के अनावरण के सम्बन्ध में पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि दिनाँक 24.4.2026 को थाना चकेरी कानपुर नगर पर निखिल कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी 83/184 जूही परमपुरवा थाना जूही कानपुर नगर द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से सूचना दी गयी कि वह कम पढा लिखा व मजदूरी करने वाला व्यक्ति है, वादी के दोस्त शिवा द्वारा अपने अन्य साथियो 1. शिवा, 2. आकाश, 3. महफूज आलम उर्फ पप्पू छूरी, 4. महताब के साथ मिलकर वादी के आधार कार्ड, पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल करते उसके नाम से एक फर्जी सिम कार्ड निकलवाकर एवं जीएसटी नम्बर प्राप्त कर रवि इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म बनायी गयी जिसका संचालन अभियुक्तों द्वारा गलत उद्देश्य से किया जा रहा था।

उक्त सूचना के आधार पर थाना चकेरी पर अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था, विवेचना उक्त रवि इंटरप्राइजेज फर्म के एकाउंट से पिछले छः माह में कुल 7,75,07,283 /- (सात करोड़ पचहत्तर लाख सात हजार दो सौ तिरासी रूपये) का लेन देन किया गया है व अन्य साक्ष्य एकत्रित किये जा रहे है। अभियुक्त महताब द्वारा थाना चकेरी के अतिरिक्त जनपद के थाना जाजमऊ में भी वादिनी आरती जोकि बीमार रहती थी, का बीमा अस्पताल जाजमऊ में कार्ड बनवाने का झांसा देकर उसका आधार कार्ड व पैन कार्ड लेकर फर्जी तरीके से धोखा देकर आरती इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म तैयार कर गलत उद्देश्य से संचालन किया जा रहा था।

## आटो में बैठकर सवारियों से टप्पेबाजी करने वाली 3 महिलाएं गिरफ्तार, 15 लाख की ज्वैलरी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना नौबस्ता पुलिस द्वारा ऑटो में सवारी बैठाकर चोरी/टप्पेबाजी करने वाले गिरोह का सफल अनावरण करते हुए 3 महिला अभियुक्ता एवं ऑटो चालक को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से लगभग ?15 लाख मूल्य का चोरी गया माल बरामद किया गया। घटना के अनावरण हेतु 250 सीसीटीवी कैमरों की जांच कर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का पुरुस्कार पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय द्वारा घोषित किया गया।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि एक महिला जो कि कानपुर देहात की रहने वाली है वह एक शादी में शामिल होने के लिए कानपुर आ रही थीं नौबस्ता तक वह अपने प्राइवेट आटो से आई और नौबस्ता से त्रिमूर्ति अपार्टमेंट के लिए एक आटो में बैठी जहां ये तीनों महिलाएं पहले से बैठीं थीं। महिला ने बताया कि पल भर के लिए उन्हें ऐसा लगा कि वह नशे की हालत में हों। फिर जब उन्होंने घर जाकर अपना पर्स देखा तो उसमें से 15 लाख रुपए की ज्वैलरी व नकदी गायब थी। इसकी शिकायत उन्होंने नौबस्ता थाना पुलिस से की पुलिस ने करीब 250 सीसीटीवी कैमरे खंगाले तब कहीं जाकर आटो चालक को पकड़ा। आटो चालक ने बताया कि ये महिलाएं दिन भर के लिए 2000 रुपए में आटो किराए पर लेती थीं। आटो चालक के द्वारा पुलिस इन महिलाओं तक पहुंची। ये टप्पेबाज महिलाएं मूलरुप से महाराष्ट्र की रहने वाली हैं।

### परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाएंगे आज आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेलहा के समीप हिरऊ का पुरवा में श्रीमदभागवत कथा के विश्राम दिवस मंगलवार को श्री सुदामा जी व भगवान कृष्ण के मिलन तथा परीक्षित मोक्ष की कथा होगी। कथाव्यास पं0 धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी दिन में तीन बजे से कथा सुनाएंगे। यह जानकारी संयोजक रामदुलारे यादव ने दी है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आज मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे संगठनात्मक बैठक होगी। यह जानकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र ने दी है।

## लालगंज में अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर पारदर्शिता पर जोर

● प्रत्याशियों को समझायी गयी आदर्श आचार संहिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को चुनाव समिति के द्वारा प्रत्याशियों की बैठक में सोलह बिंदुओं पर आदर्श आचार संहिता की घोषणा हुई। वहीं बैठक में समिति द्वारा प्रत्याशियो से दक्षता भाषण एवं मतदान प्रक्रिया को लेकर सुझाव भी लिए गए। बैठक में समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रत्याशियो को आश्वस्त किया कि मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए जाने के लिए समिति हर आवश्यक बंदोबस्त सुनिश्चित करेगी। उन्होने प्रत्याशियो को बताया कि मतदान व मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जाएगी। उन्होने कहा कि बूथ को छोडकर मतदान कक्ष एवं बाहरी क्षेत्र में सीसी कैमरे की निगरानी भी रखी जाएगी। समिति के अध्यक्ष ने प्रत्याशियो को सोलह बिंदुओं पर आचार संहिता के बाबत जानकारी देते हुए इसके प्रभावी अनुपालन मे सहयोग मांगा। बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने किया। बैठक में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप सिंह, विकास मिश्र, राजेश तिवारी व विजय कुमार तिवारी ने मतगणना एवं मतदान की पारदर्शिता को लेकर सुझाव रखे। वहीं अन्य पदो के उम्मीदवारो ने भी समिति के समक्ष अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने भी प्रत्याशियो को आश्वस्त किया कि चुनावी प्रक्रिया की एल्डर कमेटी द्वारा निगरानी जारी रखी जाएगी। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों में शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, बेनीलाल शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी मौजूद रहे।



### दबाव नहीं, अपने मूल्यों की आवाज़ सुनो- डॉ आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर कानपुर नगर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में सतर्कता विभाग, एनयूपीपीएल के तत्वावधान में 'इंटीग्रिटी क्लब' के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर्सदनीय समूह चर्चा का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था– 'सहपाठी दबाव से मूल्यों का ह्रास हो सकता है। 'कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपने विचार तार्किक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार सहपाठियों का दबाव व्यक्ति को गलत निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर सकता है तथा नैतिक मूल्यों से भटका सकता है। साथ ही, उन्होंने आत्मविश्वास, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय समन्वयक संतोष शिवाजी यादव एवं सुयश श्रीवास्तव (ईई, विजिलेंस) उपस्थित थे। विद्यालय समन्वयक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सही मूल्यों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है और किसी भी प्रकार के नकारात्मक दबाव से बचना चाहिए। वहीं सुयश श्रीवास्तव (ईई, विजिलेंस) ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिकता के महत्व को समझाने के साथ सही निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए ईमानदारी और नैतिकता का पालन करना अनिवार्य है। कार्यक्रम समापन के साथ ही विद्यार्थियों ने मूल्य आधारित जीवन जीने का संकल्प लिया।

### घाटमपुर विधायक ने दो विकास कार्यों का लोकार्पण किया



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सरोज कुरील ने भीतरगांव ब्लाक में दो विकास कार्यों का लोकार्पण किया है,,यह कार्य विधायक निधि योजना 2025/26 के तहत् पूरे किए गए हैं, इनमें पहला काम गांव शाकाहारी में राकेश साहू की दुकान से मिस्त्री के दरवाजे तक इटरलाकिग निर्माण का,इस परियोजना की लागत 11,10 लाख रुपए है,,दूसरा कार्य गांव हरबस पुर में मेन रोड पर सीताराम मेहतर के दरवाजे से गंगा राम के घर तक नाली इटरलाकिग निर्माण कार्य का हैं इसकी लागत 13,70 लाख रुपए बताई गई है, विधायक सरोज कुरील ने बताया कि इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही गांव में जल निकासी भी बेहतर होंगी।

## संदीप यादव हत्या कांड को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले पूर्व विधायक, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय पासवान के अगुवाई में एक प्रतिनिधि मण्डल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन से मुलाकात कर लोटन कोतवाली क्षेत्र में संदीप यादव की हुई निर्मम हत्या, मोहना थाना क्षेत्र जिग्निहवा सगीर की हुई हत्या, अधिवक्ता सुभागी द्विवेदी के पिता के साथ हुए फ्राड, लोटन में यादव परिवार के हत्या के बाद धरना प्रदर्शन के बहाने यादव परिवार व ग्रामवासियों के ऊपर फर्जी मुकदमे सहित अन्य मुद्दों को लेकर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने तथा दोषियों को गिरफ्तार करने को लेकर नेताओं ने शिकायती पत्र सौप कर कार्यवाही कर ने की मांग की। पूर्व विधायक विजय पासवान एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जमील सिद्दकी की अगुवाई में मुलाकात करके कहा की धरने में शामिल लोगों के खिलाफ जो मुकदमा लिखा गया है उसको वापिस लिया जाए

सपा आन्दोलन के लिए बाध्य होगी । जिसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की होगी। समाजवादी पार्टी की महिला नेता शुभांगी द्विवेदी के पिता रमेश द्विवूदी का जनपद के भूमाफियो द्वारा 42 लाख लेकर जमीन नही दिए और धमकी भी दे रहे मुकदमा हुआ लेकिन पीडित परिवार के अनुरूप प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसएसपी से बात कर मुकदमा में साक्ष्य भी उपलब्ध कराया साक्ष्य के अनुरूप दोषियों पर कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया। इस दौरान यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शुभांगी द्विवेदी, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान, जय प्रकाश यादव, आमिर शेख, रवि पासवान, मोहन यादव, शिव कुमार गौतम, चन्दाहास यादव, अल्ताफ़ रहमान सद्दाम खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## खेलो इंडिया से मिलेगी प्रतिभा को नई उड़ान, मकसूदाबाद का मल्टीपर्पज हॉल में अंतिम चरण

● डीएम ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कल्याणपुर विकासखंड के ग्राम मकसूदाबाद में खेलो इंडिया योजना के तहत बन रहा मल्टीपर्पज हॉल अंतिम चरण में पहुंच गया है। करीब 90 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है और शेष फिनिशिंग व विद्युतीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। हॉल शुरू होते ही बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसी आधुनिक खेल सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अलग-अलग स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस परियोजना को 30 सितंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। परिसर में मल्टीपर्पज हॉल का मुख्य ढांचा, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इंटरलॉकिंग, ड्रेनेज व्यवस्था और बाहरी विकास कार्य भी पूरे कर लिए गए हैं, जबकि आंतरिक फिनिशिंग, विद्युत कार्य और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि शेष कार्यों को तय समयसीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और हॉल को पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार किया जाए। निरीक्षण के दौरान युवा कल्याण अधिकारी आरती जायसवाल भी मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि मल्टीपर्पज हॉल शुरू होने के बाद खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर समेकित खेल सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के अवसर बढ़ेंगे। इससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को ठोस आधार मिलेगा और उभरती प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर मंच मिलेगा।

### बाबा धाम में मासूम के सकुशल मिलने पर पुलिस की सक्रियता की हुई सराहना

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में जल चढ़ाने आये दंपत्ति के तीन वर्षीय मासूम के अचानक लापता होने पर हडकंप मच गया। हालांकि चौकी पर तैनात पुलिस टीम ने मासूम को भीड़ में खोजकर दंपत्ति के हवाले करने में सफलता ली। पुलिस की तत्परता को लेकर बाबा धाम में सराहना भी हुई दिखी। लालगंज थाना के लालगंज निवासी राजू व उसकी पत्नी अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ दर्शन करने पहुंचे। भीड़ में अचानक मासूम माता पिता से बिछड़ गया। दम्पती का रोना बिलखना देख धाम में तैनात आरक्षी नरेश शर्मा और प्रिंस देवानंद वहां पहुंचे। आरक्षियों ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही देर में मासूम को भीड़ में सकुशल खोजकर उसके माता पिता के हवाले कर दिया। बेटे के सकुशल मिलने पर दम्पती ने राहत की सांस महसूस की। वहीं पुलिस की सक्रियता की दम्पती के साथ जुटे श्रद्धालुओं ने भी सराहना हुई दिखी।

## यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिनांक 2.05.2026 से दिनांक 3.05.2026 तक एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 774 मॉडिफाइड साइलेंसर वाहनों का चालान किया गया। पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध कार्रवाई के अलावा ट्रकों एवं भारी वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न पर नियंत्रण के लिए चैकिंग की गई। निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगी नीली/लाल बत्ती एवं हूटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। नियम विरुद्ध पाए गए वाहनों का मौके पर चालान किया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं मॉडिफाइड उपकरणों से शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें।



## कानपुर में पीडीए संदेश यात्रा का भव्य स्वागत, अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने दिया विस्तृत संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर द्वारा 3 मई को कैंट विधानसभा क्षेत्र के सुजातगंज में आयोजित पीडीए संदेश यात्रा को स्थानीय लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। यात्रा के दौरान क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद का स्थानीय नागरिकों द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर अखिलेश यादव ज़िंदाबाद' और समाजवादी पार्टी के समर्थन में गूंजते नारों ने माहौल को पूरी तरह जोशीला बना दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि पीडीए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं बल्कि समाज के वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्गों के अधिकारों की आवाज़ है। उन्होंने बताया कि समाज के इन वर्गों को एकजुट कर उन्हें सम्मान, समान अवसर और न्याय दिलाना ही समाजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। ऐसे में पीडीए एक सशक्त विकल्प बनकर उभर रहा है, जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संकल्प रखता है। प्रमुख लोगों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष शादाब आलम, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष दीपक खोटे बाल्मिकी रजत मिश्रा सुधांशु मिश्रा मुस्तफा फारूकी आदि लोग मौजूद रहे।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बंगाल और आसाम की जीत पर बांटी मिठाईयां

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com

**तालबेहट।** पांच राज्यों के हुए विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की बंपर जीत पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे जलाकर मिष्ठान वितरण किया। सोमवार की शाम माताटीला स्टेशन रोड तिराहे पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर बीजेपी नेता राजू चौबे ने कहा कि अब पश्चिम बंगाल में राम राज्य की स्थापना होगी। वहीं ब्लाक प्रमुख विजय सिंह ने इसे कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और उनके समर्पण की जीत बताया। इस दौरान वरिष्ठ नेता मुकेश बबेले, ललित अगरिया, दिलीप चौबे, अकरम, समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**तालबेहट।** विकासखंड के ग्राम नत्थीखेड़ा में कोटेदार पर राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। मामले में ग्रामीण ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नत्थी खेड़ा निवासी पहलवान सिंह पुत्र कोमल सिंह ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव की राशन दुकान संचालक द्वारा ग्रामीणों से राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने के लिए प्रति यूनिट एक हजार रुपये की मांग की जा रही है। आरोप है कि पैसे लेने के बावजूद यूनिट जोड़ने की प्रक्रिया लंबित रखी जा रही है। पीड़ित ने यह भी दावा किया है कि अवैध वसूली का वीडियो रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है। उसने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के अध्यक्ष अजय गुप्ता के अगुवाई में पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर एक दूसरे को लडडू खिला कर खुशी का इजहार करते हुए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में बिस्कोहर स्थित भाजपा कार्यालय से बस स्टॉप चौराहे तक विजय जुलूस निकालकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया। इस दौरान पटाखे फोड़कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया।

इस अवसर पर सभासद नृपेंद्र सिंह, राजू कसौधन, सूर्यमणि चौधरी, विद्यासागर गुप्ता ,मुकेश पाठक, कुद्दूर पांडेय, जसवंत सिंह, मनीराम प्रजापति, राम नरेश पासवान, दद्दन यादव, राजा त्रिपाठी, अनूप पांडेय, विमल सिंह, लालू नाईक, शिवपति उपाध्याय, रोहित कसौधन,रामसूरत शर्मा मोनू गुप्ता, मनोज यादव, रवि सिंह,अटल प्रजापति,कन्हैया वरूण, पुललु बाबा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## पश्चिम बंगाल असम एवं पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय

● भाजपा कार्यालय पर ढोल नगाड़े के साथ जमकर मना जश्न कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर दी जीत की बधाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय ने देश की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। ताजा परिणामों के अनुसार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए सत्ता के समीकरण बदल दिए हैं, वहीं असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। पांडुचेरी में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसमें भारतीय जनता पार्टी प्रमुख सहयोगी के रूप में शामिल है, ने स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़त बनाते हुए पुनः सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कहा कि यह विजय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा संगठन की मजबूत जमीनी पकड़ का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है।सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि इन परिणामों के उपरांत पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह और उल्लास का वातावरण व्याप्त है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस विजय को जनसेवा के संकल्प के रूप में लेता है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई वितरित कर जीत का जश्न मनाया जा रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी जनता का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को इसी प्रकार मिलता रहेगा और पार्टी राष्ट्र निर्माण के कार्यों में और अधिक गति से आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, पूर्व विधायक धीरज ओझा,पूर्व ज़िलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला महामंत्री राजेश सिंह, राजन मिश्र एवं अजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्र, अनुराग मिश्र, अजय सिंह, एवं राम आसरे पाल, जिला मंत्री रुचि केसरवानी, मुदित सिंह, सूर्य प्रकाश पटेल, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी,अशोक मिश्र, विजय मिश्र, कृपा शंकर गिरी, दीपेश, आशीष त्रिपाठी, यशोदा उपाध्याय, ओम प्रकाश पांडेय, मंजीत, आलोक, बृजेश यादव, नीरज, मो सोहराब, गजराज, अशोक, रचना, अंजू पांडे, नेहा गुप्ता, खुशबू, मीना तिवारी, दुर्गेश, विशाल, अभय सिंह,अंशुमान सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### डेढ़ महीने में आग से 18 मौतों के बाद हरकत में सरकार, दिल्ली में जनता के लिए चलेगा जागरूकता अभियान




**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान की शुरुआत के डेढ माह के अंदर 18 लोगों की आग की घटनाओं में जल कर मौत हो जाने ने उन सभी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा हो गया है जिनके कारण आग भयंकर रूप धारण कर ले रही है। इसमें एक कारण आग के प्रति लोगों में जागरुकता की कमी भी माना जा रहा है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार लोगों को आग के प्रति जागरुक करने के लिए दिल्ली भर में उन लोगों के लिए जागरूकता अभियान शुरू करेगी। योजना के अनुसार इस अभियान में सभी 13 जिला के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग, दिल्ली नगर निगम सहित सभी स्थानीय निकायों और संबंधित एजेंसी को शामिल किया जाएगा। दिल्ली के गृह व ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा है कि यह अभियान जल्दी शुरू होगा, इसके साथ ही उन्होंने अग्निशमन विभाग को अपग्रेड करने के लिए काम जारी होने की भी बात कही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आग से बचाव के तरीकों के प्रति सचेत करना और आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए जागरुक करना है। मंत्री सूद ने कहा है कि आग की घटनाओं में अक्सर देखा गया है कि जागरूकता की कमी के कारण नुकसान अधिक होता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली का हर नागरिक यह जाने कि आग लगने पर सबसे पहले क्या करना है और इससे कैसे बचा जा सकता है। आग लगने की घटनाओं को कैसे कम किया जा सकता है, इसके बारे में भी उन्हें जागरुक किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से बिजली के उपकरणों के सही इस्तेमाल और शार्ट सर्किट से बचाव की जानकारी भी दी जाएगी।

### दिल्ली में डीटीसी बस ने ली बुजुर्ग रिक्शा चालक की जान, सामान लोड करते समय रस्सी टूटने से हुआ हादसा

दुर्घटना/हादसा

**दिल्ली।** गोविंदपुरी थाना क्षेत्र स्थित ओखला एस्टेट मार्ग पर सोमवार को डीटीसी बस की चपेट में आने से बुजुर्ग रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय बृजेश के रूप में हुई है, जो क्षेत्र में फुटपाथों पर रहते हुए रिक्शा चलाकर गुजारा करते थे। सूचना पर क्राइम व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**200 मीटर तक घिसटता रहा शव**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना दोपहर लगभग तीन बजे की है। सड़क किनारे बृजेश रिक्शे पर सामान लोड करके उसे बांध रहे थे। रस्सी टूटने से वे सड़क पर जा गिरे। उसी समय तुगलकाबाद एक्सटेंशन की ओर से आ रही 440 नंबर की डीटीसी बस (डीएल 51ईवाई 9650) का अगला बायां पहिया उन पर चढ़ गया। पहिए के नीचे आने के बाद लगभग दो मीटर तक शव घिसटता रहा। मौके पर भीड़ जुट गई। ट्रैफिक कर्मियों ने वाहनों को रोक कर पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस मृतक के स्वजन को सूचित कर दिया है।

# जहाजों को निशाना बनाया तो तबाह कर देंगे तुम्हारी मिसाइल और स्पीडबोट

**● अमेरिका की ईरान को चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव एक बार फिर गहरा गया है। अमेरिका ने ईरान को जहाजों पर हमला करने के खिलाफ सख्त हिदायत दी है, जबकि ईरान द्वारा अमेरिकी युद्धपोत पर मिसाइल हमले के दावों को अमेरिकी अधिकारियों ने पूरी तरह से नकार दिया है। एक्सियोस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के खिलाफ कोई भी कदम उठाया, तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी सेना ने चेतावनी दी है कि ईरान द्वारा लॉन्च की गई किसी भी मिसाइल या स्पीडबोट को तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा।

**अमेरिकी-जायोनी युद्धपोत को खदेड़ा**

दूसरी ओर, ईरान ने दावा किया है कि उसने सोमवार को एक अमेरिकी युद्धपोत को होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने से रोक दिया और उसे वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। ईरानी नौसेना के अनुसार, उन्होंने त्वरित और निर्णायक चेतावनी जारी करके अमेरिकी-जायोनी युद्धपोतों को इस संवेदनशील क्षेत्र में घुसने से रोका।

**मिसाइल हमले की खबर पर अमेरिका का इनकार**

स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब ईरान की अर्ध-आधिकारिक न्यूज़ एजेंसी फारस ने दावा किया कि ईरानी चेतावनियों को नजरअंदाज करने के बाद, जस्क द्वीप के पास एक अमेरिकी युद्धपोत पर दो मिसाइलें दागी गईं। यह क्षेत्र जलडमरूमध्य के दक्षिणी प्रवेश द्वार पर स्थित है, जहां ईरानी नौसेना का एक प्रमुख बेस है। हालांकि, एक्सियोस के पत्रकार बराक राविद के अनुसार, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने मिसाइल हमले की इस रिपोर्ट का तुरंत और कड़ाई से खंडन किया है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी अमेरिकी युद्धपोत पर मिसाइल से हमला नहीं हुआ है।

## तालाब में नहाने गए 4 बच्चों में से 3 की डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** गर्मी में नहाने के लिए तालाब में कूदे चार बच्चे गहराई का अनुमान नहीं लगा सके। इनमें तीन बच्चों की डूबकर मृत्यु हो गई, जबकि आठ वर्षीय देव मौत को मात देकर बाहर निकल आया। उसके शोर करने पर ग्रामीण तालाब में उतरे मगर, देर हो चुकी थी। रविवार शाम की इस घटना ने तीन परिवारों को गहरा आघात दे दिया। मीरगंज के तिलमास गांव स्थित तालाब में राजू कश्यप मछली पालन करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शाम 4: 30 बजे चरण सिंह यादव का 10 वर्षीय बेटा त्रिवेंद्र और आठ वर्षीय देव, जियालाल का नौ वर्षीय बेटा आयुष और सुरेंद्र पाल गंगवार का आठ वर्ष का बेटा अंश तालाब किनारे खेल रहा था। गर्मी होने के कारण चारों बच्चे नहाने के लिए तालाब में उतर गए। उस समय आसपास कोई ग्रामीण नहीं था, जो उन्हें रोकता। लंबी छलांग लगाने से त्रिवेंद्र, आयुष व अंश गहरे पानी में उतरा, जबकि देव ज्यादा अंदर नहीं पहुंच सका था।कुछ क्षण बाद त्रिवेंद्र, आयुष और अंश डूबने लगा। देव को भी गोते लगे मगर, वह बाहर निकलने में सफल रहा। उसने तालाब किनारे खड़े होकर शोर कर दिया कि तीन साथी पानी में डूब गए हैं। उसकी आवाज सुनकर राजू मदद को दौड़े। उन्होंने कुछ अन्य ग्रामीणों को भी बुलाया। वे सभी लोग तालाब में कूद गए। कुछ देर बाद आयुष व अंश के शव मिले। त्रिवेंद्र की सांस चलती देखकर स्वजन अस्पताल लेकर दौड़े मगर, चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। देर शाम मीरगंज थाना पुलिस गांव पहुंची। उसने बच्चों का पोस्टमार्टम कराने का कहा मगर, स्वजन तैयार नहीं हो रहे थे। पुलिस के अनुसार, तीनों मृतकों के स्वजन को समझाया जा रहा ताकि पोस्टमार्टम करा सकें। तीनों के परिवार खेती कर भरण पोषण करते हैं। पानी से बाहर निकले देव का भी चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। उसकी हालत ठीक है। चारों बच्चे तैरना जानते थे मगर, तालाब की गहराई का अनुमान नहीं था।

## पारदी गैंग के छह बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, तीन को लगी गोली

दक्षिण दिल्ली पुलिस के वाहन चोरी निरोधक दस्ते ने मध्य प्रदेश के कुख्यात पारदी गैंग के छह सदस्यों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। चिराग दिल्ली के पास जहांपनाह फॉरेस्ट में हुई इस गोलीबारी में गिरोह के तीन बदमाश घायल हो गए, जिन्हें एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। यह गैंग हाल ही में मालवीय नगर में एक व्यापारी के घर हुई लाखों की चोरी और जेवर लूट की वारदात में शामिल था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पारदी गैंग के सदस्य जहांपनाह फॉरेस्ट इलाके में छिपे हुए हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके को घेर लिया। जब पुलिस ने बदमाशों को आत्मसमर्पण करने को कहा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें गिरोह के तीन सदस्य घायल हो गए। पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है। यह पारदी गैंग कुछ दिन पहले मालवीय नगर में एक व्यापारी के घर में घुसकर लाखों रुपये नकद और कीमती जेवर लूटने की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था।

## हथियार के बल पर ज्वेलर से लाखों की लूट

**● आभूषण और कैश लेकर फरार हुए बदमाश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

क्राइम

**दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में शनिवार देर रात एक ज्वेलर को हथियार के बल पर लूट लिया गया। बदमाशों ने स्कूटी सवार ज्वेलर को रोककर मोबाइल फोन, स्कूटी और उसमें रखे लाखों रुपये व सोने के आभूषण लेट लिए और फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गुरु राम दास नगर, लक्ष्मी नगर निवासी सुकुमार धारा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंडावली स्थित अपनी ज्वेलर्स की दुकान बंद कर रात करीब 10:30 बजे स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मधुबन रोड पर अमूल डेयरी के पास अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे मोबाइल फोन और स्कूटी छीन ली। पीड़ित के अनुसार, स्कूटी की डिग्गी में करीब 75 ग्राम सोने के आभूषण और तीन लाख रुपये नकद रखे थे, उन्हें भी आरोपी लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रीत विहार थाना पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

**CCTV खंगाल रही पुलिस, कई एंगल पर जांच**

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। साथ ही इलाके में सक्रिय बदमाशों के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

### इंजीनियर रशीद की जमानत शर्तों में बदलाव की अर्जी पर दिल्ली हाई कोर्ट ने NIA से मांगा जवाब




**नई दिल्ली।** अंतरिम जमानत की शर्तों में संशोधन की मांग वाली आतंकी फंडिंग मालमे में आरोपित व सांसद इंजीनियर रशीद की अर्जी पर दिल्ली हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। रशीद ने अर्जी दायर कर कहा है कि पूर्व आदेश में अदालत ने उन्हें श्रीनगर में रहने का आदेश दिया है, जबकि उनके पिता का स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया है। ऐसे में उन्हें शर्तों में बदलाव कर उन्हें दिल्ली में रहने की अनुमति दी जाए। याचिका पर अदालत ने एनआइए को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## '3 इडियट्स' के सीक्वल में विक्की कौशल की एंट्री

**● आमिर खान की फिल्म में चौथे इडियट बनेंगे एक्टर?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** '3 इडियट्स' के सीक्वल बनने वाले अपडेट के बाद अब एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्की कौशल इस फिल्म में चौथे इडियट के रोल में नजर आ सकते हैं।

**विक्की कौशल बनेंगे चौथे इडियट**

विक्की कौशल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए बातचीत के एडवांस स्टेज पर हैं। यह हाल के समय की सबसे बड़ी कास्टिंग डेवलपमेंट में से एक बनने जा रहा है। पिंकविला के मुताबिक, एक्टर को एक अहम किरदार निभाने के लिए कंसीडर किया जा रहा है - 'चौथे इडियट' का किरदार - जो आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी की मशहूर तिकड़ी में शामिल होंगे। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बन रही यह फिल्म अभी लिखने के स्टेज में है; हिरानी और उनके पुराने साथी अभिजात जोशी इसकी पटकथा पर काम कर रहे हैं। टीम पटकथा लिखने में पूरा समय ले रही है ताकि यह '3 इडियट्स' की विरासत के मुताबिक हो। उम्मीद है कि इसका दूसरा भाग 2027 के दूसरे हिस्से में फ्लोर पर जाएगा।

**विक्की ने हिरानी के साथ किया इन फिल्मों में काम**

विकी, जिन्होंने पहले हिरानी के साथ 'संजू' और 'डंकी' में काम किया है, को यह स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका किरदार आमिर खान और बाकी लोगों की मूल तिकड़ी के साथ मिलकर एक भावनात्मक और नया नरेटिव सामने लाएगा। कौशल, आमिर खान के साथ स्क्रीन शेयर करने और ऐसी फ्रैंचाइजी में योगदान देने के लिए बहुत उत्सुक हैं, जिसकी यादें लोगों के मन में आज भी ताजा हैं'।

**विक्की का वर्कफ्रंट**

इस दुनिया में कदम रखने से पहले विक्की कौशल 'महावतार' के लिए अपनी कमिटमेंट्स पूरी करेंगे। जैसा कि पहले बताया गया था, इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है और इसके लिए एक लंबे शूटिंग शेड्यूल की जरूरत होगी।

**क्या होगी फिल्म की कहानी?**

इस बीच, आमिर खान ने हाल ही में '4 इडियट्स' के बनने की बात कन्फर्म की और संकेत दिया कि इसकी कहानी में 10 साल का लीप होगा, यानी कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां '3 इडियट्स' खत्म हुई थी। इस टाइम जंप से उम्मीद है कि दर्शकों के पसंदीदा किरदारों की बदली हुई जिंदगी देखने को मिलेगी और साथ ही नए टकराव भी सामने आएंगे।

## MI vs LSG मैच से पहले सचिन तेंदुलकर का बड़ा दिल

**●लखनऊ के खिलाड़ियों का बनाया दिन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल 2026 के 47वें मैच से पहले फैंस का दिल जीत लिया है। आज मुंबई का सामना लखनऊ से होना है और इस मैच से ठीक पहले सचिन तेंदुलकर ने प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों के लिए अपने घर के दरवाजे खोले। लखनऊ के खिलाड़ियों को मास्टर ब्लास्टर ने अपने घर दावत पर बुलाया, जिसकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है।

**सचिन तेंदुलकर ने LSG के खिलाड़ियों को दी डिनर पार्टी**

दरअसल, सोशल मीडिया पर डिनर की तस्वीरें वायरल हो रही है, जो कि आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले MI vs LSG मुकाबले से पहले की है। सचिन तेंदुलकर ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को डिनर पर आमंत्रित किया। इस खास दावत की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई हैं। तस्वीरों में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और आवेश खान जैसे स्टार्स को देखा जा रहा हैं। इस दौरान मोहसिन खान ने सचिन को 'क्रिकेट का भगवान' कहा। लखनऊ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस मुलाकात की एक बेहद भावुक तस्वीर शेयर की। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का आभार जताते हुए कैप्शन में लिखा, 'क्रिकेट के भगवान के साथ एक शाम। धन्य महसूस कर रहा हूं! '। इसके साथ ही उन्होंने सचिन के बेटे और लखनऊ सुपर जायंट्स के सदस्य अर्जुन तेंदुलकर को इस शानदार मेजबानी के लिए शुक्रिया कहा।

**MI vs LSG का आज IPL मैच**

पांच बार की चैंपियन एमआई के लिए ये सीजन किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। टीम प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो गई है। कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म ने टीम की मुश्किलें बढ़ाई हैं। एमआई की टीम प्वाइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर है। दूसरी तरफ, ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ की टीम भी लगातार हार के बाद अंक तालिका में आखिरी पायदान खिसक गई है।

## बाइक सवार युवकों ने लगाए देश विरोधी नारे

**● जिसका विरोध करने पर मारपीट हुई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** कैंट के सदर बाजार में बाइक सवार युवकों ने देश विरोधी नारे लगाए। पास में ही खड़े एक युवक ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपितों ने मारपीट की और धमकी दी। नारे लगाने की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में पुलिस ने युवक के शिकायती पत्र पर दो लोगों को नामजद करते हुए कई अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार अब तक करीब 14 लोगों की पहचान की जा चुकी है। कैंट के सदर बाजार निवासी विकास ने पुलिस को बताया कि, रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे वह सदर बाजार स्थित साईं कंप्यूटर सेंटर पर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मदारी की पुलिया की तरफ से चार बाइकों से कई अज्ञात युवक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जा रहे थे। सभी के पास क्रिकेट बैग थे क्योंकि वह क्रिकेट खेलकर आ रहे थे। आरोप है कि जब उन्होंने यह नारे लगाने से रोका तो आरोपितों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इन आरोपितों में इमरान और कासिफ उनका नेतृत्व कर रहे थे। पुलिस ने जब घटना के सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें स्पष्ट सुनाई दे रहा था कि बाइक सवार युवक नारा लगा रहे थे कि हमारा नेता कैसा हो...। कासिफ भाई जैसा हो...। इसके बाद पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पुलिस ने प्राथमिकी लिखने के बाद नामजद आरोपित कासिफ के यहां दबिश दी तो वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फरार आरोपितों की तलाश में टीम लगी हुई हैं। कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर का कहना है कि किसी भी आरोपित को छोड़ा नहीं जाएगा। सभी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। फरार सभी आरोपितों की तलाश में टीम लगी हुई हैं।

### दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने झालमुड़ी और रसगुल्ले के साथ मनाया बीजेपी की जीत का जश्न

**नई दिल्ली।** हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की शानदार सफलता की गूंज अब दिल्ली सचिवालय के गलियारों में भी सुनाई दे रही है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में पार्टी की ऐतिहासिक जीत से उत्साहित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अपने सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ एक खास उत्सव मनाया। इस दौरान सचिवालय में 'झालमुड़ी' और 'रसगुल्ला' पार्टी का आयोजन किया गया, जो पूरी तरह से बंगाल के चुनावी स्वाद और जीत के रंग में रंगा नजर आया। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में अपने सहयोगियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की और जीत की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत महज एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति की शुरुआत है। जश्न के लिए विशेष रूप से बंगाल के प्रसिद्ध 'रसगुल्ले' और 'झालमुड़ी' को चुना गया, जो जीत की मिठास और कार्यकर्ताओं के उत्साह के तीखेपन का प्रतीक बने।

## धेमाजी जिले के तीनों चुनावी क्षेत्रो में भाजपा उम्मीदवारों की शानदार जीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**असम धेमाजी।** 2026 के असम विधानसभा चुनाव के नतीजे आज घोषणा की गई। धेमाजी जिले की धेमाजी , सीसीबर गांव और जोनाई तीनों चुनावी क्षेत्रो में भाजपा गठबंधन समर्थित एन डी ए समर्थित उम्मीदवार ने शानदार जीत हासिल किया। शाम के 4बजे तक चुनाव आयोग ने घोषणा किए नाजिजे अनुसार 78 नंबर एस टी धेमाजी विधानसभा चुनावी क्षेत्रो में एन डी ए समर्थित भाजपा दल के उम्मीदवार डॉ रनोज पेगू ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी शैलेन सोनोवाल से 32229 वोट से जीत हासिल किया। डॉ पेगू को कुल 83649 वोट मिले, शैलेन सोनोवाल को 51420 वोट मिले। वही जिले में डिलिमिटेशनं के बाद गठन हुए 79 नंबर मुक्त सीसीबरगांव चुनावी क्षेत्रो में भाजपा गठबंधन ए एन डी ए समर्थित उम्मीदवार जीवन गोगोई ने अपने करीबी विपक्ष एक्य राइजर दल के उम्मीदवार दुलाल बोरूवा से 40593 वोट से जीत हासिल किया। जीवन गोगोई को कुल 75758 वोट मिले। करीबी प्रतिद्वंदी दुलाल बोरूवा को 35165 वोट मिले। निर्दलीय उम्मीदवार नंदीगिरी भुइयां को 26890, निर्दलीय उम्मीदवार प्रांजल बरा को 2512, निर्दलीय उम्मीदवार रंजीत रय को 2209, निर्दलीय उम्मीदवार लंकेश्वर दास को 1184, ओर निर्दलीय उम्मीदवार हरेन चांगमाई को 735 वोट मिले। चुनावी क्षेत्रो में 1038 नोटा वोट डाले। वही 80 नंबर जोनाई विधानसभा चुनावी क्षेत्रो में पूर्व विधायक भुवन पेगू ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी कांग्रेस के उम्मीदवार राजू मेदक से 80124 वोट से जीत हासिल किया। भुवन पेगू को कुल 128940 वोट मिले, कांग्रेस के उम्मीदवार राजू मेदक को कुल 48816 वोट मिले। चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा कार्यकर्ता ने शिलापथार नगर के बिज में और विधायक भुवन पेगू के घर में आनंद किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित असम के संकल्प को पूरा करने के लिए लोगों ने इस तरह वोट डालकर भाजपा दल को जीत दिलाने का बात की।

# दिल्ली से लखनऊ आ रही उड़ान भोपाल डायवर्ट

**● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक-केशव प्रसाद मौये थे विमान में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दिल्ली में खराब मौसम के चलते रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक 15 विमानों को लखनऊ डायवर्ट किया गया। इसी बीच दिल्ली से लखनऊ आ रहे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य की फ्लाइट भी लैंड नहीं हो सकी। विमान को भोपाल डायवर्ट कर दिया गया। मौसम सामान्य होने पर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हो सके। मौसम में बदलाव के चलते अमौसी एयरपोर्ट पर बीती रात से लेकर सोमवार सुबह तक विमानों का जमावड़ा हो गया। करीब डेढ़ दर्जन विमानों को डायवर्ट कर लखनऊ में उतारा गया। इतना ही नहीं दिल्ली से भोपाल जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6476 से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक लखनऊ आ रहे थे। यह विमान सुबह 7:16 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हुआ। विमान जब लखनऊ पहुंचा तो खराब मौसम के चलते लैंड नहीं कर सका। पायलट ने लैंडिंग के लिए तीन बार प्रयास किए, लेकिन उसकी कोशिशें सफल नहीं हुईं। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी से अनुमति मिलने पर विमान को भोपाल डायवर्ट कर दिया गया। करीब 2:26 घंटे की देरी से सुबह 10:26 बजे भोपाल एयरपोर्ट लैंड हुआ। सूत्रों के अनुसार मौसम सामान्य होने के बाद विमान को वापस लखनऊ लाया गया। दोपहर करीब 12:30 बजे विमान दोनों मुख्यमंत्रियों को लेकर लखनऊ में लैंड हुआ।

**तीन अंतरराष्ट्रीय, 12 घरेलू विमान लखनऊ में उतरे**

दिल्ली में खराब मौसम और कम दृश्यता के चलते तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित 15 विमान लखनऊ डायवर्ट किए गए। काठमांडू से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की एआई-212, मस्कट से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स-164 व फुकेट से जाने वाली इंडिगो की 6ई-1082 लखनऊ डायवर्ट की गई। जबकि घरेलू उड़ानों में औरंगाबाद से जाने वाली इंडिगो की 6ई-6257, मुंबई से जाने वाली एयर इंडिया की एआई-2986, कोयंबटूर से जाने वाली इंडिगो की 6ई-2409, गुवाहाटी से जाने वाली आईएक्स-1042, हैदराबाद से जाने वाली एसजी-902 व 6ई-6025, जयपुर से जाने वाली इंडिगो की 6ई-663, 6ई-2376 व 6ई-101 एवं एयर इंडिया की एआई-895, बंगलुरु से जाने वाली इंडिगो 6ई-839 लखनऊ डायवर्ट की गई।

**लखनऊ आने वाले विमान हवा में काटते रहे चक्कर**

इसके अतिरिक्त खराब मौसम के चलते दिल्ली, हैदराबाद व चंडीगढ़ से लखनऊ आने वाली उड़ानों को भी लैंडिंग में दुविधाएं हुई। विमानों में हवा में कई चक्कर काटने पड़े। मौसम ठीक होने पर लैंडिंग हुई। इंडिगो एयरलाइंस का दिल्ली से लखनऊ आने वाली 6ई-6476 को भोपाल डायवर्ट कर दिया गया, लेकिन हैदराबाद से लखनऊ आने वाली 6ई-179 व चंडीगढ़ से आने वाली 6ई-146 को हवा में कई चक्कर काटने पड़े, जिसके बाद लैंडिंग हो सकी।

**ईस्ट एप्रन तैयार, रात में भी हाल्ट कर सकेंगे विमान**

लखनऊ एयरपोर्ट पर ईस्ट एप्रन बनाया गया है। इस एप्रन के बन जाने से विमानों की पार्किंग आसान हो गई है। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि इसकी उपलब्धता के कारण ही नियमित ट्रैफिक को प्रभावित किए बगैर 15 अतिरिक्त विमानों को पार्किंग और अन्य तकनीकी सुविधाएं प्रदान की जा सकी। इसके अलावा ईस्ट एप्रन बन जाने से विमानों को रात में भी हाल्ट करवाया जा सकेगा। इससे एयरपोर्ट की क्षमता में वृद्धि हुई है।